* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

16 मई, 2023
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 205

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

पाकिस्तान में इमरान की रिहाई के खिलाफ प्रदर्शन, सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हजारों पीडीएम मेंबर्स



CELEBRATING 25 YEARS OF TRUST

GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

Ranked No. 1 Institute of Eastern India (By India Today Survey)

Willing to be a DOCTOR?



बिहार के छात्रों एवं अभिभावकों के बीच सर्वाधिक लोकप्रिय एवं विश्वसनीय संस्थान

Congratulations....to all the Students Passed in 10th & 12th Board
Best wishes for future journey...

Many reasons why GOAL is the first choice of many students
- Known as the result factory.
- 100% Authentic Result (Not even a single fake result published in last 25 years).
- 25 Years of Trust.
- Best Result Ratio (Most of the state toppers are from Goal in last many consecutive years).
- Goal Education Village (Unique and Ideal campus, exclusively designed for competitive preparation).
- The Institute which conduct maximum number of tests in India.
- Self Study Supported Care system which enables students to take maximum advantage of Class study.
- GOAL offers courses according to need of students.
- Preparation of Board and Competition simultaneously for 10th to 11th moving students.
- No. 1 Institute of Eastern India according to Leading Magazine of the country (India Today).

Let's Start the competitive Journey with No 1 Institute in Result Ratio

Most of the NEET 2022 TOPPERS of JHARKHAND in all Categories are from GOAL Institute




Now students will become toppers under Mentorship of NEET TOPPERS Studying at AIIMS, Delhi

Toppersclubs*




WEBINAR on "How to be Topper in Medical / NEET". Scan & get free entry to join webinar. Key Speakers : NEET All India Toppers & Jharkhand Toppers

Congratulations Champ — GOAL-JEE

Once a GTSE Toppper, Now the Topper of JEE Main 2023
GULSHAN KUMAR
JEE Main State Rank - 1
All India Rank - 37
Percentile Scored -100

Now it is Easier to Get Result in JEE (MAIN & ADVANCED)
25 Years Result Oriented Legacy of GOAL comes with
GOAL-JEE ...Caring the Career of Engineering Aspirants
A Dedicated Wing of GOAL for Engineering

ADMISSION IS GOING ON

Start Early with GOAL's Result Oriented Courses

| | | |
|---|---|---|
| FOUNDATION PROGRAM for Engineering & Medical 2025 (for 10th Passed/Appeared) | FRESHERS PROGRAM for Engineering & Medical 2024 (for 11th Passed/Appeared) | ACHIEVER PROGRAM for Medical 2024 (Entrance Test on Every Sunday) (for 12th Passed/Appeared) |
| TARGET PROGRAM for Engineering & Medical 2024 (for 12th Passed/Appeared) | TEST & DISCUSSION PROGRAM for Engineering / Medical 2023 (for 12th Passed/Appeared) Starts from July | PRE-FOUNDATION PROGRAM for Class 9th & 10th Studying Students |

GOAL Village Education — Modern Gurukul
The maximum result producing campus in India with 85% success rate
A milestone in the field of Coaching Institute for the students of Eastern India
First Preparatory Institute of Eastern India spread over 14 Acres of land with all the essential amenities to provide the best education under one campus.




GOAL Village Entrance Test (GVET) : 21st May, SUNDAY

For Session 2023-24 & 23-25 Scholarship Test EVERYDAY | UPTO 100% SCHOLARSHIP | 40% Additional Silver Jubilee Celebrations Rebate in fee Till 30th May | 16000+ Doctors/Medicos & Engineers. | 1.5 Lakh+ Satisfied Guardians | • FACILITIES • LIBRARY HOSTEL TRANSPORT SEPARATE BATCH FOR BOYS & GIRLS

CORPORATE BRANCHES
RANCHI (LALPUR) : 504, 5th Floor, R.S. Tower, Near Pantaloons, Lalpur, Ranchi | RANCHI (HINOO) : 302, 303, 3rd Floor, Indira Palace, Main Road, Hinoo, Ranchi
DHANBAD (office & Classroom) : GOAL Empire, Memko More, Dhaiya, Dhanbad, Mob. : 9334098595, 9308057050

OTHER GOAL CORPORATE BRANCHES
DELHI : 7564900045, PATNA : 9334594165 / 66 / 67, BHILAI : 07884013502, 09826943595, RAIPUR : 07714060711, 07415884100

* Disclaimer : GOAL does not claim the result of ToppersClub students. They are the students from different places and successful in NEET. They are connected with GOAL to help the students by their best mentorship.

7564900041/ 7564900042 / 7564900043
www.goalinstitute.org
live.goalinstitute.org
Follow us on

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 79,000 रु./ प्रति किलो |



# यूपी को पूरी तरह साध लिया है योगी आदित्यनाथ ने

## ■ नगर निकाय चुनाव परिणाम ने फिर साबित किया भाजपा का प्रभुत्व

## ■ योगी का नेतृत्व और धर्मपाल सिंह की रणनीति ने जमा दिया रंग

आजाद सिपाही विशेष

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के परिणाम के शोर में देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में नगर निकाय चुनाव के परिणाम की गूंज हालांकि सुनायी नहीं दी, लेकिन इस चुनाव परिणाम ने एक बार फिर साबित कर दिया कि देश के राजनीतिक क्षितिज पर भाजपा का सूर्य अभी पूरी तरह चमक रहा है। यूपी नगर निकाय चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के असरदार प्रचार और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की ठोस रणनीति से अब शहर-शहर में भाजपा की सरकार बन गयी है। इस नगर निकाय चुनाव के लिए सीएम योगी ने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में करीब 55 रैलियां कीं। इसका असर यह हुआ कि राज्य के सभी नगर निगमों के महापौर अब भाजपा के हैं और अधिकतर नगर निकायों में भाजपा की सरकार है। इस प्रकार अब यूपी में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बन गयी है। नगर निकाय चुनाव में इस शानदार कामयाबी का श्रेय यदि किसी को जाता है, तो वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं, जिन्होंने पूरे प्रचार अभियान की जिम्मेदारी अकेले संभाल रखी थी। इसके उलट सपा, बसपा और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सभाएं बहुत कम रहीं। योगी ने जहां चुनावी रैलियों की हाफ सेंचुरी लगायी, वहीं विपक्षी नेता गिने-चुने जिलों में ही पहुंचे। संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की रणनीति इतनी मारक रही कि विपक्ष को हिलने का भी मौका नहीं मिला। इसलिए भाजपा की इस सफलता को योगी-धर्मपाल की जोड़ी की सफलता कही जा रही है। पीएम मोदी ने भी इसी अंदाज में योगी आदित्यनाथ और धर्मपाल सिंह को बधाई भी दी। उन्होंने लिखा कि यह जीत योगी जी के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहे अभूतपूर्व विकास पर मुहर है। पीएम मोदी के साथ ही गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी यूपी के भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई देते हुए योगी की मेहनत को सराहा है। यूपी के निकाय चुनाव परिणाम देश की राजनीति पर दूरगामी असर डालेंगे और इस चुनाव ने योगी के कद को और बड़ा कर दिया है। यूपी के नगर निकाय चुनाव परिणाम का राजनीतिक विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में नगर निकाय चुनाव के परिणाम जिस दिन घोषित हुए, उस दिन दक्षिणी राज्य कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के परिणाम भी आ रहे थे। इसलिए यूपी के चुनाव परिणामों का शोर अपेक्षाकृत कम रहा, लेकिन यह एक हकीकत है कि इस चुनाव परिणाम ने एक बार फिर साबित किया है कि हिंदी पट्टी के राज्यों में अब भी भाजपा लगभग अपराजेय स्थिति में है। यूपी के नगर निकाय चुनाव में भाजपा ने सभी 17 नगर निगमों के पदों पर जीत हासिल कर एकतरफा महापौर का चुनाव जीता है। प्रदेश के 75 जिलों में 760 नगर निकायों के लिए दो चरणों में वोटिंग हुई थी। इनमें 17 नगर निगम, 199 नगर पालिका और 544 नगर पंचायत हैं। नगर पालिका में 199 सीटों में से 94 सीटें भाजपा और उसके सहयोगियों के दलों के खाते में गयी हैं। सपा ने 39, कांग्रेस ने चार, बसपा ने 16 और अन्य ने 46 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं नगर पंचायत सीटों की बात करें, तो भाजपा ने 196, सपा ने 91, कांग्रेस ने 14, बसपा ने 38 और अन्य ने 205 सीटों पर जीत दर्ज की है।

निकाय चुनाव में भाजपा की प्रतिष्ठा सबसे अधिक दांव पर लगी थी, क्योंकि शहरी इलाके हमेशा से भाजपा के गढ़ रहे हैं। पिछली बार भाजपा ने मेयर चुनाव में बेहतर प्रदर्शन किया था, लेकिन नगर पालिका और नगर पंचायत में पिछड़ गयी थी। इस बार के चुनाव में भाजपा ने मेयर से लेकर नगर पालिका और पंचायत अध्यक्ष सीटों पर भी जीत का परचम फहराया है।

### समीकरण भाजपा के पक्ष

निकाय चुनाव में अहम भूमिका सवर्ण मतदाताओं की रही। शहरी क्षेत्र में ब्राह्मण, वैश्य, कायस्थ, पंजाबी मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं, जिसके चलते भाजपा का सवर्णों को मैदान में उतारने का दांव पूरी तरह सफल रहा। मेयर के लिए भाजपा ने पांच ब्राह्मण, चार वैश्य प्रत्याशी उतार कर शहरी सीटों के समीकरण को पूरी तरह से अपने पक्ष में कर लिया। सवर्ण वोटर भाजपा का कोर वोटर है, जिसके चलते पार्टी ने एकतरफा जीत हासिल की है।

### शहरों में भाजपा का प्रदर्शन बेहतर रहा

शहरी इलाकों में भाजपा का प्रदर्शन हमेशा से बेहतर रहा है। भाजपा 2017 से पहले जब सत्ता से बाहर थी, तब भी निकाय चुनाव में शानदार प्रदर्शन करती रही है। भाजपा का राजनीतिक जनाधार शहरी इलाकों में हमेशा से रहा है, जिसके दम पर वह निकाय चुनाव में जीत दर्ज करती रही है। मौजूदा समय में भाजपा सत्ता में रही है, जिसका सियासी फायदा भी उसे मिला है। पिछली बार 16 मेयर में 14 मेयर पदों पर जीत दर्ज की थी और इस बार क्लीन स्वीप कर गयी।



### प्रत्याशियों का चयन बेहतर रहा

भाजपा ने नगर निकाय चुनाव की तैयारी 2022 के विधानसभा चुनाव नतीजे आने के बाद ही शुरू कर दी थी। उसने अपने मंत्रियों और विधायकों के परिवार के सदस्यों को टिकट न देकर पार्टी के कार्यकर्ताओं को चुनावी मैदान में उतारा। इसके अलावा नगर निगम और नगर पालिक के लिए जिन सीटों पर मौजूदा मेयर और अध्यक्ष के खिलाफ माहौल नजर आ रहा था, उनका टिकट काट दिया। भाजपा की अपनी आधे से ज्यादा मौजूदा मेयर की जगह नये और युवा चेहरे को उतार कर सत्ता विरोधी लहर से निपटने की रणनीति काम आयी। यह योजना पूरी तरह से संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की थी, जिन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिल कर बखूबी अंजाम तक पहुंचाया।

### योगी टीम का उतरना सफल रहा

नगर निकाय चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक सहित सभी मंत्री पूरे दमखम के साथ जुटे थे। सीएम योगी ने ताबड़तोड़ जनसभाएं कीं। उन्होंने 75 में से आधे से ज्यादा जिलों में चुनावी रैलियां कीं। इसके अलावा दोनों डिप्टी सीएम, सभी मंत्री, विधायक, सांसद भी चुनावी रण में जुटे रहे। भाजपा ने विधानसभा और लोकसभा की तरह निकाय चुनाव लड़ा, जिसका उसे सियासी फायदा मिला। अखिलेश यादव ने कुछ चुनिंदा सीटों पर ही जाकर प्रचार किया, जबकि मायावती और प्रियंका गांधी नजर नहीं आयीं।

### पसमांदा दांव आया काम

भाजपा ने नगर निकाय चुनाव में पहली बार 350 मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में उतारे और उसमें 90 फीसदी पसमांदा मुस्लिम थे। नगर निगम में पार्षद उम्मीदवार, नगर पालिका की छह अध्यक्ष और सभासद सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी दिये। इसी तरह नगर पंचायत में अध्यक्ष पद की 38 सीट पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारे।

### आधी आबादी पर भाजपा का फोकस

भाजपा ने आधी आबादी यानी महिला वोटरों पर फोकस बढ़ाया था, क्योंकि निकाय चुनाव में 37 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। इसके लिए पार्टी ने महिला मोर्चा को काफी पहले से काम के लिए जमीन पर उतार रखा था। भाजपा ने महिलाओं के लिए 'सहभोज' का आयोजन किया। इस सहभोज में मुस्लिम और दलित महिलाओं को खास तौर कर बुलाया गया था। इस सहभोज की परिकल्पना भी धर्मपाल सिंह ने की थी और इसका बड़ा असर हुआ।

### सपा ने फिर दोहरायी 2022 की गलती

नगर निकाय चुनाव में सपा ने फिर 2022 वाली गलती दोहरायी, जिसका चुनावी फायदा सीधा भाजपा को मिला। सपा ने कई ऐसे प्रत्याशियों को मैदान में उतारा, जो न समीकरण में कहीं फिट बैठ रहे थे और न ही उनका कोई सियासी आधार था। शाहजहांपुर में सपा ने जिसे टिकट दिया, वह भाजपा में शामिल होकर चुनावी मैदान में उतर गयी। बरेली में सपा ने अपने प्रत्याशी से नामांकन दाखिल होने के बाद पर्चा उठवा कर निर्दलीय को समर्थन दिया। रायबरेली नगर पालिका सीट पर बगावत का खामियाजा सपा को भुगतना पड़ा, तो पश्चिमी यूपी में सपा रालोद के साथ तालमेल बना कर नहीं रख सकी।

### कांग्रेस अपने गढ़ से बाहर बेहाल

कांग्रेस को नगर निकाय चुनाव में करारी मात खानी पड़ी है, लेकिन अपने गढ़ को बचाये रखने में सफल रही है। रायबरेली की नगर पालिका और अमेठी की जायस सीट कांग्रेस की झोली में गयी। ऐसे ही अमेठी की मुसाफिरखाना सीट पर भी निर्दलीय को समर्थन कर उसने जीत दर्ज की। इसके अलावा मुरादाबाद मेयर सीट पर जरूर बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन बाकी जगह पर कोई खास असर नहीं रहा। कांग्रेस के दिग्गज नेता भी चुनाव प्रचार से दूर रहे, जिसके चलते पार्टी का कोर वोट बैंक दूसरे दलों में शिफ्ट हो गया। इसका भाजपा को फायदा मिला।

### योगी का कद बढ़ा गया परिणाम

नगर निकाय चुनाव का परिणाम योगी आदित्यनाथ का कद बढ़ा गया। इसमें कोई संदेह नहीं है कि हिंदी पट्टी में योगी आदित्यनाथ बहुत प्रभावशाली नेता बन गये है। यूपी में ट्रिपल इंजन की सरकार का असर अब क्षेत्रीय और राष्ट्रीय राजनीति के फलक पर पड़ेगा, जिसमें योगी आदित्यनाथ की भूमिका हर दिन बढ़ती चली जायेगी। कुल मिला कर यूपी के नगर निकाय चुनाव ने योगी आदित्यनाथ को भाजपा का एक मजबूत चेहरा बना दिया है।

---

# पूर्वी भारत के शिक्षा जगत में अद्वितीय स्थान रखता है भुवनेश्वर का एएसबीएम विश्वविद्यालय

**एएसबीएम विश्वविद्यालय स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट डिग्री के लिए अग्रणी उद्योग-मांग वाले अभिनव कार्यक्रमों की पेशकश करता है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एएसबीएम विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर अत्याधुनिक कार्यक्रमों वाला एक न्यूजेन विश्वविद्यालय है। इसकी स्थापना एक प्रसिद्ध प्रबंधन गुरु और आइआइएम लखनऊ और इंदौर के पूर्व प्रोफेसर और भारतीय रिजर्व बैंक के आइआइबीएम (भारतीय बैंक प्रबंधन संस्थान), गुवाहाटी के पूर्व निदेशक प्रोफेसर विश्वजीत पटनायक ने की है।




ओड़िशा सरकार द्वारा एएसबीएम विश्वविद्यालय, ओड़िशा अधिनियम 2019 के तहत भुवनेश्वर में विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी है। 2006 में स्थापित विश्वविद्यालय एशियन स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की तर्ज पर चलता है और अब भारत में यह एक अद्वितीय स्थान रखता है। देश में एकमात्र प्रबंधन विश्वविद्यालय के रूप में अपने पांच कार्यात्मक स्कूलों के तहत प्रबंधन, प्रौद्योगिकी, लिबरल आर्ट, लेखा और कानून पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

यहां स्कूल ऑफ बिजनेस, स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स, स्कूल ऑफ अकाउंटेंसी, स्कूल ऑफ लॉ और स्कूल ऑफ इनफॉर्मेशन सिस्टम संचालित हैं। यह लिबरल आर्ट्स के लिए एक पूर्ण विद्यालय स्थापित करनेवाला पूर्वी भारत का पहला विश्वविद्यालय है।

एएसबीएम विश्वविद्यालय पूर्वी भारत का पहला विश्वविद्यालय है, जिसे एक्रिडिटेशन काउंसिल फॉर बिजनेस स्कूल्स एंड प्रोग्राम्स (एसीबीएसपी), यूएसए द्वारा मान्यता प्राप्त है, जो एएसबीएमयू छात्रों को एसीबीएसपी के तहत दुनिया के 15 सौ से अधिक प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में उच्च अध्ययन के अवसर प्रदान करता है। एएसबीएम विश्वविद्यालय नयी शिक्षा नीति 2020 के तहत चार साल के डिग्री प्रोग्राम की पेशकश करने वाले पहले विश्वविद्यालयों में से एक है। यहां कौशल विकास और मूल्य आधारित पाठ्यक्रम एक संयुक्त प्रतिष्ठा और एकाधिक के साथ अनुसंधान डिग्री के लिए अग्रणी प्रवेश और निकास की सुविधा है। ऐसी डिग्रीवाले छात्र पीएचडी के लिए मास्टर डिग्री के बिना सीधे कार्यक्रम में पंजीकरण करा सकते हैं। चार साल के इस प्रोग्राम से छात्रों को विदेश में पढ़ाई करने में भी मदद मिलेगी। एएसबीएम विश्वविद्यालय स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट डिग्री के लिए अग्रणी उद्योग-मांग वाले अभिनव कार्यक्रमों की पेशकश करता है और एप्लाइड रिसर्च और परामर्श में लगे हुए हैं। इसकी कुछ अनूठी उपलब्धियां भी हैं।

---

## झारखंड में आज से 19 मई तक बारिश का अनुमान

**रांची।** झारखंड का मौसम बदल सकता है। इससे गर्मी से राहत मिल सकती है। रांची मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 16 मई से 19 मई तक झारखंड सहित आसपास के राज्यों में बारिश होने की संभावना है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

उन्होंने बताया कि उत्तर-पश्चिम उत्तरप्रदेश से पश्चिम बंगाल की ओर बढ़ते ट्रफ के कारण झारखंड, बिहार, उत्तरप्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में बारिश होने के आसार हैं। इस समय गोड्डा का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर है। डाल्टेनगंज सर्वाधिक गर्म शहरों की सूची में शामिल है।

---

# भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक सरला बिरला स्कूल सभागार में आज

## सांगठनिक विस्तार सहित महासंपर्क अभियान पर होगी चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में पार्टी की एक दिवसीय कार्यसमिति बैठक, महिलौंग सरला बिरला स्कूल परिसर स्थित सभागार में मंगलवार को आयोजित होगी। यह जानकारी भाजपा प्रदेश महामंत्री, मुख्यालय प्रभारी एवं महासंपर्क अभियान के संयोजक डॉ प्रदीप वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, नेता विधायक दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री



नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का सांगठनिक विस्तार सहित आगामी महासंपर्क अभियान के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि इस बैठक में मार्गदर्शन करने के लिए महासंपर्क अभियान केंद्रीय टोली की सदस्या पूर्व सांसद एवं पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री सरोज पांडेय भी आ रही हैं। डॉ वर्मा ने बताया कि उद्घाटन सत्र 10.30बजे पूर्वाह्न आयोजित है और समारोप अपराह्न 4 बजे होगा। प्रतिनिधियों के पंजीकरण 9 बजे पूर्वाह्न से प्रारंभ होंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, कोर कमेटी सदस्य, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य, सभी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं महामंत्री, प्रकोष्ठ, विभाग के संयोजक, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, महासंपर्क अभियान के लिए प्रदेश टोली के सदस्य, जिला में गठित महासंपर्क अभियान के संयोजक, सह संयोजक अनिवार्य रूप से शामिल होंगे।

---

# सेल्फी लेने के दौरान डैम में डूबने से दो छात्रों की मौत

**गोताखोरों की मदद से शव को डैम से बाहर निकलवाया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया थानांतर्गत जिलिंगगोड़ा डैम में दो छात्र नहाने गये थे। इस दौरान झरने के पास सेल्फी लेने के क्रम में दोनों छात्रों की डूबने से मौत हो गयी। मृतक छात्रों में वर्मामाइंस के लक्ष्मी नगर निवासी शोभित सिंह (17) और उलीडीह थानांतर्गत डिमना रोड के न्यू सुभाष कॉलोनी निवासी सृजन कुमार (16) शामिल हैं। दोनों छात्र जमशेदपुर स्थित मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में इंटर के छात्र थे। गम्हरिया पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को डैम से बाहर निकलवाया।

इधर, घटना की सूचना पाकर छात्रों के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। मृत छात्र शोभित के परिजनों ने बताया कि वह प्रातः करीब छह बजे अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने जाने की बात कह कर घर से निकला था। उसके बाद सात बजे उसके डूबने की सूचना मिली।

जानकारी के अनुसार, शोभित अपने छह दोस्तों के साथ डैम में नहाने गया था। नहाने के दौरान झरने की सेल्फी लेने के क्रम में वह गहरे पानी में चला गया। उसके साथियों द्वारा उसे बचाने का प्रयास किया गया, पर वे उसे नहीं बचा पाये। इसी क्रम में सृजन भी गहरे पानी में चला गया, जिससे वह भी डूब गया।

www.epaper.azadsipahi.in

16 मई, 2023
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 205

म्यांमार में तबाही के बाद कमजोर हुआ मोचा तूफान, भारत के पूर्वी राज्यों में बारिश की संभावना











## विधायकों से बात कर लौटे पर्यवेक्षक

# कर्नाटक में सीएम के नाम का एलान आज

**कांग्रेस अध्यक्ष को सौंपी गयी विस्तृत रिपोर्ट**

**सिद्धारमैया दिल्ली पहुंचे, डीके के भी जाने की चर्चा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु/नयी दिल्ली।** कर्नाटक में कांग्रेस ने सरकार गठन की कवायद शुरू कर दी है। कर्नाटक का मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका एलान मंगलवार को किया जा सकता है। बेंगलुरु में कांग्रेस ऑब्जर्वर्स सुशील कुमार शिंदे, दीपक बावरिया और भंवर जितेंद्र सिंह ने रविवार देर रात तक विधायकों से बातचीत की। इसके बाद ऑब्जर्वर्स दिल्ली चले गये। उन्होंने अपनी रिपोर्ट कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंप दी है। इस रिपोर्ट पर पार्टी नेतृत्व मंथन कर मुख्यमंत्री के नाम का एलान करेगा। सूत्रों के मुताबिक सिद्धरमैया का मुख्यमंत्री बनना तय माना जा रहा है, वहीं डीके शिवकुमार उपमुख्यमंत्री बन सकते हैं।

बेंगलुरु में ऑब्जर्वर्स ने होटल शांगरी-ला में विधायक दल की बैठक के दौरान विधायकों से चार-पांच घंटे तक बातचीत की। इस दौरान डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया मौजूद थे। सिद्धारमैया ने प्रस्ताव रखा कि मुख्यमंत्री का चुनाव खड़गे ही करें। डीके समेत बाकी विधायकों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। विधायक दल की बैठक के दौरान होटल के बाहर डीके और सिद्धारमैया के समर्थकों ने नारेबाजी की। कांग्रेस नेता बीके हरि प्रसाद ने सोमवार को बताया कि मीटिंग में राय जानने के लिए सीक्रेट बैलट वोटिंग भी हुई। कांग्रेस नेता अजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस हाइकमान कोई भी फैसला लेने से पहले सभी को भरोसे में लेगा और सबकी राय से फैसला करेगा।

इस बीच सिद्धारमैया दिल्ली पहुंच गये हैं। वह सोनिया गांधी और राहुल गांधी से मिलेंगे। इस बीच डीके शिवकुमार के भी दिल्ली जाने की चर्चा है। उन्होंने कहा कि आज मेरा जन्मदिन है। कार्यकर्ता घर पर मिलने आ रहे हैं। पूजा-पाठ भी है। अभी दिल्ली जाने पर कोई फैसला नहीं किया है। हाइकमान पर फैसला छोड़ दिया है। मुझे जो काम सौंपा गया था, वह मैंने पूरा कर दिया है। मुझे नहीं पता, जन्मदिन पर हाइकमान मुझे क्या तोहफा देगा। कर्नाटक के लोग पहले ही हमें नंबर्स दे चुके हैं।

# पलामू में पंचायत ने आदिवासी युवती का सिर मुंडा कर गांव में घुमाया, 4 हिरासत में

## मारपीट भी की गयी, सदमे और दहशत के कारण युवती अस्पताल में

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** पलामू जिला में एक हृदय विदारक घटना हुई है। इसने मानवता को शर्मसार कर दिया है। एक आदिवासी युवती का सिर मुंड़वा कर उसे गांव में घुमाया गया। इस दौरान उसके साथ मारपीट भी की गयी। हाय-तौबा मचने पर पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। युवती सदमें में है। मारपीट में उसे काफी चोट लगी है। उसको इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि उसके साथ जो कुछ भी हुआ है, उससे युवती दहशत में है और कुछ बोलने की स्थिति में नहीं है।

### शादी के दिन हुई गायब, लौट गयी थी बारात

दरअसल, पिछले दिनों लड़की की शादी होनी थी। लेकिन, गांव का ही एक शादीशुदा व्यक्ति उसे उठा कर ले गया और गांव में कहीं छिपा दिया। उस दिन बारात लौट गयी। दूल्हा पक्ष के लोगों ने खुद को बेहद अपमानित महसूस किया।

### पंचायत ने सुनाया दंड का फरमान

पाटन थाना क्षेत्र के जागोडीह गांव की युवती जब रविवार को सामने आयी, तो गांव में पंचायत बैठी। पंचायत ने युवती के बाल कटवा कर उसको गांव में घुमाने का फरमान सुना दिया। ऐसा ही हुआ। अपने साथ हुए इस व्यवहार के बाद से लड़की गायब थी। तीन थाना की पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। सोमवार सुबह पाटन और तरहसी थाना के सीमावर्ती इलाके से उसे बरामद किया गया।

### पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा

पुलिस ने आदिवासी युवती को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि जिस व्यक्ति ने युवती को शादी से ऐन पहले वहां से गायब कर दिया था, उसने पहले से ही दो शादी कर रखी है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस आदिवासी युवती को उसने शादी से ऐन पहले क्यों भगाया और उसे कहां छिपा कर रखा था।



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को नयी दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की और उन्हें कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत पर बधाई दी। इस दौरान उनसे वर्तमान एवं भविष्य के राजनीतिक परिदृश्यों पर भी चर्चा हुई।

## इमरान की रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के सामने प्रदर्शन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में राजनीतिक हल चल तेज है। पूर्व प्रधानमंत्री इमराम खान की गरिफ्तारी के बाद उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआइ) ने विरोध प्रदर्शन किया था। अब इमरान को छोड़ने के बाद उनके विरोधी खिलाफत में सड़क पर उतर आये हैं। इमरान खान को रिहाई देने पर सुप्रीम कोर्ट के सामने पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) में शामिल पार्टियां धरना दे रही हैं। बड़ी तादाद में कार्यकर्ता मौजूद हैं। अगुआई जमीयत-ए-उलेमा-इस्लाम फजल के नेता मौलाना फजल-उर-रहमान कर रहे हैं। उनके साथ पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज की वाइस प्रेसिडेंट मरियम नवाज भी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार इमरान खान को छोड़ने के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने सुप्रीम कोर्ट को घेर लिया। जज को पिछले दरवाजे से बाहर निकलना पड़ा।

# जेल के अंदर आइएएस छवि रंजन से मिला प्रेम प्रकाश

**50 मिनट तक दोनों में हुई बातचीत, इडी ने की सीसीटीवी फुटेज जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमीन घोटाले के आरोपी निलंबित आइएएस छवि रंजन से जेल के अंदर करीब 50 मिनट तक पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश मिला और बातचीत की। इससे संबंधित फुटेज सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने जब्त कर लिया है। बताते चलें कि रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने इडी के सामने प्रेम प्रकाश को पहचानने से इंकार कर दिया था। आइएएस अधिकारी से जब यह पूछा गया कि उन्होंने क्या प्रेम प्रकाश से रिश्वत के एक करोड़ रुपये लिए थे, तो छवि रंजन का जवाब था कि वह प्रेम प्रकाश को जानते तक नहीं हैं। गौरतलब है कि छवि रंजन को 5 मई को बिरसा मुंडा जेल भेजा गया था। पहले से वहां जेल में बंद प्रेम प्रकाश को शाम 7 बजे सेल से निकाला जाता है। वह चेहरा छुपाते हुए (कपड़ा से ढका हुआ) वीआइपी सेल की ओर चला जाता है, जहां छवि रंजन बंद थे। वहां प्रेम प्रकाश करीब 50 मिनट तक रहता है। इस सीसीटीवी फुटेज को जब्त कर लिया गया है। समाचार लिखे जाने तक 6 मई की फुटेज को इडी की टीम खंगाल रही है। छवि रंजन को 7 मई को रिमांड पर लिया गया था। यानि उस वक्त दो रात छवि रंजन जेल में थे। इडी के अधिकारी सोमवार को न्यायालय से जेल के सीसीटीवी फुटेज जब्त करने की इजाजत मांगी थी, जिसकी मंजूरी मिल गयी है। जेल मैनुअल के अनुसार सेल के अंदर जाने के बाद किसी भी कैदी का एक-दूसरे से मिलने पर पाबंदी है।






## ऋत्विक कंपनी के जीएम शरद कुमार की हत्या के आरोपियों ने पुलिस को बताया

# दूसरे जीएम भास्कर सिंह के कहने पर कोयला का ट्रांसपोर्टेशन रोका



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में ऋत्विक कंपनी के जीएम शरद कुमार की हत्या और चट्टी-बरियातू खदान से कोयला ट्रांसपोर्टिंग रोकने के आरोप में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने पूछताछ में बताया है कि उन्होंने कंपनी के दूसरे जीएम भास्कर सिंह के कहने पर कोयला ट्रांसपोर्टिंग का काम रोका था। शरद कुमार की पिछले सप्ताह बड़कागांव में हत्या कर दी गयी थी। घटना के समय शरद कुमार जिस गाड़ी पर सवार थे, वह भास्कर सिंह की थी। इस सूचना के बाद पुलिस ने भास्कर सिंह से भी पूछताछ की है। एसपी मनोज रतन चौथे ने सोमवार को बताया कि केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत चट्टी-बरियातू कोयला खदान में सफेद रंग की एसयूवी पर सवार अज्ञात लोगों ने आठ मई को ट्रांसपोर्टेशन में लगी कंपनी की गाड़ियों को धमकी दी थी। इसके कारण ट्रांसपोर्टेशन का काम रोक दिया गया था। इस बाबत केरेडारी थाने में 10 मई को संख्या 116 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद एसपी द्वारा बड़कागांव के एसडीपीओ अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने पिछले कुछ दिनों के दौरान इस तरह की घटनाओं का खुलासा किया। इसी क्रम में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनके नाम रामचंद्र सोनी उर्फ रामा सोनी, विवेक कुमार सोनी, संजय राणा, आदित्य सोनी, मोहम्मद शहजाद और मोहम्मद शमशेर आलम हैं। इनके द्वारा दिये गये बयान के आधार पर जांच चल रही है।




आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# मुख्यमंत्री ने अमर वीर शहीद चानकू महतो को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हूल विद्रोह के महान क्रांतिवीर अमर वीर शहीद चानकु महतो की शहादत दिवस पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर शहीद चानकु महतो ने अंग्रेजों के शोषण और अत्याचार के खिलाफ गांव-गांव घूमकर युवाओं को जागरूक और एकजुट कर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंका था। उन्होंने अपने अदम्य साहस और नेतृत्व क्षमता से अंग्रेजों की जड़ें हिला दी थीं। उन्हें शत-शत नमन। झारखंड के वीर शहीद अमर रहें!

# नेता प्रतिपक्ष का मुद्दा : स्पीकर और भाजपा आमने-सामने

**दीपक प्रकाश ने कहा : इस मामले में स्पीकर का कोई पत्र नहीं मिला है**


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष के मुद्दे पर विधानसभा अध्यक्ष और प्रदेश भाजपा में ठन गयी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने सोमवार को कहा कि उन्हें इस संबंध में स्पीकर का कोई पत्र नहीं मिला है, जिसमें किसी विधायक का नाम अनुशंसित करने को कहा गया है, जिसे नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता दी जा सके। उन्होंने कहा कि विधानसभा सचिवालय इस पत्र को सार्वजनिक करे। भाजपा नेता के अनुसार पत्र में कोई पता नहीं लिखा गया है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस पत्र की जानकारी 11 मई को हाइकोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान हुई। बता दें कि सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत को बताया था कि स्पीकर रविंद्र नाथ महतो ने भाजपा को कई बार बाबूलाल मरांडी के स्थान पर किसी अन्य विधायक का नाम अनुशंसित करने को कहा था, जिसे नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता दी जा सके, क्योंकि मरांडी 10वीं अनुसूची के मामले में फंसे हुए हैं और इसलिए उन्हें भाजपा का सदस्य नहीं माना जा सकता है। हाइकोर्ट में इस मामले की सुनवाई मंगलवार को होनी है।

सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि विधानसभा सचिव के पत्र में लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए होनेवाली बैठक में शामिल होने के लिए किसी ऐसे विधायक का नाम भेजने को कहा था, जो चुनाव आयोग द्वारा 26 दिसंबर, 2019 को जारी अधिसूचना के तहत भाजपा का विधायक हो। इसका मतलब यही होता है कि भाजपा बाबूलाल मरांडी का नाम नहीं भेज सकती थी, क्योंकि चुनाव आयोग की उस अधिसूचना में वह भाजपा के सदस्य नहीं थे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वह चुनाव आयोग की अधिसूचना को मानने के लिए तैयार हैं, लेकिन स्पीकर के निर्देश को नहीं, क्योंकि वह अपने बॉस (झामुमो) को खुश करने के लिए ऐसे निर्देश जारी कर रहे हैं।

# गवर्नर से मिले खाद्य आयोग के अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी और सदस्या शबनम परवीन ने सोमवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों ने राज्य खाद्य आयोग द्वारा प्रकाशित और झारखंड विधानसभा में दी गयी वर्ष 2020-2022 तक की वार्षिक रिपोर्ट राज्यपाल को सौंपी। आयोग के अध्यक्ष ने राज्यपाल को आयोग द्वारा किये जा रहे कार्यों, आयोग की संरचना और कार्यबल से जुड़ी रिपोर्ट भी दी।

राज्यपाल ने आयोग द्वारा अब तक कुल- 09/ जिलों (पलामू, धनबाद, बोकारो, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, जामताड़ा, दुमका एवं गोड्डा) में किये गये मुखिया संवाद, सुनवाई, जनसुनवाई और स्थल निरीक्षण के कार्यों की सराहना की। राज्यपाल ने आयोग द्वारा शुरू किये गये मुखिया संवाद कार्यक्रम में स्वयं उपस्थित होकर वस्तु-स्थिति की जानकारी प्राप्त करने की इच्छा जतायी और अपने प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी को आयोग के साथ विमर्श करने के साथ ही इस दिशा में कार्यक्रम जून माह में साहिबगंज जिले के बोरियो प्रखंड में निर्धारित करने का निर्देश दिया।

## हटिया ग्रिड में आयी खराबी, घंटों गुल रही बिजली

# आंधी के एक झोंके ने गुल की राजधानी की बिजली

**कई क्षेत्रों में बिजली संकट, जेबीवीएनएल मुख्यालय भी रहा अंधेरे में**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सोमवार दोपहर को अचानक आयी आंधी ने राजधानी की बिजली व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया। करीब सात-आठ मिनट की आंधी के कारण पूरे शहर में बिजली आपूर्ति ठप हो गयी। हटिया ग्रिड में करीब दो बजे सीटी ब्लास्ट कर गया। तीनों पावर ट्रांसफार्मर अचानक बैठ गये? नतीजा यह हुआ कि इस भीषण गर्मी में लोगों को बिजली संकट झेलना पड़ा। करीब दो घंटे तक पूरे शहर में बिजली बंद रही। यहां तक कि जेबीवीएनएल मुख्यालय भी इस दौरान अंधेरे में रहा। मुख्यालय स्तर से तुरंत अफसर हरकत में आये और स्थिति की जानकारी लेते रहे।

जानकारी के अनुसार, हटिया ग्रिड में करीब दो बजे सीटी ब्लास्ट कर गया। इसके कारण तीनों पावर ट्रांसफारमर अचानक बैठ गया। इसके कारण हटिया, नगड़ी, धुर्वा, अरगोड़ा, कडरू, हीनू, अशोक नगर, पुंदाग, हरमू, नगड़ी, कांके, बेड़ो, पिस्का मोड़, रातू रोड, पहाड़ी मंदिर एरिया, मोरहाबादी, दीनदयाल नगर, कांके रोड, रिनपास, सीआइपी, मधुकम, कुम्हार टोली, अपर बाजार, गाड़ीखाना चौक, किशोर गंज, इरगू टोली, रातू, रातू चट्टी, सिमलिया, इटकी, गांधी नगर और आसपास के क्षेत्रों में करीब दो घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रही। तीन में दो पावर ट्रांसफार्मर को दुरुस्त किया गया और बिजली आपूर्ति शुरू की गयी। एक की मरम्मत का काम देर शाम तक जारी था। इसके कारण देर रात तक लोड शेडिंग होती रही। शहर के अन्य क्षेत्रों में भी घंटों बिजली बाधित रही। बरियातू रोड, केतारी बगान, भुइयां टोली, नया टोली, बहु बाजार, डोरंडा, कुसई कॉलोनी, कोकर, लालपुर और आसपास के इलाके में दो से तीन घंटे तक बिजली नहीं रही।

# जमीन घोटाले की जांच में हर दिन सामने आ रही हैं नयी कहानियां

**छवि रंजन से इडी की पूछताछ जारी, कई सवालों पर फंसे**

**गिरफ्तारी से पहले तलहा ने बुक की थी 90 लाख की कार, 22 लाख की बाइक पर घूमता था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में जमीन घोटालों की जांच के क्रम में हर दिन नयी कहानी सामने आ रही है। पूर्व डीसी छवि रंजन द्वारा कारोबारी विष्णु अग्रवाल के खर्च पर गोवा घूमने की बात स्वीकार करने के बाद इडी ने उनसे कई अन्य बिंदुओं पर पूछताछ की। इस दौरान कई सवालों पर वह फंसते रहे। अपने जवाब के क्रम में उन्होंने 'याद नहीं' या 'नहीं बता सकता' जैसे जवाब दिये। कई सवालों के उन्होंने स्पष्ट जवाब भी दिये और आरोपों को कबूल किया। उनकी रिमांड की अवधि मंगलवार को खत्म हो रही है। जमीन घोटाले की अब तक की जांच के बाद इडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। उनसे यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस पूरे घोटाले से किसे-किसे फायदा हुआ और कितनी अवैध कमाई की गयी।



## तलहा खान की रइसी की चर्चा

इस बीच चर्चा है कि अप्रैल में हुई छापामारी के बाद इडी की गिरफ्त में आये तलहा खान उर्फ सन्नी खान ने करोड़ों रुपये कमाये हैं। उसने जमीन के दस्तावेज में हेरफेर करके जो पैसे कमाये, उससे ऐशो आराम की सारी चीजें खरीदीं। तलहा ने हाल ही में 90 लाख की आलीशान कार बुक की थी। उसे महंगी बाइक का भी शौक हो गया। उसके पास 20-22 लाख कीमत की बाइक और 40 हजार का हेलमेट भी है। इसके अलावा एक जीप और महंगी एसयूवी कार भी पिछले कुछ साल में ही तलहा ने खरीदी थी। कुछ साल पहले तक बरियातू में आम लड़कों के साथ रहने वाले तलहा के ऐशो-आराम और महंगी चीजें रखने के इस नये शौक को देखकर मुहल्ले के लोग भी हैरान थे।

# राज्यपाल से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल, लगायी गुहार

**कहा-अनुसूचित जाति पर राज्य में हो रहे अत्याचार से दिलायें निजात**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में मोर्चा के अध्यक्ष और विधायक अमर कुमार बाउरी, कांके विधायक समरी लाल सहित अन्य शामिल थे। मोर्चा ने इस दौरान राज्पाल से कहा कि राज्य में अनुसूचित जाति समाज पर लगातार अत्याचार हो रहा है। पिछले चार सालों से राज्य में अनुसूचित जाति आयोग का पद खाली है। पिछले दिनों धनबाद में सेप्टिक टैंक की मैनुअल सफाई के दौरान एक सफाई कर्मी की मौत हो गयी, पर उसके परिजनों को केंद्र सरकार द्वारा बनाये गये प्रावधानों के मुताबिक लाभ देने में बीसीसीएल लापरवाही बरत रहा है। वहीं अमर बाउरी ने पलामू जिला के एक मामले में बताया कि हिंडालको कंपनी वहां के दलितों की कई एकड़ जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करा कर वहां खनन कार्य में लगी है, लेकिन रैयत को कोई भी मुआवजा राशि नहीं दी गयी है। बीआइटी मेसरा (रांची) के एक चतुर्थ वर्गीय दलित कर्मचारी सावना नायक की मौत के बाद उनके आश्रितों को ना तो मुआवजा दिया गया है और ना ही उनके आश्रित को नियोजित किया गया है। मोर्चा ने इसके अलावा अन्य कई मुद्दों को लेकर भी राज्यपाल से संरक्षण मांगा है और इन सभी विषयों पर एक ज्ञापन सौंपते हुए उनसे उचित कार्रवाई का आग्रह भी किया है।

## सीएम के निर्देश पर रांची डीसी और एसएसपी ने डॉ करमा उरांव को दी श्रद्धांजलि

# शिक्षाविद डॉ करमा उरांव को दी गयी अंतिम विदाई

**अंतिम यात्रा में शामिल हुए राजनेता और बड़ी हस्तियां, दी श्रद्धांजलि**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को एदलहातु मसना में आदिवासी पारंपरिक रीति रिवाज के अनुरूप शिक्षाविद डॉ करमा उरांव को अंतिम विदाई दी गयी। उनकी अंतिम यात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने डॉ करमा उरांव के न्यू मोरहाबादी आवास पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली प्रवास पर हैं। डॉ उरांव के निधन की दुःखद खबर सुनते ही मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की थी। इसके अलावे मांडर के पूर्व विधायक बंधु तिर्की, खिजरी विधायक राजेश कच्छप समेत बीजेपी और कांग्रेस के कई नेता डॉ करमा उरांव की अंतिम विदाई में शामिल हुए। बता दें कि आदिवासी समाज की रीढ़, प्रख्यात मानवशास्त्री सह शिक्षाविद डॉक्टर करमा उरांव का 14 मई की सुबह निधन हो गया था। पिछले कुछ महीनों से वह बीमार चल रहे थे। उन्हें चार दिन पहले ही मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान आसीयू में उन्होंने अंतिम सांस ली।



## रांची डीसी और एसएसपी ने डॉ करमा उरांव को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** रांची के डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल ने डॉ करमा उरांव के न्यू मोरहाबादी आवास पहुंच कर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। दोनों अधिकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से डॉ करमा उरांव के आवास पर गये थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली प्रवास पर हैं। डॉ उरांव के निधन की खबर सुनते ही मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त की थी। मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना में कहा कि महान शिक्षाविद तथा आदिवासी उत्थान के प्रति हमेशा सजग रहने और चिंतन करनेवाले डॉ करमा उरांव के निधन का दुःखद समाचार मिला। डॉ. उरांव से कई विषयों पर मार्गदर्शन मिलता था। उनके निधन से आज मुझे व्यक्तिगत क्षति हुई है। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### डैफोडिल क्लासेस का उद्घाटन




रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को डैफोडिल क्लासेस का उद्घाटन बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग कॉलेज के एसोसिएट डीन डॉ दिनेश रुसिया और कर्नल जियाउर रहमान के द्वारा किया गया। यह संस्थान बदरुन्निसा ट्रस्ट के माध्यम से संचालित होगा। इस संस्था के अध्यक्ष जेवीएम श्यामली स्कूल की सेवानिवृत्त शिक्षिका कुद्दुशिया आजम हैं। शिक्षा के क्षेत्र में अपने 30 साल की सेवा प्रदान करनेवाली जेवीएम श्यामली की सेवानिवृत्त शिक्षिका आजम रांची के युवाओं को अंग्रेजी के स्पोकन पढ़ायेंगी। उनका मानना है कि आज भाषा, विशेषकर रोजगार के क्षेत्र में अंग्रेजी भाषा लैंग्वेज और लिटरेचर से इतर हटकर एक स्किल के रूप में स्वीकृत हो चुका है। अंग्रेजी भाषा को एक स्किल के रूप में समझने में हमारे बच्चे पीछे रह जाते हैं। उद्घाटन के मौके पर डॉ रूसिया और कर्नल जियाउर रहमान तथा अधिवक्ता फिदाउल रहमान और अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी बच्चों की हौसला अफजाई की तथा आजम की इस नयी पहल की प्रशंसा की।

### शारदा ग्लोबल स्कूल के विवान जैन को इंटरनेशनल ओलंपियाड में चौथा स्थान



रांची (आजाद सिपाही)। शारदा ग्लोबल स्कूल के कक्षा तृतीय के छात्र विवान जैन ने इंटरनेशनल ओलंपियाड में रैंक-चतुर्थ जोनल रैंक- प्रथम तथा स्टेट रैंक- प्रथम प्रात कर विद्यालय की गरिमा बढ़ायी है। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप और प्राचार्या जसमीत कौर ने विवान को सर्टिफिकेट और मेडल देकर उसकी उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम, मेहनत, लगनशील धैर्यवादिता, आशावादी और समय का सदुपयोग करने की जरूरत होती है। विवान की इस उपलब्धि पर समस्त शारदा ग्लोबल परिवार ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### प्रीम रोज पब्लिक स्कूल बड़गांई में फ्रूट डे का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को प्रीम रोज पब्लिक स्कूल बड़गांई रांची में फ्रूट डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के वर्ग प्ले ग्रुप से वर्ग यू के जी के बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार के खेल कूद का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रधानाध्यापिका इस्मत इस्लाम के द्वारा सम्मानित किया गया। फ्रूट डे को सफल बनाने मे अफ्रीन सबा, गुलनाज प्रवीन और नाजीया प्रवीन का विशेष योगदान रहा।

### बुद्धा नर्सिंग कॉलेज में लैंप लाइटिंग सेरेमनी

रांची (आजाद सिपाही)। विश्व अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पखवाड़ा के मौके पर सोमवार को बुद्धा नर्सिंग कॉलेज बिजुलिया में लैंप लाइटिंग सेरेमनी कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग की छात्राओं ने मानव सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण भाव की शपथ ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम के प्रबंध निदेशक सुधीर बाड़ा ने कहा कि नर्सिंग मानव सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है, अस्पतालों में मरीज सबसे ज्यादा विश्वास उन्हीं पर करते हैं। कॉलेज के प्रबंध निदेशक सह भारतीय बुद्धिष्ट सोसाइटी महासंघ के अध्यक्ष जैनेंद्र कुमार तथागत ने नर्सिंग सेवा से जुड़े कर्मियों का अभिनंदन किया। निदेशक प्रियांशु कुमार ने कहा कि पारा मेडिकल एवं नर्सिंग के छात्र अभिनंदन योग्य हैं। इससे पूर्व अतिथियों ने बुद्ध वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर आशीष कुमार, शहनवाज आलम, हिमांशु सिंह, दीपक रजक, प्रतिभा केरकेट्टा, जुली कुमारी, सोनाली कुमारी, आमिर सुहेल, अबरार अंसारी, कंचन कुमारी, नीतीश कुमार, साकिब आलम, कुंदन कुमार, कृष्णकांत रंजन जुगनू कुमार और परमेश्वर महतो सहित अन्य मौजूद थे।

### डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में समर कैंप

रांची (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में चार दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया है, जिसमें विद्यालय के लगभग 100 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया है। स्पोर्ट्स में हैंडबॉल, खो-खो, कबड्डी, क्रिकेट, सूटिंग, योगा, बैडमिंटन एवं कराटे में बच्चों ने जमकर अभ्यास किया और अपने प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया। स्पोर्ट्स में उनके कोच एवं मेंटर के रूप में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक संजय मंडल, अजीम, प्रोलोय करमाकर एवं अमित कुमार शामिल रहे। इनके मार्गदर्शन में बच्चों ने अभ्यास किया। म्यूजिक कैंप में भी बच्चों ने हारमोनियम, गिटार, वायलिन का अभ्यास किया और उत्कृष्ट भजन भी प्रस्तुत किये।म्यूजिक कैंप के मेंटर विद्यालय के ही संगीत शिक्षक इंद्रजीत दत्ता एवं मुक्ति सरकार ने बच्चों को संगीत की बारीकियों के बारे में बताया। डीएवी हेहल के प्राचार्य एसके मिश्रा के निर्देशानुसार समर कैंप का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने ऐसे आयोजन से होने वाले लाभ के संदर्भ में सभी को बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में अध्ययन और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

### एसएसपी ने सात इंस्पेक्टर को किया विरमित

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी के सात इंस्पेक्टर स्तर के पदाधिकारियों को एसएसपी किशोर कौशल ने जिला से विरमित कर दिया है। इनमें राजीव रंजन लाल, अहमद अली, रमेश कुमार सिंह, राजेश कुमार सिन्हा, सपन कुमार महथा, राजीव कुमार और नवल किशोर प्रसाद शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व में इन अधिकारियों का तबादला हुआ था।

### तमिलवानन केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जायेंगे

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड 2008 बैच के आइपीएस डॉ एम तमिलवानन केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जायेंगे। इस संबंध में केंद्र सरकार के अंडर सेक्रेटरी संजीव कुमार ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि डॉ एम. तमिलवानन की प्रतिनियुक्ति हैदराबाद के वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में उप निदेशक के रूप में की गयी है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस समारोह का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने अपनी माताओं के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए मदर्स डे बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विशेष सभा का आयोजन किया। उन्होंने एक छोटी सी प्रस्तुति के माध्यम से यह दिखाने की सफल कोशिश की कि कैसे एक मां अपने बच्चों को सर्वश्रेष्ठ देने के लिए अपना सारा जीवन समर्पित कर देती है। इस मौके पर उन्होंने मां से संबंधित गीत भी प्रस्तुत किये। बच्चों ने अपनी मां को उपहार में देने के लिए धन्यवाद कार्ड भी बनाये। छात्रों ने घर पर अपनी मां के साथ बिताये अनमोल पलों की तस्वीरें एसबीपीएस परिवार के साथ साझा कीं। विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों का चहुंमुखी विकास करना है तथा इस तरह की गतिविधि एक मां और बच्चे के बीच भावनात्मक संबंध को और अधिक मजबूत कर मां का सम्मान करना सिखाती है।

### स्कूल आफ मैरीटाइम्स स्टडीज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। स्कूल आफ मैरीटाइम्स स्टडीज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वी-शिप्स और सेंचुरियन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलाजी एंड मैनेजमेंट भुवनेश्वर ओड़िशा के सहयोग से इसका आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कैप्टन अजीत टोपनो ने कहा कि झारखंड में प्राकृतिक संसाधनों और खनिज पदार्थों की कमी नहीं है। राज्य की ये संपदा स्कूल ऑफ मैरीटाइम्स स्टडीज की पढ़ाई का हिस्सा बन सकती है। वहीं विशिष्ट अतिथि कैप्टन रोमेली रिगनौल्ड तिवारी ने वी-शिप्स और सेंचुरियन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलाजी एंड मैनेजमेंट के पठन-पाठन की जानकारी दी। कहा कि पांच महिला कैडेट्स को स्पांसरशिप के तहत पढ़ाई का मौका मिलेगा। उन्होंने संस्थान से जुड़ने के लाभ और शुरूआती लोगों के लिए मर्चेंट नेवी और महिलाओं के लिए अवसरों की भी जानकारी दी। डॉ पल्लव दास, संस्थापक डीन और सहयोगी, स्कूल ऑफ लॉ, सेंचुरियन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलाजी एंड मैनेजमेंट ने कहा कि हम लोग एलएलएम की भी पढ़ाई उक्त यूनिवर्सिटी की मदद से शुरू कर रहे हैं। कार्यक्रम में करियर के तकनीकी पक्ष पर भी चर्चा की गयी।

### शिक्षा सचिव से मिला पासवा का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

रांची (आजाद सिपाही)। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार कसे प्रोजेक्ट भवन में शिक्षा सचिव के. रवि कुमार से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने निजी विद्यालयों के लिए जमीन संबंधी बाध्यता कानून को पूरी तरह से निरस्त करने की मांग की और ज्ञापन सौंपा। पासवा सदस्यों ने शिक्षा सचिव को सुझाव दिया कि भवन की संरचना के आधार पर विद्यालयों को आरटीई के तहत मान्यता प्रदान कर दिया जाए, साथ ही सीएनटी एक्ट और एसपीटी एक्ट के तहत 5 वर्षों के लिए जो लीज का प्रावधान है, उस पर भी विचार किया जाए। आलोक दूबे ने कहा कि देश में जब एक कानून और एक व्यवस्था है, तो फिर झारखंड में आरटीई कानून में संशोधन स्वीकार नहीं होगा। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने जान बूझकर बड़े उद्योगपतियों और कारपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आरटीई कानून में संशोधन किया, ताकि ग्रामीण इलाका शिक्षा से वंचित रह जाए। उन्होंने उम्मीद जताई है कि वर्तमान सरकार इसपर ध्यान देगी। वहीं शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने प्रितिनिधिमंडल को आश्वास्त किया कि जमीन संबंधी बाध्यता की सीमाएं और क्षेत्रफल कम किए जाने की संभावना है। कैबिनेट मीटिंग में सी.एन.टी एक्ट और एसपीटी एक्ट के लिए संशोधन कर दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में पासवा उपाध्यक्ष अरविंद कुमार, महानगर अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा, संजय कुमार, मुजाहिदुल इस्लाम, आलोक विपिन टोप्पो, पासवा जिला महासचिव, राशिद अंसारी सुभोजित अधिकारी, कैलाश कुमार, मुकेश सिंह उपस्थित थे।

### नगर निगम की चेतावनी, 31 जुलाई तक वाटर मीटर नहीं लगवाया तो देना होगा फाइन

रांची (आजाद सिपाही)। रांची नगर निगम ने ऐसे लोगों को चेतावनी दी है, जिन्होंने वाटर कनेक्शन तो ले लिया है, लेकिन मीटर नहीं लगा रखा है। अपर नगर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने भवन मालिकों से कहा है कि वे स्वेच्छा से 31 जुलाई तक अपने घर में वाटर मीटर लगा लें। ऐसा नहीं करने पर वाटर कनेक्शन को अवैध घोषित करते हुए जुर्माना वसूला जाएगा। 31 जुलाई तक हर उपभोक्ता को कंज्यूमर नंबर के साथ मीटर का फोटो व्हाट्सएप नंबर 6206799753 पर भेजना होगा। इसके बाद बिल वाटर मीटर के आधार पर ही जनरेट किया जाएगा। रांची नगर निगम क्षेत्र में 21 हजार मकान ऐसे हैं, जिन्होंने निगम से वैध वाटर कनेक्शन तो लिया है, लेकिन उनके घर पर वाटर मीटर नहीं लगा है। ऐसे लोग एवरेज बिलिंग के नाम पर हर माह पानी के बिल का भुगतान करते हैं। इस वजह से नगर निगम को पता लगाने में कठिनाई होती है कि आखिर इन लाभुकों द्वारा कितनी पानी की खपत प्रतिमाह की जा रही है। इसे देखते हुए सभी वाटर कनेक्शनधारियों को मीटर लगाने का आदेश जारी किया गया है।

### आजसू के सदस्य प्रो. तपन शांडिल्य से मिले

रांची (आजाद सिपाही)। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के सदस्यों डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रभारी अभिषेक झा के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो तपन शांडिल्य एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष गुप्ता से मिलकर धन्यवाद दिया। ज्ञात हो कि आजसू सदस्यों ने कई मांगों का विश्वविद्यालय प्रशासन के सामने रखा था, जिसमे विश्वविद्यालय के सीए/आइटी विषय में 40 प्रतिशत से अधिक छात्रों का ईयर बैक लग जाने कारण क्या है, इसकी जांच की मांग की थी। आजसू के सदस्यों ने पूर्व में ही कहा की विश्वविद्यालय प्रशासन को छात्र छात्राओं एवं उनके भविष्य से किसी भी तरह का मतलब नहीं है, विश्वविद्यालय इस पर अबतक मौन है और दूसरी बार विश्वविद्यालय में तालाबंदी की थी और मांग किया था कि किसी भी छात्रों का ईयर बैक नहीं हो और उन्हें प्रमोट किया जाए क्यूकी कक्षाएं संचालित नही हुई है। अब अगर जल्द ही छात्र छात्राओं को प्रमोट नही किया गया तो अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) छात्रहित विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। जिसके बाद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में परीक्षा समिति की बैठक हुई जिसमें निर्णय लिया गया की गर्मी के छुट्टी के बाद परीक्षा लेने का निर्णय लिया गया साथ ही बीजेएमसी सेम वन में फेल हुए 56 विधार्थियों की पेपर की पुनः जांच की गई जिसमें परिमाण स्वरूप 17 विद्यार्थियों को पास कर दिया गया। मौके परः विकास मुकुंद सिंह, कैलास महतो, प्रेम, मुकेश, कुलदीप, मंजीत, सूर्या, असफाख, सुशील के अलावा कई सदस्य एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# रांची आयेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## दीक्षांत समारोह और नये हाइकोर्ट भवन के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आइटी) रांची के दूसरे दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी। इसके लिए राष्ट्रपति भवन से मंजूरी मिल गयी है। इस समारोह में शामिल होने राष्ट्रपति 25 मई को रांची आ रही हैं। समारोह में बीटेक और एमटेक के 2019-23 के करीब 120 विद्यार्थी डिग्री हासिल करेंगे। समारोह में राष्ट्रपति के हाथ से विषयों के टॉपर्स को मेडल दिया जायेगा। यह दीक्षांत समारोह पहले जून में होना था, लेकिन राष्ट्रपति के मई में झारखंड आगमन के कार्यक्रम को देखते हुए इसे पहले किया गया है।

### छात्रों को मिलेगा मेडल

समारोह में बीटेक के 2 ब्रांच कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के टॉपर विद्यार्थियों के बीच एक-एक गोल्ड और एक-एक सिल्वर मेडल दिया जायेगा। एमटेक दो ब्रांच- कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विद स्पेशलाइजेशन इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ईसीसी विद स्पेशलाइजेशन इन एंबेडेड सिस्टर एंड आइओटी- के टॉपरों के बीच एक-एक गोल्ड मेडल बंटेगा। इसके अलावा एक बेस्ट गर्ल स्टूडेंट मेडल, एक इंस्टीट्यूट मेडल और एक बेस्ट स्टूडेंट शील्ड प्रदान किया जायेगा।

### झारखंड हाइकोर्ट के नये भवन का उद्घाटन

राष्ट्रपति इस कार्यक्रम के साथ-साथ झारखंड हाइकोर्ट के नये भवन के उद्घाटन समारोह में 24 मई को शामिल होंगी। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआइ) के न्यायमूर्ति डीवाइ चंद्रचूड़ और केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू के भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है।

# तीन दिवसीय चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल 23 जून से

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** चित्रपट झारखंड- सार्थक सिनेमा से समृद्ध संस्कृति एवं भारतीय चित्र साधना के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 23, 24 एवं 25 जून 2023 को सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में तीन दिवसीय चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल- 2023 का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के बोर्ड रूम में आयोजन समिति के सदस्यों की समीक्षा बैठक की गयी एवं विभिन्न विभागों का गठन कर कार्य के कुशल संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने कहा कि स्थानीय कला एवं प्रतिभा का ना केवल स्थानीय स्तर बल्कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। उन्होंने फिल्म फेस्टिवल के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति के विभिन्न विभागों के सभी सदस्यों को पूरी निष्ठा एवं तत्परता के साथ कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करते हुए कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला।

चित्रपट झारखंड फिल्म महोत्सव के प्रेजिडेंट डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि चित्रपट केवल मनोरंजन ही नहीं संस्कार एवं संस्कृति के वाहक भी होते हैं। झारखंड की संस्कृति केवल देखने की नहीं अपितु भाग लेने की है। फिल्में दस्तावेज होती हैं जो इतिहास का बोध कराती हैं। उन्होंने कहा कि चित्रपट झारखंड के द्वारा स्थानीय प्रतिभाओं को सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के विश्व बंधुत्व भाव के साथ फिल्म निर्माण के क्षेत्र को सकारात्मक सृजन, संस्कृति संपन्न एवं रोजगारोन्मुख बनाते हुए भारतीय सिनेमा में भारतीयता, भारतीय पारिवारिक मूल्यों तथा सामाजिक चेतना को बढ़ावा देकर अपने सांस्कृतिक मूल्यों को संबल प्रदान करना चित्रपट झारखंड का ध्येय है। विदित हो कि चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल 2023 में फिल्म जमा किए जा रहे हैं जिसके लिए पंजीकरण की प्रक्रिया जारी है। कैंपस फिल्मों के लिए ?100 प्रति फिल्म एवं अन्य श्रेणियों के लिए 250 रुपए प्रति फिल्म निर्धारित किए गए हैं। चयनित फिल्मों को 30 मई 2023 तक अधिसूचित किया जाएगा।

इस अवसर पर कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह, प्रो एसबी दंडीन, हरि बाबू शुक्ला, डॉ अशोक कुमार अस्थाना, डॉ पार्थ पॉल, डॉ राधा माधव झा, अजय कुमार, प्रवीण कुमार, आशुतोष द्विवेदी सहित विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, प्राध्यापक, कर्मचारी एवं आयोजन समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### सहायक प्राध्यापक अनुबंध संघ ने डॉ करमा उरांव के निधन पर शोकसभा की



रांची (आजाद सिपाही)। सहायक प्राध्यापक अनुबंध संघ (आवश्यकता आधारित) के द्वारा मोरावादी स्थित पार्क में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शोक सभा में बहुआयामी प्रतिभा के धनी डॉ करमा उरांव की आसमयिक निधन पर दो मिनट का शोक सभा किया गया। इस शोक सभा में सहायक प्राध्यापक अनुबंध संघ रांची विश्वबिद्यालय के अध्यक्ष डॉ त्रिभुवन शाही ने डॉ उरांव के ब्यक्तिव पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे न केवल प्रतिभावान प्राध्यापक थे बल्कि एक सामाजिक कार्यकर्ता थे। संघ के महासचिव डॉ. रामकुमार के द्वारा बताया गया कि डॉ करमा उरांव एक ख्यातिप्राप्त मानवशास्त्री थे, जो कई प्रकार के शोध कार्य कर मानवशास्त्र विषय में अपना योगदान देश तथा विश्व स्तर में भी दिए। प्रिंस कुमार ने कहा कि डॉ करमा उरांव झारखंड राज्य में वे सामाजिक जागरूकता के अगुवा थे। शोक सभा में डॉ त्रिभुवन साहू, डॉ रामकुमार, डॉ परिशांति सांगा, डॉ प्रिंस कुमार,डॉ अंसुल, डॉ संजय कुमार, डॉ आशा कुमारी, डॉ सुषमा कुजूर आदि शामिल थे।

### दक्षिण भारत भाजपा मुक्त हुआ : रोहित सिन्हा

रांची (आजाद सिपाही)। कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर युवा कांग्रेस महासचिव सह रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा ने कहा कि कर्नाटक का संदेश यह है कि बीजेपी की नकारात्मक, सांप्रदायिक, भ्रष्टाचारी, अमीरोन्मुखी, महिला-युवा विरोधी, सामाजिक-बंटवारे, झूठे प्रचार वाली, व्यक्तिवादी राजनीति का अंतकाल शुरू हो गया है। नये सकारात्मक भारत का महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और वैमनस्य के खिलाफ सख्त जनादेश है, जो लोग कांग्रेस मुक्त भारत की बात करते थे, अब दक्षिण भारत भारतीय जनता पार्टी मुक्त हो गया है। उन्होंने कहा कि लोगों ने बीजेपी के नकारात्मक अभियान को खारिज कर दिया है, बजरंग बली का आशीर्वाद हमें मिला है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कर्नाटक में जो माहौल दिखा था आज उसी का नतीजा कर्नाटक के चुनाव परिणाम में स्पष्ट दिख रहा है।

### फिलॉसफी ऑफ नेशनल एजुकेशन पॉलिसी पर सेमिनार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गोस्सनर कॉलेज रांची के आइक्युएसी और झारखंड फिलोसॉफिकल फोरम के संयुक्त तत्वावधान में गोस्सनर कॉलेज में फिलॉसफी ऑफ नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य अतिथि सिद्धू कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के फिलॉसफी डिपार्टमेंट के हेड सह ह्यूमैनिटीज के डीन प्रोफेसर रविंद्र केएस चौधरी ने कहा कि नयी शिक्षा नीति 2020 में सांस्कृतिक जड़ें मजबूत की गयी हैं। शिक्षा का काम अच्छे मानव का निर्माण करना है। इसी को ध्यान में रखते हुए शिक्षा नीति बनायी गयी है। यह शिक्षा नीति चिंतन और अनु चिंतन में अंतर करता है, जिसमें पेडोगॉजी, मेटा लर्निंग को प्राथमिकता दी गई है। इसमें आर्ट, कल्चर, लैंग्वेज, लिटरेचर, स्किल एंड वैल्यू पर विशेष ध्यान दिया गया है।

गोस्सनर कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर एलानी पूर्ति ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से कोर्स कांसेप्ट क्लियर होता है और बच्चों का उचित मार्गदर्शन हो पाता है। डॉक्टर अशरफ बिहारी ने दर्शनशास्त्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 महान व्यक्तियों का दर्शन है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रदीप कुमार सिन्हा ने फिलोसॉफिकल फोरम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ प्रदीप कुमार गुप्ता ने विषय प्रवेश कराया। कार्यक्रम में कॉलेज की बर्सर प्रोफेसर आशा रानी केर-केट्टा, प्रो प्रवीण सुरीन, कला विभाग के डीन डॉ जयपाल कच्छप, कार्यक्रम के कनवेनर डॉ एसके सेन गुप्ता, शिक्षक प्रतिनिधि प्रो अमरदीप टोपनो, प्रो विनय जोन, प्रो सुषमा केरकेट्टा, डा ज्योति टोप्पो,डा मीना तिर्की, डॉ एस के मुरमु, डॉ केएल भक्ता, डॉ योताम कुल्लु, डॉ कोरनेलियुस मिंज, प्रो मीना सुरीन, प्रो जोलेन सोय, प्रो आइजक कंडुलना, प्रो स्वाति स्मृति, प्रो रश्मि हेमरोम, प्रो अनुपमा पूर्ति, डा दीपक कुमार, डॉ मो रेहान, प्रो हेमंत कुमार टोप्पो, प्रो आकांक्षा तिग्गा, डॉ प्रियंका सोरेन, प्रो गोल्डन बिलुंग, डॉ हाराधन कोइरी, प्रो दीपक बारला सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ अजय कुमार के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन एवं मंच संचालन डॉक्टर प्रशांत गौरव द्वारा की गयी।

# श्री श्याम मंदिर में अचला एकादशी मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अग्रसेन पर स्थित श्री श्याम मंदिर में सोमवार को जयेष्ठ कृष्ण पक्ष की अचला एकादशी उत्सव अत्यंत श्रद्धा सहित भक्ति में वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत किया गया साथी मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया । प्रातः 8:00 बजे श्रृंगार आरती के समय से ही प्रभु के दर्शन करने के लिए भक्तों की अपार भीड़ अनावृत बनी रही। लाल गुलाब, जूही, बेला, मोगरा रजनीगंधा एवं गेंदा के फूलों से श्री श्याम प्रभु का मनोहारी श्रृंगार किया गया। रात्रि 8:30 बजे से श्याम प्रभु के जयकारों के बीच अखंड पावन ज्योत प्रज्ज्वलित की गयी। भक्तगण मंगल दर्शन कर ज्योति आहुति प्रदान कर मनोवांछित फल मांग रहे थे। श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वंदना के साथ संगीत में संकीर्तन प्रारंभ किया गया। तुझको मनाएंगे भजन तेरा गाएंगे... तेरा हूं दिवाना दिलदार सांवरे... खड़ा हूं तेरी चौखट पर... शरण में ले लो अब प्यारे... किस्मत वाले को मिलता है श्याम तेरा दरबार इत्यादि भावपूर्ण भजनों ने पूरे वातावरण को श्याम मय बना दिया। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान - फल - मेवा एवम केसरिसा दूध व मगही पान का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, ओम जोशी, चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनीयां, सुदर्शन चितलंगियां, बालकिशन परसरामपुरिया, नितेश केजरीवाल, जीतेश अग्रवाल, नितेश लाखोटिया, विकास पाडिया का सहयोग रहा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### टेंडर हार्ट के छात्रों ने नेशनल ओलंपियाड में दिखायी प्रतिभा, जीते 60 हजार रुपये



रांची (आजाद सिपाही)। ऑरेंज नेशनल ओलंपियाड में टेंडर हार्ट स्कूल रांची के छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखायी देश के सबसे प्रतिष्ठित ओलिंपियाड में गिने जाने वाले ऑरेंज ओलिंपियाड में हजारों स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया था। इनमें रांची के टेंडर हार्ट स्कूल की कक्षा 10वीं के अरेंज ऋषित और श्रियंम चंद्र भी शामिल थे। इन्होंने तृतीय स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। ऋषित को साइंस और श्रियंम चंद्र को मैथ्स में तीसरा रैंक मिला है। इस उपलब्धि के लिए दोनों छात्रों को 30-30 हजार की छात्रवृत्ति मिली है। बताते चलें कि बीते शुक्रवार को नयी दिल्ली में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में दोनों छात्रों को दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा औरमहिला मोर्चा की अध्यक्ष मोनिका पंत ने 30-30 हजार रुपये और मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया।

### शिक्षिका प्रीति को मिला देश का बेस्ट एग्जाम कोऑर्डिनेटर सम्मान

रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर हर्ट स्कूल के लिए एक और खुशी की बात है। यहां की शिक्षिका प्रीति सुमन को देश के सबसे बेस्ट एग्जाम कोऑर्डिनेटर के सम्मान से नवाजा गया है। इस उपब्धि से स्कूल प्रबंधन खुश है। स्कूल के निदेशक सुधीर तिवारी और प्राचार्या उषा किरण झा ने ओलंपियाड में बेहतर प्रदर्शन से स्कूल का नाम रोशन करनेवाले दोनों छात्रों को बधाई दी। कहा, इस सत्र में विद्यालय के बहुत सारे छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन किया है। दोनों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में टेंडर हार्ट के सभी बच्चे देश स्तर पर विद्यालय को गौरवान्वित करेंगे।

### माइंस से उत्पादन और उत्पादकता बढ़ोत्तरी के लिए नये शोध प्रस्ताव आमंत्रित किये गये

रांची (आजाद सिपाही)। अंडरग्राउंड माइंस और ओपन कास्ट माइंस से उत्पादन और उत्पादकता में बढ़ोत्तरी के लिए सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण में सुधार, अपशिष्ट से धनप्राप्ति, कोयले और स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकियों का वैकल्पिक उपयोग, कोयला परिष्करण और उपयोगिता, गवेषण, इनोवेशन और मेक इन इंडिया अवधारणा के तहत स्वदेशीकरण हेतु उन्नत प्रौद्योगिकी/पद्धति जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कोयला क्षेत्र हेतु अनुसंधान और विकास के लिए शैक्षणिक संस्थानों और अनुसंधान संगठनों से नये शोध प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं। दिशा-निर्देश, प्रारूप और ऑन लाइन जमा करने की सुविधा वेबसाइट https://scienceandtech.cmpdi.co.in पर उपलब्ध है और प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2023 है। किसी भी प्रकार की वांछित जानकारी के लिए कोयला मंत्रालय के अंडर सेकेटरी (क्लीन कोल टेक्नोलॉजी के ईमेल Y hitlar.singh85@nic.in अथवा सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (एसएंडटी) के ईमेलः gmsnt.cmpdi@coalindia.in सम्पर्क कर किया जा सकता है। ज्ञात हो कि सीएमपीडीआई, कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया लिमिटेड के अनुसंधान एवं विकास बोर्ड के एसएंडटी अनुदान के तहत वित्त पोषित अनुसंधान गतिविधियों के समन्वय के लिए नोडल एजेंसी है। विगत में किए गए शोध के परिणामस्वरूप परिचालन में सुधार, सुरक्षित कार्य स्थितियां, बेहतर संसाधन प्राप्ति और पर्यावरण की सुरक्षा हुई है। कोयला मंत्रालय पहचान किए गए थ्रस्ट क्षेत्रों पर आवश्यकता-आधारित परियोजना प्रस्तावों को आमंत्रित करने की परिकल्पना करता है जो सीधे उद्योग पर ठोस प्रभाव डाल सकते है और खनन संचालन को मजबूती प्रदान करते हुए सुरक्षा बढ़ाने में मददगार हो। ऐसी पहल वर्तमान परिचालित खानों और भविष्य की खनन परियोजनाओं के लिए आवश्यक हैं।

### साहिबगंज के दियरा क्षेत्रों को 2 बोट एंबुलेंस की सौगात, मिलेंगी निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं

साहिबगंज (आजाद सिपाही)। साहिबगंज जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं दियारा तथा सुदूरवर्ती इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने को दो बोट एंबुलेंस का सोमवार को लोकार्पण किया गया। डीएमएफटी मद अंतर्गत इस एंबुलेंस का लोकार्पण राजमहल सांसद विजय हांसदा, राजमहल विधायक अनंत ओझा, जिला परिषद की अध्यक्ष मोनिका किस्कू, डीसी राम निवास यादव, एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा, डीडीसी प्रभात कुमार बरदियार द्वारा ओझा टोली घाट से किया गया. मौके पर जानकारी दी गई कि इस बोट एंबुलेंस के माध्यम से दियारा क्षेत्रों में मरीजों को आपात स्थिति में अस्पताल पहुंचाया जायेगा। इस एंबुलेंस में ऑक्सीजन, फर्स्ट ऐड एवं सामान्य एंबुलेंस वाली सभी सुविधाएं एवं लाइफ जैकेट आदि की व्यवस्था रहेगी। किसी भी परिस्थिति में समय रहते मरीज को इलाज उपलब्ध कराया जा सके। डीएमएफटी मद से यह दोनों बोट एंबुलेंस करीब 58.34 लाख रुपये की राशि से खरीदी गयी है, जिसमें से एक साहिबगंज तथा एक राजमहल में रहेगा। एंबुलेंस लोकार्पण समारोह के दौरान आयोजित कार्यक्रम में राम निवास यादव ने बताया कि बाढ़ के दौरान दियारा क्षेत्र जलमग्न हो जाते हैं, जिससे बीमार मरीजों को सड़क मार्ग से लाना संभव नहीं हो पाता है, ऐसे में यह बोट एंबुलेंस काफी उपयोगी सिद्ध होंगे तथा विकट से विकट परिस्थिति में मरीजों का इलाज संभव हो सकेगा।

### ब्राउन शुगर का कारोबार करनेवाली महिला गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटाटोली चौक स्थित यूएनआइ हाइट्स बिल्डिंग के समीप से ब्राउन शुगर का कारोबार करनेवाली एक महिला अस्मिना परवीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लोअर बाजार पुलिस को अस्मिना परवीन के बारे में स्थानीय लोगों से सूचना मिली थी कि वह ब्राउन शुगर का कारोबार करती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस महिला की वजह से कई युवक नशे के आदी हो रहे हैं। उसे पकड़े के लिए स्थानीय महिला समिति ने दो लड़कों को एक हजार रुपये देकर उसके पास ब्राउन शुगर खरीदने के लिए भेजा। जैसे ही अस्मिना ने पैसे लेकर उन्हें ब्राउन शुगर दिया, महिला समिति के लोगों ने उसे पकड़ लिया।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

ई-निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-34-2023, दिनांक: 12.05.2023। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य के नाम:** रांची-पिस्का स्टेशन के बीच एलसी सं. एमएच-32 एवं आरटी-1 के बदले में सीमित ऊंचाई वाले सब-वे का निर्माण। **निविदा मूल्य:** ₹ 12,29,27,838.26। **ईएमडी मूल्य:** ₹ 7,64,600/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 05.06.2023 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा के लिए बेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-161)

# कांग्रेस के सामने आगे की चुनौतियां

कर्नाटक में कांग्रेस को जैसी जीत मिली है, वह विपक्षी धड़े की राजनीति के लिए भी काफी मायने रखती है। हिमाचल प्रदेश की जीत ने कांग्रेस के गिरते मनोबल को कुछ सहारा जरूर दिया था, लेकिन उसमें ऐसा संदेश खोजना मुश्किल था, जिससे समूचे विपक्ष की गोलबंदी प्रभावित हो। कर्नाटक के साथ ऐसी बात नहीं है। इसने न केवल कांग्रेस के लिए राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के पॉजिटिव असर को चुनाव नतीजों से जोड़ने का मौका मुहैया कराया है, बल्कि कथित तौर पर धार्मिक प्रतीकों के चुनावी इस्तेमाल की कोशिशों पर भी पानी फेर दिया है। ये दोनों फैक्टर आने वाले दिनों में विपक्ष का नैरेटिव सेट करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। राहुल गांधी के बारे में यह बात कही जाती रही है कि चुनावी लड़ाई में पार्टी को उनके प्रयासों का ज्यादा फायदा नहीं मिल पाता। प्रकारांतर से यही बात भारत जोड़ो यात्रा के बारे में भी कही जा रही थी कि यात्रा को लोगों का समर्थन मिलना एक बात है और इस समर्थन का वोट में बदलना बिल्कुल अलग। कर्नाटक में जिन क्षेत्रों से भारत जोड़ो यात्रा गुजरी, उनमें कांग्रेस का अच्छा प्रदर्शन इस धारणा को बदलने में मदद कर सकता है। जहां तक दूसरे फैक्टर की बात है, तो गुजरात में राहुल गांधी का खुद को शिवभक्त कहना या पार्टी जनों का उन्हें जनेऊधारी ब्राह्मण साबित करने की कोशिश करना विपक्ष की उस धारा को मजबूती देता था, जिसकी दलील है कि बीजेपी के उग्र हिंदुत्व का जवाब सॉफ्ट हिंदुत्व ही हो सकता है। इस सोच के साथ दिक्कत यह है कि इससे बीजेपी और उसके कथित विकल्प के बीच अंतर धुंधला पड़ता है। पिछले कुछ समय से राहुल गांधी ने 'आइडिया ऑफ इंडिया' के सहारे बीजेपी और संघ पर हमला करने की जो नीति अपनाई है, उसकी सफलता को लेकर विपक्ष के अन्य दलों में ही नहीं, कांग्रेस में भी आशंकाएं रही हैं। ताजा चुनाव परिणाम इन आशंकाओं को कम कर सकते हैं। हालांकि संपूर्णता में इन चुनावों को लोकल मुद्दों पर लोकल नेतृत्व में एकीकृत चुनाव अभियान की जीत ही कहा जायेगा, लेकिन फिर भी ये नतीजे कांग्रेस के अंदर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को और विपक्षी खेमे के अंदर कांग्रेस को मजबूती देंगे। देखने वाली बात यह होगी कि जीत से मिली इस मजबूती का इस्तेमाल कांग्रेस नेतृत्व आगे कितनी कुशलता से कर पाता है। चुनावी नतीजों के बाद आयी ममता बनर्जी जैसे नेताओं की सधी हुई प्रतिक्रिया इस बात की पुष्टि करती है कि कांग्रेस नेतृत्व को अभी कई अग्निपरीक्षाओं से गुजरना है। इसकी शुरुआत कर्नाटक में नए मुख्यमंत्री के चयन से ही हो गयी है। पहली ही बैठक में सिद्दारमैया के नाम पर सहमति बनाकर पार्टी नेतृत्व ने निःसंदेह शुरुआत अच्छी की है, लेकिन आगे की राह भी कम जोखिम भरी नहीं है। या रविवार शाम की बैठक में विधायक दल के नेता का चयन न हो पाना बताता है कि इस जीत को संभालना और इसका आगे अपने पक्ष में इस्तेमाल करना कांग्रेस के लिए आसान नहीं साबित होने वाला।

**रविवार शाम की बैठक में विधायक दल के नेता का चयन न हो पाना बताता है कि इस जीत को संभालना और इसका आगे अपने पक्ष में इस्तेमाल करना कांग्रेस के लिए आसान नहीं साबित होने वाला।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**अपने धर्म, संस्कृति और इतिहास की श्रेष्ठता को बताना और स्थापित करने में कोई बुराई नहीं है। यह किया ही जाना चाहिए। पर ऐसा करते समय उत्साह के अतिरेक में अगर हम तथ्यों से छेड़छाड़ करेंगे, अपने विपक्षियों के ऊपर हमला करते समय उनकी उपलब्धियों को वैसे ही छिपाएंगे जैसे वे करते आये हैं और उन पर झूठे आरोप मढ़ कर या उन्हें बदनाम करने की दृष्टि से उन पर हमला करेंगे, तो हमारी ये कवायद सफल नहीं होगी।**

# अपने धर्म, संस्कृति और इतिहास की श्रेष्ठता बताने में कोई बुराई नहीं

विनीत नारायण



**महाराणा प्रताप का नाम लेते समय उनकी आंखों में एक वीरता भरी चमक थी, आगे उन्होंने कहा, अगर ऐसे राजा ने हमारे देश में जन्म लिया होता तो हमने सारे विश्व पर राज किया होता। कुछ वर्षों के बाद उस राष्ट्राध्यक्ष की मृत्यु हुई तो जानिए उसने अपनी समाधि पर क्या लिखवाया, यह महाराणा प्रताप के एक शिष्य की समाधि है।**

**भारत** की सनातन वैदिक संस्कृति अनेक अर्थों में विश्व की सर्वश्रेष्ठ संस्कृति है क्योंकि ये व्यक्ति, पर्यावरण व समाज के बीच संतुलन पर आधारित जीवन मूल्यों की स्थापना करती है। भारत विश्व गुरु था इसके तमाम ऐतिहासिक प्रमाण हैं जिन्हें हजारों वर्षों से भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों ने अपने लेखन में उल्लेख किया है। विसंगतियां भी हर समाज में होती हैं। भारत इसका अपवाद नहीं है। यह भी सही है कि अंग्रेज इतिहासकारों और आजादी के बाद वामपंथी इतिहासकारों ने ऐतिहासिक तथ्यों को अपनी विचारधारा के अनुरूप तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया। इसलिए सनातनी मानसिकता के लोगों के मन में यह बात हमेशा से बैठी रही कि उनके इतिहास के साथ न्याय नहीं हुआ। अचानक 2014 से ये दबी भावनाएं अब मुखर हो गयीं हैं।

अपने धर्म, संस्कृति और इतिहास की श्रेष्ठता को बताना और स्थापित करने में कोई बुराई नहीं है। यह किया ही जाना चाहिए। पर ऐसा करते समय उत्साह के अतिरेक में अगर हम तथ्यों से छेड़छाड़ करेंगे, अपने विपक्षियों के ऊपर हमला करते समय उनकी उपलब्धियों को वैसे ही छिपायेंगे जैसे वे करते आये हैं और उन पर झूठे आरोप मढ़ कर या उन्हें बदनाम करने की दृष्टि से उन पर हमला करेंगे, तो हमारी ये कवायद सफल नहीं होगी। हम उपहास के पात्र बनेंगे। हमारे दावों की पुष्टि न हो पाने पर हम झूठे सिद्ध हो जायेंगे और फिर हमारी सही बात भी गलत कही जायेगी। आज के दौर में सूचना तकनीक का इतना विस्तार हो गया है कि दुनिया के किसी भी कोने में बैठा व्यक्ति किसी भी दावे की वैधता को क्षणों में चुनौती दे सकता है, अगर वह दावा सत्य नहीं है।

**अपने राजनीतिक विरोधियों की छवि नष्ट करने के लिए और उनकी उपलब्धियों को नकारने के लिए ऐसी पोस्ट सारा दिन दर्जनों की तादाद में आती रहती हैं।**

ट्विटर पर पोस्टों को खंगालते समय मेरी निगाह सनातनी पूर्णिमा की इस पोस्ट पर अटक गयी, जिसमें लिखा था, वियतनाम विश्व का एक छोटा-सा देश है जिसने अमेरिका जैसे बड़े बलशाली देश को झुका दिया। लगभग 20 वर्षों तक चले युद्ध में अमेरिका पराजित हुआ। अमरीका पर विजय के बाद वियतनाम के राष्ट्राध्यक्ष से एक पत्रकार ने एक सवाल पूछा... आप युद्ध कैसे जीते या अमेरिका को कैसे झुका दिया?

उत्तर सुन कर आप हैरान रह जायेंगे और आपका सीना भी गर्व से भर जायेगा। उत्तर था, सभी देशों में सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका को हराने के लिए मैंने एक महान व श्रेष्ठ भारतीय राजा का चरित्र पढ़ा और उस जीवनी से मिली प्रेरणा व युद्धनीति का प्रयोग कर हमने सरलता से विजय प्राप्त की। आगे पत्रकार ने पूछा, कौन थे वह महान राजा? वियतनाम के राष्ट्राध्यक्ष ने खड़े होकर जवाब दिया, वह थे भारत के राजस्थान में मेवाड़ के महाराजा महाराणा प्रताप सिंह (यह सिंह कब से जुड़ गया?)।

महाराणा प्रताप का नाम लेते समय उनकी आंखों में एक वीरता भरी चमक थी, आगे उन्होंने कहा, अगर ऐसे राजा ने हमारे देश में जन्म लिया होता तो हमने सारे विश्व पर राज किया होता। कुछ वर्षों के बाद उस राष्ट्राध्यक्ष की मृत्यु हुई तो जानिए उसने अपनी समाधि पर क्या लिखवाया, यह महाराणा प्रताप के एक शिष्य की समाधि है। कालांतर में वियतनाम के विदेशमंत्री भारत के दौरे पर आये थे। पूर्व नियोजित कार्य क्रमानुसार उन्हें पहले लाल किला व बाद में गांधी जी की समाधि दिखलायी गयी। ये सब दिखलाते हुए उन्होंने पूछा मेवाड़ के महाराजा महाराणा प्रताप की समाधि कहां है? तब भारत सरकार के अधिकारी चकित रह गये, और उन्होंने वहां उदयपुर का उल्लेख किया।

वियतनाम के विदेशमंत्री उदयपुर गये, वहां उन्होंने महाराणा प्रताप की समाधि के दर्शन किये। समाधि के दर्शन करने के बाद उन्होंने समाधि के पास की मिट्टी उठायी और उसे अपने बैग में भर लिया। इस पर पत्रकार ने मिट्टी रखने का कारण पूछा। उन विदेशमंत्री महोदय ने कहा, ये मिट्टी शूरवीरों की है। इस मिट्टी में एक महान राजा ने जन्म लिया यह मिट्टी मैं अपने देश की मिट्टी में मिला दूंगा, ताकि मेरे देश में भी ऐसे ही वीर पैदा हों। मेरा यह राजा केवल भारत का गर्व न होकर संपूर्ण विश्व का गर्व होना चाहिए।

इस पोस्ट को पढ़ कर उत्साही लोगों ने बढ़-चढ़ कर हर्ष और गर्व अभिव्यक्त करना शुरू कर दिया। उत्सुकतावश मैंने भी गूगल पर जाकर जब खोज की, तो पता चला कि जो सूचना दी गयी है, उसमें वियतनाम के ऐसे किसी राष्ट्रपति का जिक्र नहीं है, जो महाराणा प्रताप से प्रेरित रहा हो या उनका विदेश मंत्री उदयपुर गया हो। तब मैंने इस दावे के प्रमाण की मांग करते हुए अपनी प्रतिक्रिया लिखी।

कुछ और खोज करने पर पता चला कि पिछले वर्ष ऐसा ही दावा छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में भी किया गया था। उसमें भी प्रमाण मांगने पर दावा करने वाला प्रमाण नहीं दे पाया। वियतनाम घूम कर आये एक व्यक्ति ने तो साफ लिखा कि वियतनाम में ऐसी किसी घटना की कोई जानकारी नहीं है। एक और व्यक्ति ने लिखा कि वियतनाम के संघर्ष के नेता और लंबे समय तक वहां के प्रधान मंत्री रहे हो चि मिन्ह धुर वामपंथी थे और उनके किसी लेख या भाषण में महाराणा प्रताप या शिवाजी का कोई उल्लेख नहीं है। इससे तो यही सिद्ध होता है कि ये 'ह्वाट्सऐप विश्वविद्यालय' की ही खोज है, जिसका तथ्यों से कोई लेना-देना नहीं है।

वियतनाम का तो यह एक उदाहरण है। अपने राजनीतिक विरोधियों की छवि नष्ट करने के लिए और उनकी उपलब्धियों को नकारने के लिए ऐसी पोस्ट सारा दिन दर्जनों की तादाद में आती रहती हैं। बिना उनकी सत्यता परखे समाज का एक हिस्सा उन्हें फॉरवर्ड करने में जुट जाता है। जिससे कुछ समय बाद झूठ सच लगने लगता है, पर जब कोई ऐसे मूर्खतापूर्ण व द्वेषपूर्ण दावों की पड़ताल करता है और उन्हें झूठा सिद्ध कर देता है, तो सामने की तरफ सन्नाटा छा जाता है। न उत्तर दिया जाता है और न ही अपने अपराध के लिए क्षमा मांगी जाती है।

ये सिलसिला यूं ही चलता जा रहा है। समझ में नहीं आता कि सैंकड़ों करोड़ रुपये खर्च करके आइटी सेल चलाने वाले राजनीतिक संगठन या दल ऐसा झूठ फैला कर क्या हासिल करना चाहते हैं? इससे उनकी विश्वसनीयता तेजी से घटती जा रही है। वह दिन दूर नहीं जब ऐसा भ्रम फैलाने वालों की भी वही गति होगी, जो उस भेड़ चराने वाले लड़के की हुई थी, जो बार-बार झूठा शोर मचाता था, बचाओ-बचाओ भेड़िया आया।

# आर्ट ऑफ गिविंग : जीवन का एक तरीका



अच्युत सामंत

आर्ट ऑफ गिविंग (एओजी) मेरे द्वारा प्रतिपादित जीवन का एक दर्शन है, जो दुनिया में खुशी और शांति को बढ़ावा देने की इच्छा रखता है। यह इस आधार पर शुरू हुआ है कि, सुख और शांति की तलाश करना एक बुनियादी मानवीय इच्छा और प्रकृति है। लेकिन भौतिक खोज के क्रम में, कभी-कभी सबसे विकसित चरित्र के रूप में मनुष्य इस आंतरिक आदत को खो देते हैं और स्वार्थ से पीड़ित हो जाते हैं। आशा और सद्भाव सीमाओं, जातियों, पंथों, राष्ट्रीयता को पार करते हुए मानवता के बंधनों से मजबूत हुए हैं।

यह मनुष्यों में एक स्वाभाविक प्रवृत्ति है, जिसका अगर अभ्यास किया जाये, तो एक ऐसे समाज का निर्माण करने में मदद मिल सकती है, जहां शांति और करुणा मुख्य हो।

**मील का पत्थर की उपलब्धि :** हमने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार के माध्यम से लगभग दो लाख लोगों के जीवन को सशक्त बनाया है। वास्तव में, मैंने पांच साल की उम्र में देना और त्याग करना शुरू कर दिया था, जब मैं खुद कंगाल था। 17 मई 2013 को दुनिया को देने की खुशी का अनुभव करने के लिए दुनिया को एक दार्शनिक और क्रिया-उन्मुख ढांचा देने के लिए मेरे पूरे जीवन में यह निस्वार्थ दान 'आर्ट ऑफ गिविंग' में परिणत हुआ और तब से एओजी एक नागरिक आंदोलन बन गया है - एक स्वयंसेवक-आधारित देने की कला के प्रति लोगों को जागरूक करने का अभियान शुरू हुआ है। इसी के तहत, इस वर्ष 17 मई को 10वां आर्ट ऑफ गिविंग डे मनाया जा रहा है।

**जहां अभाव आदर्शों में बदल जाता है :** मेरे बचपन के अभाव के अनुभवों ने मुझे देने की सच्ची परिवर्तनकारी शक्ति सिखायी और यह इन अनुभवों से था कि आर्ट ऑफ गिविंग का जन्म उन लोगों की मदद करने की गहरी इच्छा के साथ हुआ जो कम भाग्यशाली हैं और दुनिया में शांति, आनंद और सद्भाव फैलाते हैं। एओजी का वास्तविक उद्देश्य केवल उन लोगों को धन या भौतिकवादी सहायता देना नहीं है, जिन्हें इसकी आवश्यकता है, बल्कि किसी की गरिमा के साथ मदद करना है, दान नहीं और उनके जीवन में खुशी लाना है। धैर्यपूर्वक सुनने की शक्ति और संकट में सांत्वना देने वाले मधुर वचनों की शक्ति को कोई नकार नहीं सकता।

मुझे लगता है कि, इसका कोई निर्धारित प्रारूप नहीं है, लेकिन देने की भावना भीतर से अच्छी तरह से उभरनी चाहिए। हमारे इस प्रयास से दुनिया भर में शांति और खुशी का संदेश फैलाने के लिए दुनिया भर में अधिक से अधिक लोग इस आंदोलन में शामिल हो रहे हैं।

पिछले नौ वर्षों से, आर्ट ऑफ गिविंग समुदाय, जिसमें शुभचिंतक और इससे प्रेरित लोग शामिल हैं, उन्होंने 17 मई को अंतरराष्ट्रीय कला दिवस के रूप में मनाते हैं। जिसके तहत, 2014 में देने की कला के माध्यम से समाज, अध्यात्म और मानवता तीनों को एक करने के लिए प्रयास किया गया। 2015 में अनुकंपा : गारमेंट बैंक जरूरतमंदों को पुराने रिसाइकिल योग्य कपड़े और अन्य सामग्री दान किये गये। 2016 में कृतज्ञता के अभ्यास के माध्यम से विश्व और स्वयं के साथ जुड़ने के लिए कई कार्यक्रम किये गये। इसी तरह 2017 में स्वस्थ जीवन और हरित भविष्य का संदेश फैलाने के लिए साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया।

वर्ष 2017 के बाद, सामुदायिक भवन के लिए सामुदायिक योगदान की शुरूआत के साथ आर्ट ऑफ गिविंग का परिवार हजारों से बढ़ कर लाखों हो गया। इसी तरह स्वयंसेवकों की संख्या तेजी से बढ़ी।

2018 में, प्यार भरा पैक एक बड़ी सफलता थी। इस साल 20 मिलियन से अधिक भोजन वितरित किये गये। 2019 में, बैग ऑफ हैप्पीनेस ने छात्रों को हैप्पीनेस किट उपहार में देकर लोगों को एक साथ जोड़ा। महामारी के संघर्ष के दौरान, 2020 में थीम थी एओजी फाइट्स कोरोना, ताकि कोविड योद्धाओं को स्वीकार किया जा सके और पीड़ितों की मदद की जा सके।

2021 में 'माई मदर माई हीरो' एक टेम्प्लेट मैं थीम थी 'मेरी मां मेरी हीरो', जिसमें एओजी समुदाय ने माताओं, देने वालों को आभार पत्र लिखा था। 2022 में, 'आशा, खुशी और सद्भाव' थीम थी, जिसमें प्रेम, करुणा, सहानुभूति, दया और कृतज्ञता के सरल कार्यों के माध्यम से एक दूसरे को जोड़ने और समर्थन करने का विषय था। इस वर्ष, आर्ट ऑफ गिविंग के दशक में थीम 'हेल्पिंग द हेल्प' है।

20 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स और 1.5 मिलियन सदस्यों के साथ, एओजी परिवार तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर के 120 देशों में 300 से अधिक स्थानों के संयोजक, भारत के सभी राज्यों और ओडि]शा के सभी पंचायतों और ब्लॉकों में आर्ट ऑफ गिविंग और स्वयंसेवा के संदेश को फैलाने के लिए साल भर काम कर रहे हैं।

देने की कला कोई नयी अवधारणा नहीं है; यह सदियों से अभ्यास किया गया है। कहने की आवश्यकता नहीं है कि दान प्रत्येक धर्म का एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है, क्योंकि आध्यात्मिक जीवन के लिए करुणा आवश्यक है। भारतीय शास्त्रों में 'दान' या दान का बहुत प्रमुख स्थान है। आर्ट ऑफ गिविंग कम्युनिटी ने समाज को वापस देने की अवधारणा को एक नया दृष्टिकोण दिया है। बदले में कुछ भी उम्मीद किये बिना देने के संगठन के दर्शन ने कई जिंदगियों को छुआ है और लाखों लोगों को इस कारण से जुड़ने के लिए प्रेरित किया है। देने की कला का अंतरराष्ट्रीय दिवस हम सभी के लिए एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि हम दया, प्रेम और कृतज्ञता के सरल कार्यों के माध्यम से किसी के जीवन में सकारात्मक अंतर ला सकते हैं। आर्ट ऑफ गिविंग कम्युनिटी इस बात का एक मिसाल है कि, कैसे एक व्यक्ति के कार्यों का एक लहरदार प्रभाव हो सकता है और यह दुनिया को बेहतर के लिए बदल सकता है।

**(लेखक : आर्ट ऑफ गिविंग के संस्थापक हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# एनआइटी को देश में 50वें रैंक में लाना लक्ष्य: गौतम सुत्रधर

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर स्थित एनआईटी में नये निदेशक गौतम सुत्रधर ने पदभार संभाला। सोमवार को पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा आदित्यपुर एनआईटी को देश में 50वें रैंक में लाना हमारा सपना है। निदेशक गौतम सुत्रधर ने बताया कि एनआईटी मणिपुर में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप कर वहां फैकल्टी और लैब शोध आदि पर काम कर उसे अग्रणी संस्थान बनाया गया। उन्होंने कहा उनका सपना अकेले पूरा नहीं बल्कि टीम वर्क से पूरा करना होगा। जिसके लिए वे यहां एक टीम गठित करने की बात कही।उन्होंने बताया संस्थान के रैंक में सुधारने के लिए एलुमनी को भी योगदान करना होगा। अभी उनका मंत्रालय देशभर में सर्वे करा रही है। उन्होंने कहा देश के कितने छात्र है जो यहां से पढ़ाई कर देश के विकास में योगदान दे रहे हैं। रैंक सुधार के लिए संस्थान के अंदर सभी छात्रों को होस्टल मुहैय्या और एक 500 सीटर ऑडिटोरियम के निर्माण करना होगा। उन्होंने कहा वे यहां के डेवलपमेंट डिपार्टमेंट से कार्ययोजना बनाकर इस पर काम करने की रणनीति तैयार करेंगे। सुत्रधर ने कहा वर्तमान में संस्थान के 36 विभिन्न प्रोजेक्ट पर प्रायोजक की मदद से शोध चल रहा है। लक्ष्य है कम से कम सौ प्रोजेक्ट से अधिक पर उनके संस्थान में शोध हो। इसके अलावा उन्होंने संस्थान में रिक्त पड़े 66 फैकल्टी पर शीघ्र नियुक्ति करने की रणनीति बनाने की बात कही। उन्होंने दावा किया है 2 साल के अंदर शत प्रतिशत छात्रों को कैंपस में ही होस्टल उपलब्ध कराया जाएगा और 5 साल में यह संस्थान देश के टॉप 50वें रैंक के अंदर होगा। मौके पर निदेशक के अलावा डिप्टी डायरेक्टर आरबी शर्मा, रजिस्ट्रार एकेएल श्रीवास्तव, प्रवक्ता सुनिल कुमार भगत शामिल रहे।



## झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की बैठक में संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा

# सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की सूची दस दिनों में करें जारी: रामदास सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के सीतारामडेरा स्थित आदिवासी एसोसिएशन हॉल में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की बैठक विधायक सह जिलाध्यक्ष रामदास सोरेन के नेतृत्व में आयोजित की गयी। सोमवार को बैठक के दौरान पूर्वी सिंहभूम जिले में संगठन को मजबूती प्रदान करने से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी। मौके पर विधायक रामदास सोरेन ने नेता और कार्यकताओं को कई दिशा-निर्देश दिये।
बैठक में जिला अध्यक्ष रामदास सोरेन ने सभी प्रखंड अध्यक्षों को जिला समिति द्वारा दिये गये पत्र में प्रखंड के अन्तर्गत आने वाले सभी पंचायतों के पदाधिकारियों और सदस्यो की सूची दस दिनों के अंदर जिला समिति को सौंपने का निर्देश दिया। बैठक में सदस्यता अभियान पर चर्चा करते हुए पूर्वी सिंहभूम जिले में 1 लाख प्राथमिक सदस्य बनाने जा निर्णय लिया गया।

इसके लिए जिला समिति और उनकी अनुसांगिक इकाईयों से एक हजार सक्रिय सदस्यों की सूची तैयार करते हुए सदस्यता अभियान में शामिल करने का निर्णय लिए गये। सदस्यता अभियान एक जून से 30 जून तक चलाया जायेगा। बैठक का संचालन जिला संगठन सचिव, विद्या सागर दास और धन्यवाद ज्ञापन जिला सचिव घनश्याम महतो ने दिया।
बैठक में शेख बदरुद्दीन, प्रमोद लाल, सुनील महतो, वीरसिहं सुरेन, लालटू महतो, शंकर चन्द्र हेंब्रम, जिला उपाध्यक्ष बघराई मर्डी, सागेन पूर्ति, रामदास हांसदा, महावीर मुर्मू, जुगल किशोर मुखी,शैलेन्द्र मेंथी, राज लकड़ा, कमलजीत कौर गिल,चंद्रवती महतो,बाली मार्डी, झरना पाल, सविता सिंह, सविता दास, रजनी दास, अजय रजक, कलीपोदो गोराई, फैयाज खान, मोहम्मद जमिल,गोपाल महतो, नंटू सरकार, राजा सिंह, प्रीतम हेंब्रम, डी राकेश राव, धीरेन मर्डि, सुदर्शन स्वाशी, विनोद डे, अजित कुमार, धरंजय सिंह, विद्वान सोरेन, मानसिंह बेसरा के साथ प्रखंड के अध्यक्ष, सचिव और चार नगर पालिका क्षेत्र के अध्यक्ष, सचिव शामिल रहे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### मुखिया ने करीयई बाबा धाम के समीप चबूतरा निर्माण की आधारशिला रखी



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बलीगढ़ पंचायत मुखिया ललिता कुमारी ने सोमवार को खोन्हर गांव के करीयई बाबा धाम के समीप 15वें वित्त से 85 हजार की लागत से चबूतरा निर्माण की आधारशिला रखी। सर्वप्रथम मुखिया ललिता कुमारी ने गांव के बैगा से करियई बाबा का पूजा अर्चना करवायी। उसके पश्चात वार्ड सदस्य एवं गांव के बुजुर्ग से नारियल फोड़ कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने गांव के सम्मानित गार्जियन को फूल माला पहना कर सम्मानित किया। वहीं मुखिया ललिता कुमारी ने कहा कि बलीगढ़ पंचायत की सम्मानित जनता ने मुझ पर एवं मेरे पति मनोरंजन प्रसाद गुप्ता पर विश्वास कर-के मुखिया बनाया है, मैं हमेशा लोगों के विश्वास पर खरा उतरने का काम करूंगी। वहीं मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने कहा कि चुनावी दौर में ही लोगों के द्वारा करियई बाबा के पास चबूतरा की मांग की गयी थी, जो आज हमने ग्राम खोन्हर के करियइ बाबा के पास चबूतरा निर्माण की आधारशिला रख कर लोगों की मांग को पूरा किया। मौके पर 20 सूत्री सदस्य छोटन कुमार सिंह, समाजसेवी रमेश राम, सुशील यादव, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता, रवि शंकर गुप्ता, सत्येंद्र शाह, सिकेन्दर शाह, बालेश्वर साह, लालू साह, आशीष गुप्ता, रोशन गुप्ता, योगेंद्र साव, नन्हइ साह सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### लू लगने से मवि के सहायक शिक्षक की मौत

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। मध्य विद्यालय हरिहरपुर के सहायक शिक्षक की लू लगने से मौत हो गयी। जिसकी खबर मिलते ही शिक्षा जगत के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी शोक की लहर दौड़ गयी। ज्ञात हो कि मध्य विद्यालय हरिहरपुर के सहायक अध्यापक अशेश्वर सिंह (57) पिता स्व. शिवजी सिंह की मृत्यु सोमवार की दोपहर में हो गई। इस संबंध में मिली प्राप्त सूचना के अनुसार शिक्षक अशेश्वर सिंह प्रतिदिन विद्यालयीन कार्य कर के टाउनशिप स्थिति अपने क्वार्टर में जाया करते थे। शुक्रवार को विद्यालय में अध्यापन कराकर क्वार्टर जाने के दौरान उन्हें लू लग गई, जिस वजह से उनकी स्वास्थ्य बिगड़ने लगी पर शनिवार की सुबह वे पुनः मध्य विद्यालय हरिहरपुर आये पर विद्यालय में ही उनकी और स्वास्थ्य में गिरावट आई और वे विद्यालय से अपने क्वार्टर चले गए जहां उनके स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आने लगी। सोमवार की सुबह जब वे विद्यालय आने में अपने आप को असमर्थ समझे तो विद्यालय से छुट्टी ले लिए। इसी क्रम में दोपहर में उनकी तबियत में सुधार नहीं होता देख उन्हें भवनाथपुर अस्पताल में ले जाया जा रहा था, जहां अस्पताल के दरवाजे पर ही सांसे थम गईं, जहां डॉक्टरों ने उन्हें देखकर मृत घोषित कर दिया।

### बरडीहा पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**बरडीहा (आजाद सिपाही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बरडीहा मझिआंव कांडी मुख्य मार्ग पर सलगा मोड़ और कुंदरहे मोड़ पर बरडीहा पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान एएसआई पवन राम महतो के नेतृत्व में चलाया गया, जहां पर चेकिंग के दौरान हेलमेट, जूता, त्रिपाल लोड गाड़ी के कागजात की जांच की गयी। बाइक चालक के पास से हेलमेट, कागजात नहीं रहने पर वाहन को जब्त करते हुए सात दुपहिया वाहनों पर मोटर वाहन एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान लगातार चलाया जाएगा।

### पाइप की ढेर में आग लग जाने के कारण दहशत का माहौल



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** सोमवार की संध्या 6:30 पर चेचरिया स्थित डॉक्टर सिद्धनाथ प्रसाद की गली में पाइप की ढेर में आग लग जाने के कारण दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया। आग की लपटें 40 से 50 फीट ऊंची थीं। काले धुंए का गुब्बार पूरे क्षेत्र में फैल गया। आग लगने की सूचना मिलने के साथ ही हजारों की संख्या में लोग आग लगे हुए स्थल की ओर दौड़ने लगे। मौके पर दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया। आग इतनी तेजी से लगी कि रखा हुआ पाइप का बंडल जलकर खाक हो गया। हालांकि दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने में कोई खास समय नहीं लगाया। दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। खुले में पाइप का गोदाम बना हुआ था। पाइप कृषि यंत्र विक्रेता रूपेश जायसवाल की बताई जा रही है। समाचार लिखे जाने तक आग लगने का कारण एवं आग से हुए नुकसान का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की छानबिन कर रही है।

**कार्यक्रम : स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का समापन समारोह आयोजित**

# क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुखिया और अन्य कर्मी किये गये सम्मानित

**उपायुक्त ने की स्वच्छता पखवाड़ा की प्रशंसा, कहा ऐसे कार्यक्रम निरंतर चलाये जाने की आवश्यकता है**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग गढ़वा द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का जिला स्तरीय कार्यशाला का समापन समारोह का आयोजन समाहरणालय के सभागार में किया गया। विदित हो कि स्वच्छता पखवाड़ा दिनांक 29 अप्रैल 2023 से 15 मई 2023 तक मनाया गया। समापन समारोह के आयोजन में मुख्य रूप से उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय एवं निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन उपस्थित थे। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत दिनांक 29 अप्रैल 2023 से 15 मई 2023 तक जिले के विभिन्न प्रखंडों/पंचायतों/ग्रामों आदि क्षेत्रों में में किए गये विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया गया एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से लोगों के बीच प्रदर्शित किया गया।

मौके पर उपस्थित कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गढ़वा प्रदीप कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि स्वच्छता पखवाड़ा के मुख्य उद्देश्यों के तहत स्वच्छता एवं जल संग्रहण के क्षेत्रों में जागरूकता फैलाई गई। नुक्कड़-नाटक, कार्यशाला, चौपाल, जागरूकता रथ आदि के माध्यम से कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए लोगों को स्वच्छता एवं जल संरक्षण के उपाय व लाभ बताएं गये। ग्रामीण स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, जल का उचित उपयोग, जल गुणवत्ता का परीक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोकपिट, गोबर गैस प्लांट इत्यादि थीम से संबंधित विभिन्न कार्य किए गए।

इस दौरान उक्त क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान व सहभागिता के लिए मेराल-विकताम के सुरेश राम एवं नगर उंटारी-गरबांध की मुखिया सिबिस्टियानी केरकेट्टा को उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त द्वारा शॉल तथा पुष्प का पौधा देकर सम्मानित किया गया। वहीं मेराल-विकताम की जलसहिया चंचला देवी तथा रमना-हरादाग की जलसहिया शीला देवी को भी निदेशक डीआरडीए एवं कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा द्वारा शॉल एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर उपायुक्त श्री जमुआर ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत किये गए कार्यों के लिए प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा का समापन जरूर हो रहा है, परन्तु ऐसे कार्य निरंतर चलाये जाने की आवश्यकता है। इसमें सिर्फ पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ही नहीं, बल्कि सभी लोगों की एवं अन्य विभागों की भी सहभागिता आवश्यक है। उक्त कार्यशाला में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी समेत जिला स्तर के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# बैंक खाते में संचित अव्यवहृत राशि राज्य के समेकित निधि कोष में जमा करें : उपायुक्त



**पूर्व के दिये गये निर्देश के आलोक में जिन प्रखंड-अंचलों ने राशि जमा नहीं कि उन पर जतायी नाराजगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के तहत उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं से संबंधित बैंक खाते में संचित एवं अव्यवहृत राशि को राज्य के समेकित निधि कोष में जमा करने संबंधी बैठक समाहरणालय के सभाकक्ष में की गयी। साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये वर्चुअल रूप से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी, गढ़वा जिला को उपायुक्त श्री जमुआर, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय एवं निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत बैंक खातों में संचित एवं अव्यवहृत राशि एवं उस पर ब्याज सहित राशि को राज्य के समेकित निधि कोष में जमा किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। विदित हो कि इससे पूर्व 06 मई 2023 को बैठक कर निश्चित रूप से उक्त संबंधित राशि को जमा कर देने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के आलोक में कुछ प्रखंडों यथा- मेराल, डंडई, रमकंडा, मंझिआंव एवं रमना द्वारा राशि जमा करने संबंधी प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है। जबकि शेष प्रखंडों द्वारा इससे संबंधित प्रतिवेदन अभी तक अप्राप्त है। समीक्षा के दौरान राशि को शत-प्रतिशत जमा अभी तक नहीं करने पर असंतोष व्यक्त किया गया एवं कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे जल्द से जल्द जमा करने हेतु निर्देशित किया गया।

मौके पर उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी रंका राम नारायण सिंह, जिला स्तर के विभिन्न पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

# जीएन कॉन्वेंट स्कूल में मातृ दिवस पर हुए विशेष कार्यक्रम

**समर कैंप के दूसरे दिन हुआ इंटर हाउस क्विज कॉम्पिटिशन**

**बच्चों में दिखा उत्साह का माहौल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट +2 स्कूल के नए सभागार में मातृ दिवस सह समर कैम्प क्विज प्रतियोगिता के मौके पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन केशरी ने दीप प्रज्वलित और विद्या की देवी सरस्वती के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की। प्रशाल में उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मातृ दिवस मां और बच्चे के लिए वर्ष का एक बहुत एक बहुत ही खास दिन है। भारत में ये पिछले कई वर्षों से मई महीने के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। हमारे प्रतिदिन के जीवन में मां के योगदान को विशिष्ट रूप से दर्शाने के लिए विभिन्न देशों में अलग-अलग दिनों में मातृ दिवस को मनाया जाता है। एक बच्चे को जन्म देने से लेकर उसे एक अच्छा इंसान बनाने तक सभी पड़ावों में मां अपने बच्चों के जीवन में बहुत अहम भूमिका निभाती है। ये केवल मां ही है जो अपने बच्चे के चरित्र और पूरे जीवन को आकार देती है। सभी मां अपने बच्चे की वृद्धि और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। वो हर एक चीज का ध्यान रखती है जो उसके बच्चे की जरूरत हो। सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक के खुद को अपने बच्चे के लिए पूरी तरह जिम्मेदार समझती है।

मातृ दिवस पर अपना विचार प्रकट करते हुए शिक्षिका सुषमा तिवारी ने मां की महिमा को अत्यंत भावुकता के साथ जीवंत किया जबकि शिक्षिका नीरा शर्मा ने अपने मार्मिक गायन के माध्यम से प्रशाल में उपस्थित सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें भाषण कला तथा क्विज प्रतियोगिता शामिल रही।

कार्यक्रम को सफले बनाने में उपप्राचार्य बसंत ठाकुर, शिक्षक खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, संजीव कुमार, दीपक कुमार, नरेन्द्र सिन्हा, नीरा शर्मा, निलम कुमारी, रिजवाना शाहिन, शिवानी कुमारी, सुषमा, निधि कुमार, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही। मंच संचालन बसंत ठाकुर के द्वारा किया गया जबकि, धन्यवाद ज्ञापन खुर्शीद आलम ने किया।

### वार्षिकोत्सव सह मातृ दिवस पर जेपीएस सेंट्रल विद्यालय में बच्चे और कर्मी किये गये सम्मानित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** वार्षिकोत्सव सह मातृ दिवस केअवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन जे.पी.एस.सेंट्रल विद्यालय गढ़वा के द्वारा किया गया। सभी प्रथम लाने वाले बच्चों को प्रशस्ति-पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया और विद्यालय टॉपर को ट्राफी एवं प्रशस्ति-पत्र दिया गया। विद्यालय टॉपर जिसका नाम जसिकाश्री है। वह प्रथम वर्ग की छात्रा है जो अपने नाना-नानी के घर में रहकर पढ़ती है और नर्सरी से ही प्रथम लाती रही है। साथ ही विद्यालय के सहयोगियों को लॉट्री के माध्यम से पैक तोहफा दिया गया। जिसमें प्रथम भाग्यशाली रंजन पाण्डेय रहे। लॉट्री के माध्यम से ही उक्त अवसर पर माताओं को भी सम्मानित किया गया,जिसमें पहला भाग्यशाली माता श्रीमती सबीता देवी रही। अंत में विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक धर्म राज भारती ने कहा कि विद्यालय के द्वारा जो किया गया सराहनीय है करते हुए शिक्षा की गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था और शिक्षण के साथ विद्यालय में ईस तरह का कल्चरल प्रोग्राम होने से बच्चों में सर्वांगीण विकास की संभावनाए बढ़ती है।बोला गया। अंत में ईस विद्यालय के डॉयरेक्टर श्रीमान ब्रज भूषण सर के द्वारा सभी विद्यालय परिवार एवं माताओं तथा उद्घोषक अरूण पाण्डेय कोअभार प्रकट करते हुए सभा की कार्रवाई की समाप्ति की घोषणा की।

## वनपाल ने ग्रामीणों को जल-जंगल-जमीन बचाने की शपथ दिलायी



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के भलुआनी गांव में वन विभाग के वनपाल विवेकानंद चौबे की अगुआई में बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से जल जंगल और जमीन बचाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वनपाल विवेकानंद चौबे ने कहा कि नीचे जाते हुए जलस्तर को समस्या एवं पर्यावरण प्रदूषण की समस्या को देखते हुए हम सभी को जल जंगल और जमीन को बचाना चाहिए तथा हर व्यक्ति को साल में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि पानी बचाने के लिए हमें ऊर्जा यानी बिजली भी बचाना होगा। क्योंकि बिजली का उत्पादन भी पानी से ही होता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के बीच 100 वाट का बल्ब को हटाकर एवं एलईडी बल्ब लगाने का आग्रह किया। वनपाल ने लोगों को जल जंगल जमीन एवं ऊर्जा बचाने के लिए हाथ उठाकर शपथ भी दिलाई। मौके पर रामलखन साव, मनोज ठाकुर, राजेंद्र राम एवं सीता राम साहू सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–03/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 29.05.2023 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 30.05.2023 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 30.05.2023 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, राँची, अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची एवं नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यो का विवरण:

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation Work of Bio Fermenter Building, Epidemiology-1 at Kanke, Ranchi | 3722700.00 | 74500.00 | 5000.00 | Three Months |
| 2 | Renovation Work of Quality Control Department, G.M.P. Lab and Car Parking Shed at Kanke Ranchi | 4976000.00 | 99600.00 | 5000.00 | Three Months |
| 3 | Renovation of PET Clinic Building at Chutia Ranchi | 572800.00 | 11500.00 | 1250.00 | One Month |
| 4 | Renovation of Training Centre Building, Car Parking and Paver Block in Campus of Employment Exchange Office at Circular Road Ranchi | 2632250.00 | 52700.00 | 5000.00 | Three Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 297406 Building (23-24)_D


**कार्यक्रम : लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन का 20वां चार्टर नाइट सह सम्मान समारोह आयोजित**

# चार्टर अध्यक्ष सहित अन्य सदस्यों को किया गया सम्मानित

**जमशेदपुर में द्वितीय उप जिला पाल के चुनाव में जीत हासिल करने के लिए एमजेएफ लायन संजय कुमार वीडीजी-2 किये गये सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन का 20वां चार्टरनाईट सह एमजेएफ लायन संजय कुमार वीडीजी-2 इलेक्टेड का सम्मान समारोह स्थानीय बंधन मैरेज हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि एमजेएफ लायन संजय कुमार और चार्टर अध्यक्ष लायन आनंद कुमार और सभी चार्टर सदस्यों ने केक काटकर चार्टर नाइट मनाया।

लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के द्वारा रवि अग्रवाल, रविंद्र जायसवाल, दिव्य प्रकाश केशरी, नीरज कुमार, संतोष अग्रवाल, अमित केशरी, परमानंद केशरी, अरविन्द गुप्ता, मो. शमीम समेत चार्टर अध्यक्ष आंनद कुमार को बुके देकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही मदर्स डे के उपलक्ष्य में उपस्थित सदस्य दीपाली अग्रवाल, प्रीति गुप्ता, स्वेता अग्रवाल, अंकिता अग्रवाल, प्रतिमा कश्यप, रूचि अग्रवाल, सोनी गुप्ता, शालिनी अग्रवाल, सुजाता अग्रवाल, इंदु अग्रवाल, रागिनी आजाद, गायत्री देवी, विनीता मेहता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता दत्त, विनीता आनंद आदि ने केक काट कर मदर्स डे मनाया।

तत्पश्चात लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के अध्यक्ष विजय सोनी, चार्टर नाइट सह सम्मान समारोह के चेयरमैन रविंद्र जायसवाल, जोन चेयरमैन दया शंकर गुप्ता, अरविन्द गुप्ता ने एमजेएफ लायन संजय कुमार इलेक्टेड वीडीजी-2 को जमशेदपुर में आयोजित डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में द्वितीय उप जिला पाल के चुनाव में जीत हासिल करने के लिए शॉल और बुके देकर सम्मानित किया गया।

मास्टर ऑफ सेरेमनी अमित कश्यप ने क्लब के इतिहास के बारे में बताया। गढ़वा ग्रीन आज 21वें साल में प्रवेश किया है। हमारे क्लब के द्वारा एक यात्री शेड टंडवा स्कूल के बगल में और दूसरा पोस्टऑफिस के पास है। सदर अस्पताल गढ़वा के ब्लड बैंक में ब्लड डोनर चेयर और ब्लड डोनेशन के समय उपयोग की जाने वाली ब्लड वेट मशीन भी गढ़वा ग्रीन के द्वारा दी गयी है। पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व जोन चेयरमैन हर्ष अग्रवाल के सत्र से ऑक्सीजन सिलेंडर भी जरूरतमंदों के लिए लायंस ग्रीन के पास उपलब्ध है, जिसे जरूरतमंदों की सेवा में प्रयोग किया जाता है। सदर अस्पताल गढ़वा में एक एसी मोबाईल मौर्चुरी जो कि शव को 72 घंटे तक सुरक्षित रखने के लिए इस्तेमाल किया जाता है और उसे जरूरत पड़ने पर अपने यहां ले जाकर भी इस की सेवा ली जा सकती है। इसके अलावा परमानेंट प्रोजेक्ट में ब्लड डोनेशन, हेल्थ चेकअप कैंप, फूड फॉर हंगर, पीस पोस्टर कांटेस्ट, वृक्षा रोपण, कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर जिसमें ट्राइसाईकिल, व्हीलचेयर, श्रवणयन्त्र, बैसाखी, कृत्रिम पैर हाथ, अन्धों की छड़ी इत्यादि प्रदान किया जाता है। इस तरह के अनेकों कार्यक्रम किये जाते हैं। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन पतंजलि केशरी ने किया। कार्यक्रम में समीर खन्ना, पीयूष तुलस्यान, विजय सिन्हा, उमा कांत पाण्डेय, आशुतोष अग्रवाल, नन्दलाल प्रसाद, डॉ जे.पी. सिंह, डॉ निशांत सिंह, संजय, राजमणि प्रसाद सोनी, उमेश अग्रवाल, रामनारायण प्रसाद, पुरषोत्तम अग्रवाल, साकेत केशरी, अर्पित अग्रवाल, गौतम गुप्ता, पवन अग्रवाल, नन्द कु गुप्ता, तेजस्व अग्रवाल, अर्बन दुबे, अनमोल अग्रवाल, अतुल दुबे, मयंक अग्रवाल, मानस अग्रवाल उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 09/2023–24**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 26.05.2023 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 27.05.2023 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.05.2023 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज के ग्राम सेरका में मुनिया देवी, पति–राजेश गंझू के जमीन पर डीप बोरिंग कार्य। | 426400/- | 10000/- | 750/- | 01 (One ) Month |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज के ग्राम सेरका में टुनिया देवी, पति–बालेश्वर गंझू के जमीन पर डीप बोरिंग कार्य। | 426400/- | 10000/- | 750/- | 01 (One ) Month |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें ।

नोटः– **1. Tender Fee 2%** अग्रधन की राशि Update Character, PAN, UCAN, G.S.T Certificate, up to date G.S.T Return Certificate, तथा निबंधन प्रमाण–पत्र, स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जाएगा।

**2.** निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संकल्प संख्या 2146(s) दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप Performance Security उपलब्ध करायें।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 297387 Building (23-24)_D

## सलाह : तोरपा प्रखंड में मिलेट्स जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

# मिलेट्स व उसके उत्पादों से संबंधित उद्यम लगाने से होगा लाभ : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी शशि रंजन के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों में मिलेट्स जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रखंड स्तर पर संबंधित जनप्रतिनिधि, सखी मंडल की दीदियां व प्रगतिशील किसान भाग ले रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को तोरपा प्रखंड में मिलेट्स जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिससमें कृषक मित्रों को विशेष रूप से सक्रिय भूमिका निभाते हुए किसानों को प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही किसानों को ड्रैगन फ्रूट एवं स्ट्रॉबेरी की खेती से होने वाले आर्थिक लाभ संबंधित जानकारी कृषि विभाग के प्रखंड समन्वयक द्वारा दी गई। कार्यशाला के दौरान बीडीओ ने विशेष रूप से मिलेट्स उत्पादन को लेकर कृषकों को प्रेरित किया गया। साथ ही जनप्रतिनिधियों को इसे लेकर क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। बताया गया कि खूंटी के कृषक हमेशा से मडुआ और रागी या ज्वार आदि मोटे अनाजों की खेती करते आये हैं। ये अनाज यहां के लोगों के समुचित पोषण और उत्तम स्वास्थ्य का स्त्रोत रहा है। बीडीओ ने बताया कि मिलेट्स की खेती के लिए किसानों को सही तकनीक, बीज की उन्नत किस्में और समय-समय पर उचित मार्गदर्शन देने के लिए कृषि विभाग द्वारा लगातार सहयोग भी किया जाएगा। कार्यशाला में बताया गया कि मिलेट्स और उसके उत्पादों की बाजार मांग में आयी अभूतपूर्व तेजी को देखते हुए कृषि विभाग सहयोगी संस्थाओं की मदद से किसानों और स्थानीय लोगों को मिलेट्स और उसके उत्पादों से संबंधित उद्यम लगाने से भी लाभ होगा। इनमें विशेष रूप से मडुआ से बनने वाले कप केक, नमकीन, लड्डू और पोषक पेय जैसे उत्पादों का निर्माण शामिल हैं। बताया गया कि किसानों के बीच समय समय पर मडुआ के उत्तम किस्मों के बीजों का निःशुल्क वितरण किया गया है। नए किस्मों की खेती में किसानों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए कृषि विभाग ने उनके प्रक्षिक्षण की भी समुचित व्यवस्था की है। अभी हाल ही में जिले के कृषकों को सफेद मडुआ की खेती का सफल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।



कार्यशाला में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी, जन प्रतिनिधि व अन्य।

# पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी : पुष्पा महतो

## सिल्ली स्टेडियम में दो दिवसीय तीरंदाजी चयन प्रतियोगिता शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम परिसर में सोमवार को दो दिवसीय तीरंदाजी चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सिल्ली थाना के एसआई राजीव रंजन, आदर्श उच्च विद्यालय के प्रिंसिपल पुष्पा महतो, वाइस प्रिंसीपल वासुदेव व अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज मधुमिता कुमारी ने सामूहिक रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पुष्पा महतो ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामना देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल बहुत जरूरी है। खेल से मानसिक एवं शारीरिक दोनों का विकास होता है। साथ ही खेल से भी बेहतर केरियर बनाया जा सकता है। वहीं, कोच प्रकाश राम व शिशिर महतो ने बताया कि पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड के अधिनस्थ संचालित आवासीय तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र के लिए बालक एवं बालिकाओं के 10 से 14 वर्ष तक आयु वर्ग के सुयोग्य खिलाड़ियों के लिए दो दिवसीय चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें रांची जिला के विभिन्न प्रखंडों के लगभग 60 बालक बालिकाएं भाग ले रही हैं। इस अवसर पर चयन समिति के करण कुमार कर्मकार, वरीय तीरंदाजी प्रशिक्षक एकलव्य तीरंदाजी केंद्र खेलगांव रांची, आवासीय बालिका प्रशिक्षण केंद्र सिल्ली के प्रशिक्षक प्रकाश राम, आवासीय बालक तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक शिशिर महतो, डे बोर्डिंग तीरंदाजी पसिद्ध जितेंद्र जोन्हा के प्रशिक्षक रोहित कोइरी आदि उपस्थित थे।

## बांकू गांव में जंगली हाथी का उपद्रव, घर को किया क्षतिग्रस्त

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बांकु गांव में जंगली हाथी का उपद्रव देखने को मिला। अभिराम महतो नामक ग्रामीण के घर की दीवाल को हाथी ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। इसके बाद घर मे रखे चावल-धान को भी खा गया। घटना रविवार की रात 9 बजे के आसपास की जताई जा रही है। ग्रामीणों की मानें तो हाथी को गांव से भगाया गया है। उधर, सोमवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर वनपाल दिलीप मुंडा अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे और नुकसान की जानकारी ली। साथ ही मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।**

# काम के दौरान गिरकर हिंडालको का कर्मचारी घायल, हालत गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** मुरी हिंडालको कंपनी में काम के दौरान गिरने से एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे रांची रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक बसारुली निवासी राजेंद्र महली अपने बी शिफ्ट ड्यूटी के क्रम में सोमवार की दोपहर दो बजे अपने सहयोगी के साथ पावर प्लांट के वाटर कूलिंग टावर के समीप काम कर रहा था। तभी संतुलन बिगड़ जाने के कारण गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे सिंगपुर नर्सिंग होम ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची भेज दिया गया। हिंडालको कर्मी के पुत्र दीपक महली ने बताया कि पिता के साथ हादसा होने के बाद तुरंत कंपनी से फोन आया था। इसके बाद हमलोग सिंगपुर नर्सिंग होम पहुंचे। वहां से इलाज के लिए रांची ले गए। वहीं कंपनी के एचआर अरुण कुमार रॉय से इस बाबत जानकारी लेने की कोशिश की गयी, तो उन्होंने कुछ भी बताने से साफ इनकार कर दिया।

# ट्रेन से गिरकर युवक घायल, रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिल्ली।** बनारस-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से एक युवक मुरी स्थित रेलवे पुल के पास रेलवे ट्रैक पर गिर गया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आयी है। जानकारी के अनुसार सुखदेव नगर रांची इंद्रपुरी निवासी सुमित कुमार (25) बनारस-इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से रांची जा रहा था। ट्रेन के मुरी स्टेशन पर घुसने से पहले ही रेलवे पूल के समीप वह अनियंत्रित होकर रेलवे ट्रैक पर गिर पड़ा, जिससे उसके सिर में चोट आई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना मुरी ओपी को दी। सूचना पाते ही ओपी के एसआई आशीष रंजन घटनास्थल पर पहुंचे गये। घायल को प्राथमिक उपचार के लिए सिल्ली सामुदायिक अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया।

# तमाड़, सोनाहातू और राहे प्रखंडों में नक्सलियों के बंद का व्यापक असर

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़/सोनाहातू/राहे।** माओवादियों की बंदी का सोमवार को पांच परगना क्षेत्र में व्यापक असर देखने को मिला। रांची-टाटा रोड व खूंटी-तमाड रोड में गाड़ियों का परिचालन कम रहा। बाजार-हाट में लोगों की संख्या कम रही। स्कूल-कॉलेज बंद रहे। सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में संनाटा पसरा रहा। बुंडू बस स्टैंड से खुलने वाली बसें बंद रही। पुलिस चौकस भी देखी गयी। पुलिस दिनभर पेट्रोलिंग करती रही। चौक चौराहों में विरानी छायी रही। सोनाहातू और राहे क्षेत्र की सड़कों पर बसें नहीं के बराबर चली। तमाड़-बुंडू से खूंटी जानेवाली बस लगभग बंद थे। ठेला-खोमचे और आइसक्रीम आदि बिक्री करने वाले छोटी दुकानदारी-व्यापारी इस दिन घरों से बाहर ही नहीं निकले। हालांकि इस दौरान कहीं भी किसी तरह की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। दूसरी ओर, नक्सलियों की ओर से आहूत बंद का राहे और सोनाहातू प्रखंड में व्यापक असर देखने को मिला। दोनों प्रखंड सोमवार को पूरी तरह बंद रहा। बाजार और सड़क सुनसान दिखे। बाजार की सभी दुकानें बंद रही। बैंक, स्कूल आदि बंद रहे। प्रखंड कार्यालय खुला रहा, लेकिन लोगों की संख्या नग्णय रही। बुंडू-राहे-सिल्ली में चलने वाले यात्री वाहन नहीं चले। सोनाहातू, बुंडू और सिल्ली के यात्री वाहन भी नहीं चले। इस कारण लोगों को काफी परेशानी हुई। समाचार लिखे जाने तक कहीं कोई अप्रिय घटना की सूचना नही है।

# समर कैंप में प्रतिभागियों ने खूब की मस्ती

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** रायफल क्लब एवं वीर बिरसा तीरंदाजी एकेडमी के सयुंक्त तत्वावधान में आयोजित समर कैंप में प्रतिभागियों ने खूब आनंद उठाया। समर कैंप में जहां बच्चों को रायफल शूटिंग एवं तीरंदाजी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, वहीं योगा व्यायाम के जरिये उन्हें स्वस्थ जीवन शैली की जानकारी भी दी जा रही है। समर कैंप के चौथे दिन सोमवार को नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रविप्रकाश सिन्हा भी बच्चों के बीच पहुंचे एवं स्वस्थ जीवन शैली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही जीवन में खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यपालक पदाधिकारी रविप्रकाश सिन्हा ने कहा कि बचपन से ही योगाभ्यास, व्यायाम को अपनाकर स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार शरीर को हवा, पानी एवं भोजन की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग, व्यायाम, खेलकूद भी आवश्यक है। इस मौके पर रायफल शूटिंग कोच अनुज कुमार व सुमित कुजूर, तीरंदाजी कोच बसंत कुमार आदि शामिल थे।

# अधिवक्ता की हत्या के आरोप में जेल में बंद आरोपित की जमानत अर्जी स्वीकृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रडगांव/तमाड़।** थाना क्षेत्र के रडगांव में साल 2021 में अधिवक्ता मनोज झा की दिनदहाड़े हत्या कर दी गयी थी। इस हत्याकांड में 10-12 लोगों को आरोपित बनाया गया था। जिसमें मोनू खान उर्फ शाहनवाज भी शामिल था। वह फिलहाल जेल में ही है। उक्त कांड की जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों के पूरी बहस सुनने के बाद अदालत ने मोनू खान उर्फ शाहनवाज की जमानत अर्जी को स्वीकार कर ली गयी है। बता दें कि मोनू खान विगत एक वर्ष से होटवार जेल में बंद है। इस हत्याकांड में दो गवाहों की गवाही हो चुकी है। दोनों गवाहों ने किसी भी आरोपी को पहचानने से इनकार किया है, जिसका लाभ मोनू को मिला है।

## सर्वमंगला स्कूल नगरीकला में समर कैंप का आयोजन

**कतरास (आजाद सिपाही)। सर्व मंगला स्कूल नगरीकला में सोमवार को समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ डॉ शिवानी झा एवं डॉ सर्व मंगला प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। उसके बाद योगा, म्यूजिक, कुर्सी रेस और डांस आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ शिवानी झा ने कहा कि मानसिक तनाव को दूर करने के लिए खेलकूद के अलावा संगीत व योगा बहुत ही जरूरी है। स्वस्थ तन होने से ही स्वस्थ मन होता है, तभी अच्छी शिक्षा मिल सकती है। कार्यक्रम के दौरान मैट्रिक परीक्षा में सफल छात्रों को उपस्थित अतिथियों ने अंक पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर प्राचार्य प्रभा सक्सेना, डा हरदेव प्रसाद, डा गायत्री सिंह, डा प्रकाश कुमार, मृत्युंजय मंडल, दिलीप कुमार आदि उपस्थित थे।**

# पतराहातू में एसपी माइक्रो ग्रीन मल्टी टेस्टिंग पेथो लैब शाखा का शुभारंभ




आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** पतराहातू में एसपी माइक्रो ग्रीन मल्टी टेस्टिंग पैथोलॉजी लैब के नये शाखा का शुभारंभ किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित अंतर्राष्ट्रीय लॉन बॉल खिलाड़ी व कॉमन वेल्थ गेम पदक विजेता दिनेश कुमार महतो, लैब संचालक शिल्पी कुमारी, डॉ प्रकाश महतो, डॉ परमेश्वर लाल, पूर्व उप प्रमुख शिला साहू ने संयुक्त रूप से लैब का उद्घाटन किया। यह लैब आधुनिक मशीन एवं दक्ष टेक्निशियन के साथ-साथ सही समय, उचित शुल्क, सही रिपोर्टिंग देने के लिए तत्पर है, जो अपने विश्वस्तरीय पैमानों के साथ सभी तरह के पैथोलॉजी जांच संबंधी जरूरतों को पूरा करती है। मुख्य अतिथि ने बताया कि गायत्री योजना के तहत दिसंबर महीने तक प्रत्येक रविवार को क्षेत्र के लोगों के लिए मुफ्त जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिसमें शुगर, बीपी, ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन, एवं रेगुलर हेल्थ चेक शामिल हैं। उन्होंने लोगों से प्रत्येक रविवार को पतराहातु ब्रांच में आकर इस योजना का लाभ लेने का आग्रह किया। इस मौके पर बीना देवी, परमेश्वर महतो, स्थानीय मुखिया, वार्ड सदस्य, सहिया आदि उपस्थित थे।

# तबीयत खराब होने से सीसीएल कर्मचारी का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के पिपरवार परियोजना में ईपी फीटर के पद पर कार्यरत सीसीएल कर्मचारी बुधन महतो की तबियत खराब होने से निधन हो गया। उनके परिजनों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से वह बीमार थे। रविवार की रात अचानक उनकी तबीयत खराब हो गयी, जिसके बाद उन्हें बचरा क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया। जहां से उन्हें सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर रांची रेफर कर दिया। वहीं, उनका निधन हो गया। वह पिपरवार क्षेत्र के बचरा बिशुझापा आवासीय कॉलोनी में रहते थो उनके निधन से पत्नी और तीन पुत्र सदमे में है। उनके निधन पर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगो ने दुःख प्रकट किया है।

# बस्ताकोला कोलडंप में लोडिंग कार्य शुरू कराने के लिए संयुक्त मोर्चा के साथ आया जमसं कुंती गुट



लोडिंग कार्य के लिए रजामंदी देते जमसं (कुंती गुट) के समर्थक।

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** बीसीसीएल बस्ताकोला कोल डंप में ट्रक लोडिंग शुरू करने को लेकर संयुक्त मोर्चा में जमसं कुंती गुट ने भी स्वीकृति दे दी है। जिससे यहां ट्रक लोडिंग कार्य शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है। सोमवार को संयुक्त मोर्चा ने हस्ताक्षर युक्त पत्र बस्ताकोला कोलियरी पीओ एके शर्मा को सौंपा है। इधर, पीओ एके शर्मा ने संयुक्त मोर्चा के नेताओं से कहा कि सभी यूनियन के आपसी समझौता के बाद डीओ आफर भेजा जाएगा। बतातें चलें कि संयुक्त मोर्चा के आपसी विवाद के कारण यहां तीन साल से ट्रक लोडिंग कार्य शुरू नहीं हो पा रहा था। जिससे सैकड़ों असंगठित मजदूर हताश थे। सोमवार को लोडिंग प्वाइंट में चला आ रहा विवाद खत्म होने के बाद मजदूरों में हर्ष है। गौरतलब हो कि रविवार को संयुक्त मोर्चा ने चांदमारी में संवाददाता सम्मेलन कर प्रबंधन को चेतावनी दी थी कि अगर 30 मई तक ट्रक लोडिंग कार्य शुरू नहीं किया गया तो आउटसोर्सिंग का चक्का जाम कर दिया जाएगा, लेकिन वार्ता मे जमसं कुंती गुट के कोई पदाधिकारी शामिल नहीं होने से संशय बना हुआ था। पर देर रात जमसं के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने भी संयुक्त मोर्चा में शामिल होने का ऐलान कर दिया। साथ ही प्रतिनिधि अनिल नोनियां ने भी कार्य शुरू करने के लिए रजिस्टर में हस्ताक्षर कर सहमति दे दी है। दूसरी ओर, बस्ताकोला कोलियरी के पीओ एके शर्मा ने कहा था कि सभी यूनियन में सहमति नहीं बनने के कारण अलाटमेंट के बाद भी कार्य शुरू नहीं हो सका था। लेकिन अब आपसी समझौता होने के बाद लोडिंग शुरू होने के आसार बन गये है। अब जल्द ही डीओ आफर भेज दिया जाएगा।

## बुंडू के बटुका खपिया में 21 मई को होगा मंडा पूजा सह मेला का आयोजन

# उदयनाथ महतो अध्यक्ष और कुलदीप बने सचिव

**मेला के सफल आयोजन को लेकर कमेटी का हुआ गठन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के बुंडू पंचायत के बटुका खपिया में इस वर्ष भी आस्था के प्रतीक मंडा पूजा सह मेला के आयोजन को लेकर ग्रामीणों ने बैठक की। जिसकी अध्यक्षता पूर्व पंचायत समिति सदस्य मोहन कुमार ने की। बैठक में इस वर्ष भी 21 मई को मंडा पूजा सह मेला कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि 21 मई को उपवास, लोटन सेवा, फूलखुंदी एवं रात्रि में झारखंड के सुप्रसिद्ध छऊ नृत्य का आयोजन किया जाएगा। जबकि 22 मई की सुबह भोक्तगण के झूलन के साथ मेला का समापन होगा। इस पूजा सह मेला को सफल बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष उदयनाथ महतो, उपाध्यक्ष फुलदेव महतो, प्रेम महतो, महेंद्र महतो, सचिव कुलदीप महतो, सह सचिव मुकुंद महतो, धनंजय महतो, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार महतो, बलराम महतो को बनाया गया। वहीं महेश महतो, मोहन कुमार, श्रवण शर्मा, कामेश्वर चौधरी, बैजनाथ महतो, कालेश्वर महतो, अशोक मेहता को संरक्षक बनाया गया है। इसके अलावे कृष्णा महतो, भरत महतो, देवनारायण महतो, बनवारी महतो, यूगेश्वर महतो, सुरेंद्र महतो, संजय भुइंया, किटू महतो, कामेश्वर महतो, अशोक महतो, टिंकू महतो, चमन महतो, रंजीत महतो, चतुर्भुज शर्मा, मिथिलेश चौधरी, उमेश महतो, संतोष महतो, नारायण रविदास, मुनेश्वर महतो, लालदेव करमाली, बेचन महतो, पुन्नीलाल करमाली, नंदकिशोर महतो, बबलू शर्मा, श्याम कुमार, विश्वनाथ महतो आदि को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।



मंडा पूजा आयोजन को लेकर बैठक करते ग्रामीण।

# पांडू गांव में लगे रोजगार मेला में 25 अभ्यर्थियों का हुआ रजिस्ट्रेशन



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मुरहू प्रखंड अंतर्गत बिचना पंचायत के पांडू गांव मे सोमवार को झारखंड सरकार एवं आरएसडब्ल्यूएम की ओर से रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुखिया नरगिस प्रियंका तिडू ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि रोजगार मेला हमारे गांव में लगा है। उन्होंने युवाओं से रोजगार मेला में आकर इसका लाभ उठाने की अपील की। कहा कि 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग वाले बच्चियों को नर्सिग व सिलाई जबकि लड़कों को फिटर और कंपाउंडर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बाद रोजगार की भी गारंटी है। इस रोजगार मेला में 25 अभ्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट हेड जयंत सिंह, मैनेजर सुष्मिता मंडल, विजेंद्र उपाध्याय, वार्ड सदस्य सुनीता देवी, राजकुमार साहू, आदित्य सिंह, जन्मेंजय महतो, बुधराम लोहार और नागेंद्र नायक आदि मौजूद थे।

## गढ़वा में हैवान बाप ने लूटी बेटी की अस्मत, मामला थाने तक पहुंचा

**पीड़ित नाबालिग लड़की के दादा ने अपने पुत्र के खिलाफ थाने में दर्ज कराया मामला**

**कहा- अपने बेटे के कुकृत्य पर वे पूरी तरह शर्मिंदा हैं, ऐसे हैवान के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** घर में बच्चे की किलकारी गूंजे, दिन भर का थका मांदा जब घर लौटूं तो बेटी की एक खिलखिलाहट सारे थकान को दूर कर दे, यह चाहत हर बाप की होती है। लेकिन क्या कभी आप कल्पना भी कर सकते हैं कि एक बाप अपनी बेटी का ही अस्मत लूट ले। लेकिन ऐसी घटना घटित हुई है। वो घटना कहीं दूर नहीं बल्कि गढ़वा थाना क्षेत्र के संग्रहे कला गांव में घटित हुई है। जहां एक बाप ने अपनी नाबालिग बेटी को ही हवस का शिकार बना डाला। सबसे आश्चर्य की बात है कि उक्त हैवान बाप द्वारा अपनी बेटी की अस्मत लूटने की यह पहली घटना नहीं थी, इस बात को उसकी पत्नी यानी पीड़ित बेटी की मां को भी पता था। लेकिन वह चुप्पी साधे रही। जब पीड़ित बेटी द्वारा मीडिया से बात करते हुए अपनी आपबीती बताई जा रही थी तो उसका बिलखना सभी पत्रकारों को रुला दिया। उसने बताया कि जब उसके साथ पिता द्वारा गलत किए जाने का प्रयास शुरू किया गया तो उसने खुद से विरोध करने के साथ-साथ अपनी मां और दादी को बताया लेकिन किसी के ऊपर कोई असर नहीं हुआ। बाद में तो हद तब हो गई जब बेटी को हर बुरी बला से महफूज रखने वाली मां ने ही अपने पति यानी बेटी को उसके बाप से खुद के सामने अस्मत लुटता देखती रही। पीड़िता के अनुसार उसके हैवान बाप द्वारा इस प्रकार की घिनौनी हरकत कई बार की गयी है। उधर पीड़ित नाबालिग के दादा से पूछे जाने पर उसने बताया कि मैं क्या कहूं। अपने बेटे के कुकृत्य पर वो पूरी तरह शर्मिंदा हैं। ऐसे हैवान के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

घटना से संबंधित शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए पीड़ित नाबालिग के दादा द्वारा कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस के वरीय अधिकारी के अनुसार प्राथमिकी के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने मृतक के परिजनों को किया आर्थिक सहयोग



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बीसा गांव निवासी घुना मुण्डा (70 वर्ष) की मृत्यु विगत दिनों बीमारी की वजह से हो गई थी। मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। इसकी सूचना पाकर सोमवार को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार मृतक के घर पहुंचे तथा शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया। मौके पर जैलेंद्र कुमार ने मृतक के श्राद्धकर्म के लिए उसके छोटे पुत्र छोटेलाल मुंडा को खाद्य सामग्री तथा नकद आर्थिक मदद की। जैलेंद्र कुमार ने कहा कि जब तक सांस चलती रहेगी जरूरतमंदों की सेवा के लिए हमेशा आगे रहेंगे। उन्होंने पीड़ित परिवार को आगे भी हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, ब्रजकिशोर प्रसाद, काजल गोस्वामी, गुडू पहान आदि मौजूद थे।

## रंका पुलिस ने दो वारंटियों को भेजा जेल

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका थाना पुलिस ने दो वारंटियों को पकड़ कर जेल भेज दिया है। जिसमें पहला महेंद्र सिंह पिता राममोहन सिंह ग्राम केदाल तमगेकला पंचायत एवं दूसरा ग्राम लरकोरिया विश्रामपुर पंचायत निवासी जफीर अंसारी पिता हाजी आसमोहमद अंसारी का नाम शामिल हैं। रंका थाना एएसआई विकास कुमार ने प्रेस को बताया किये दोनों वारंटी फरार थे। पुलिस ने बताया कि उक्त दोनो रंका थाना के प्राथमिकी अभियुक्त है। जफीर अंसारी जो नाबालिग लड़की अपहरण के मामले में तथा महेंद्र सिंह मारपीट मामले में आरोपी था।

## करमा उरांव के निधन पर नगड़ी सरना समाज सहित अन्य लोगों ने जताया शोक

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** सरना समाज के अगुवा एवं रांची विश्वविद्यालय के पूर्व डीन डॉ ( प्रो.) करमा उरांव के निधन पर नगड़ी के शिक्षा क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। मौके पर नगड़ी सरना समाज के लोगों ने शोक व्यक्त किया। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में नगड़ी प्रमुख मदुवा कच्छप, समाजसेवी तपेश्वर केसरी, शहीद अहमद, केदार महतो, प्रेम सागर महतो, बिरसा मिंज, सुशीला कच्छप, विजय धान, जीतू लिंडा, सुनील कच्छप, बिशू कच्छप, प्रभात तिर्की, परना खलखो, बजरंग कच्छप, सुनील कच्छप, संजय लिंडा सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## रांची झील बचाओ अभियान समिति की बैठक आयोजित, जिला प्रशासन को सौंपा मांग पत्र

**रांची (आजाद सिपाही)।** सोमवार को रांची झील बचाओ अभियान समिति की बैठक संरक्षक रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संरक्षक मिश्रा ने बताया कि रांची झील का पानी दूषित हो गया है, जिससे आसपास के क्षेत्रों में महामारी का खतरा बढ़ गया है। मिश्र ने बताया कि रांची झील के पानी से बदबू आ रही है, जिससे आसपास के लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। बैठक में निर्णय लिया गया कि उपायुक्त रांची और सीइओ रांची को रांची झील की साफ सफाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा जायेगा। बैठक में समिति ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से तीन सूत्री मांग की जिसमें बैठक में रांची झील (बड़ा तालाब) की साफ सफाई जल्द से जल्द कराने की मांग नगर निगम से की गयी। रांची झील में दूषित पानी के प्रवेश पर अविलंब रोक लगायी जाये तथा रांची झील के सुंदरीकरण के कार्य को जल्द से जल्द कराया जाये। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि नगर निगम प्रशासन अगर सात दिनों के अंदर सफाई कार्य में तेजी नहीं लाता है, तो समिति दिनांक 21 मई (रविवार) को धरना सह एक दिवसीय उपवास पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष बैठेगी। बैठक में राम अनुज सिंह, अशोक पुरोहित, रमेश केडिया, लंकेश सिंह, राहुल सिन्हा चंकी, गोपाल पारीक, उपेंद्र रजक, दीपू गाड़ी, इंदर सिंह, रंजीत चौरसिया, परवेज आलम, मो समीम, मनोज शर्मा, पीयूष आनंद, आलोक गुप्ता, नवनीत पांडेय, सूरज पांडेय, प्रकाश पाल, राज कुमार पोद्दार, राज किशोर वर्मा, अमित तिवारी, कैलाश सहानी सहित सैकड़ों सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आस्था : बेड़ो प्रखंड के मुरतो गांव में झूलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मंडा पूजा संपन्न

# मंडा महापर्व आस्था एवं भक्ति का प्रतीक है : सन्नी टोप्पो

**मुख्य अतिथि भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया उद्घाटन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड के मुरतो गांव में रविवार की रात मंडा पूजा समिति के द्वारा मंडा मेला व झूलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हो गया। इसके पूर्व समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने भगवान भोले बाबा मंदिर में मत्था टेक कर पूजा अर्चना की। साथ ही क्षेत्र की जनता की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। उन्होंने फीता काट कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

**झूलन में भोक्ताओं ने आस्था के फूल बरसाए :** मंडा पूजा समिति द्वारा झूलन का आयोजन हुआ। इसमें महिला की वेशभूषा में सज-धजकर भोक्ताओं ने ऊंचे लठ के सहारे झूलकर आस्था के फूल बरसाए। जिसे समृद्धि का प्रतीक मानते हुए नीचे खड़ी श्रद्धालुओं ने अपनी आंचल में लिया। इधर कमेटी के द्वारा सन्नी टोप्पो को माला पहनाकर व भगवा वस्त्र देकर स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि मंडा पर्व आस्था का बड़ा महापर्व है। मंडा पूजा से हमारी संस्कृति व परंपरा जुड़ी है। यह आस्था और भक्ति का प्रतीक है। दहकते लाल अंगारों पर चलकर लोग अपनी अटूट आस्था का परिचय देते हैं। मंडा पूजा कर लोग गांव की खुशहाली और परिवार की समृद्धि की कामना करते हैं।

मंडा पर्व झारखंड की लोकप्रिय सस्कृति एवं भगवान के प्रति प्रेम और आस्था का पर्व है। मंडा पर्व वर्षो से हमारे पूर्वजों के द्वारा मनाया जाने वाला मूख्य पर्व है। वहीं शाम से रात भर रंगारंग नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर सभी को झुमाया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचायत की मुखिया सुनीता सोरेंग, समाजसेवी नवल किशोर सिंह, 21 पड़हा राजा महादेव कुजूर, राजेश साहू, ग्राम पहान बुधराम पहान, नारायण महली, रंजन गुप्ता व कमेटी के अध्यक्ष सुदर्शन प्रसाद, आनंद गुप्ता, मंटू कुमार, सूरज कुमार, विष्णु साहू समेत समस्त ग्राम वासियों ने सराहनीय योगदान दिया।

## बेड़ो में पुलिस ने सिंचाई पंप चोर को रंगे हाथ धर दबोचा

**उसकी निशानदेही पर चोरी में शामिल दो अन्य चोरों को भी किया गिरफ्तार**

**उनकी पास से चोरी के छह मोटर पंप और बाइक बरामद**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** थाना पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र में खेतों में लगी सिंचाई की मोटर पंप की चोरी की घटना को अंजाम दे रहे चोरों को रंगे हाथ धर दबोचा। साथ ही इनकी निशानदेही पर चोरी का छह मोटर पंप एवं एक हीरो होंडा मोटरसाइकिल बरामद कर घटना में शामिल तीन को जेल भेज दिया है।

उक्त जानकारी देते हुए रांची जिला ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने रांची कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि क्षेत्र में लगातार चोरी की सूचना मिल रही थी।

वहीं रविवार को वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को गुप्त मिली कि विनय बगीचा बेड़ो के पास सिंचाई हेतू लगाये मोटर पंप की एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी की जा रही है। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू ग्रामीण पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक बेड़ो के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को चोरी के मोटर पंप के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसने अपना नाम रवि कुमार उरांव पिता गोबरा उरांव, ग्राम सरगांव, थाना भरनो जिला गुमला बताया। उसकी निशानदेही पर उसके सहयोगी मो. कलाम पिता स्व. मो कलीम तथा मो. नदीम पिता मो. कलाम दोनों ग्राम बेड़ो देवी टोली, थाना बेड़ो, जिला रांची को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से चोरी कर रखे पांच मोटर पंप एवं एक चोरी की एक हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गयी।

गठित टीम में बेड़ो के डीएसपी रजत माणिक बाखला, सर्किल इंस्पेक्टर अरुण कुमार, बेड़ो थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम, पुअनि आशीष कुमार, पुअनि दुर्गेश कुमार, सअनि अक्षय कुमार सिंह, हवलदार राजेश कुमार, आरक्षी सुबास टोपनो व चालक खीस्टोफर मिंज शामिल थे।

## हिंदूवादी नेता भैरव सिंह ने 600 महिलाओं को द केरल स्टोरी दिखायी

**कहा- यह फिल्म नहीं, लव जिहाद को उजागर करती सच्चाई है**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के प्लाजा सिनेमा हॉल में सोमवार को 600 सीटों को बुक करके हिंदूवादी नेता भैरव सिंह ने 600 महिलाओं को द केरल स्टोरी फिल्म दिखाई। भैरव सिंह ने कहा कि यह फिल्म नहीं लव जिहाद को उजागर करती सच्चाई है। इससे आज झारखंड भी ग्रसित है। झारखंड के तमाम स्कूल-कॉलेज में जेहादी मानसिकता के युवक हिंदू नाम रख कर छल से हिंदू लड़कियों को प्रेम के जाल में फंसाकर उनकी जिंदगी को बर्बाद कर रहे हैं। केरल में इस तरह के केस जब बहुत ज्यादा आने लगे, तब केरल के हाईकोर्ट ने कहा था कि यह सामान्य केस नहीं है। यह कट्टर इस्लामिक संस्थाओं द्वारा हिंदू लड़कियों का धर्म परिवर्तन कराने के लिए चलाया गया प्रोपेगेंडा है, और ये एक प्रकार से लव जिहाद है। केरल के हाई कोर्ट द्वारा ही ऐसे मामलों को लव जिहाद की संज्ञा दी गई थी। इससे आज पूरा का पूरा भारत ग्रसित हो गया है। जागरूकता ही बचाव है। फिल्म देखने के बाद महिलाओं ने संकल्प लिया कि वह अपने परिवार और समाज के सभी बहन बेटियों को जागरूक करेंगी और लव जिहाद से बचाएंगी।

### तैयारी : 50 पंचायतों को मॉडल बनाने की रूपरेखा को दिया जा रहा है अंतिम रूप

# झारखंड सरकार 50 पंचायतों को मॉडल बनायेगी

**केरला इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन की लेगी मदद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की 50 पंचायतों को मॉडल बनाया जायेगा। इसके लिए झारखंड सरकार केरला इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन (कीला) की मदद लेगी। झारखंड सरकार का पंचायती राज विभाग कीला के साथ एमओयू करेगा। इस काम में पंचायती राज विभाग झारखंड सिविल सोसाइटी (सीएसओ) का भी सहयोग होगा। सीएसओ के साथ भी पंचायती राज विभाग ने बैठक कर ली है। 50 पंचायतों को मॉडल बनाने की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**पंचायतों को आइएसओ सर्टिफिकेट देता है कीला :** कीला पंचायतों को आइएसओ सर्टिफिकेट भी देता है। केंद्र ने इसके लिए कीला को अधिकृत किया है। केंद्र ने सभी राज्यों को पत्र लिख कर पंचायतों को आइएसओ प्रमाणित करने का आग्रह किया है। झारखंड के विधायकों और सीएसओ फोरम के सदस्यों ने हाल ही में केरल का दौरा किया था और वहां की पंचायती राज व्यवस्था की जानकारी ली थी। कीला के अधिकारियों के से भी बात की थी।

**कई तरह से सहयोग करेगा कीला :** इसके अतिरिक्त कीला द्वारा पंचायती राज के जन प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण के लिए कोर्स और मॉड्यूल भी डिजाइन की जायेगी। पंचायतों की प्राथमिक सुविधा का आकलन किया जायेगा। कीला डाटा कलेक्शन, जल सुविधा, स्वास्थ्य सुविधा और आंगनबाड़ी सेंटर में उपलब्ध सुविधा की जानकारी लेगा। इसके सुधार के उपाय की जानकारी देगा।

क्षमता विकास के लिए संयुक्त रूप से कार्यशाला, सेमिनार और फैकल्टी विकास कार्यक्रम का आयोजन होगा। चयनित जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों का एक्सपोजर विजिट कराया जायेगा। पंचायतों में जल संरक्षण, आजीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा आदि क्षेत्र में सहयोग किया जायेगा। केरल में पर्यावरण, सामाजिक, आर्थिक सुविधा और तकनीकी पर उपलब्ध संसाधन के उपयोग की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दी जायेगी।

**30 हजार प्रति पंचायत फीस होगी :** कीला पंचायतों को आइएसओ प्रमाण पत्र दिलाने लायक तैयार करने के लिए 30 हजार रुपये लेता है। यह प्रमाण पत्र तीन साल तक मान्यता प्राप्त रहता है। इसमें पंचायतों की पूरी व्यवस्था दुरस्त की जाती है। पंचायतों में उपलब्ध सेवा को सुदृढ़ किया जाता है। कार्यालय रखरखाव को दुरुस्त किया जाता है। फाइलों और अन्य सामानों के रखरखाव की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाता है।

### पहले चरण में 50 पंचायतों को आइएसओ प्रमाण पत्र दिलाने के लिए किया जा रहा है चिह्नित

पहले चरण में 50 पंचायतों को आइएसओ प्रमाण पत्र दिलाने के लिए चिह्नित किया जा रहा है। इसमें वैसे पंचायतों को चुना जा रहा है, जहां मुखिया या उनकी व्यवस्था एक्टिव हो। इसके लिए सीएसओ से भी सहयोग का आग्रह किया गया है। दूसरे चरण में इसकी संख्या बढ़ायी जायेगी। इसमें कीला का सहयोग लिया जायेगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### संजीवनी क्लासेस के छात्रों ने सीबीएसइ बोर्ड परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे क्षेत्र के पुरुलिया रोड स्थित संजीवनी क्लासेस के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड में शानदार प्रदर्शन किया है। संस्थान के छात्र अंशु सिंह ने 95.4 प्रतिशत अंक लाकर संस्थान का मान बढ़ाया है। अंशु ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के छात्र हैं। अंशु ने गणित में 98 तथा विज्ञान में 95 अंक अर्जित किये हैं। वहीं, संस्थान के छात्र आदर्श राज ने 91.2 प्रतिशत अंक अर्जित किये हैं। आदर्श सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्र हैं। संस्थान का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है तथा अधिकांश छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं। टाटीसिलवे स्थित यह संस्थान विगत एक दशक से उत्कृष्ट परिणाम देने के लिये जाना जाता रहा है। संस्थान के सभी सफल छात्र एवं शिक्षकों ने मिलकर आगे की रणनीति तैयार की है तथा संस्थान के शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर सभी सफल छात्रों को बधाई दी। मौके पर संस्थान के शिक्षक कुंदन कुमार, प्रेम रंजन शर्मा, रिया रानी, सुमित केसरी आदि मौजूद थे।

### वाइबीएन विश्वविद्यालय में मदर्स डे पर नाटक प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** 14 मई दूसरे रविवार के दिन मदर्स डे विश्व भर में मनाया गया। वाईबीएन विश्वविद्यालय के कवाली में मदर्स डे पर मां को समर्पित करते हुए एक नाटक प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस अधिकारी सुमन कुमारी ने वाईबीएन यूनिवर्सिटी कवाली कैंपस में किया। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक सह जिला नोडल पदाधिकारी ई. कौशल किशोर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप कुलसचिव संजय तिवारी ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुये कहा कि यह दिन हर मां को समर्पित है। हर साल मई माह के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाते हैं। इस दिन बच्चे अपनी मां को तोहफा देकर, उनसे प्यार भरी बातें कर ये महसूस कराने की कोशिश करते हैं कि बच्चे के जीवन में मां का स्थान कितना ऊंचा है। रोजाना की जिंदगी में बच्चे मां को उनके प्यार, समर्पण और योगदान के लिये आभार नहीं दे पाते। कार्यक्रम में उपस्थित वाईबीएन टीचर एजुकेशन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कैलाश नाथ और उनके फैकल्टी मिस संगीता गोप, संदीप आनंद एंड सुबशीष सिन्हा का सहयोग सराहनीय रहा। इस प्रतियोगिता में अंजना ग्रुप को प्रथम, सुधांशु ग्रुप को द्वितीय तथा उर्मिला ग्रुप को तृतीय स्थान स्थान प्राप्त हुआ।

### दिव्यांगजनों की सेवा में 24 घंटे हाजिर रहूंगा : रिजवान अंसारी



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** दिव्यांग दिवस के अवसर पर प्रखंड कार्यालय सभागार में समारोह का आयोजन किया गया। प्रखंड के लगभग सभी गांवों से आए हुए दिव्यांग जनों का आभार जताते हुए प्रमुख अनुपमा देवी ने कहा कि आप लोग ईश्वर के नायाब उपहार हैं। उप प्रमुख रिजवान अंसारी ने आभार जताते हुए कहा आप जैसे लोगों की सेवा करके शुकून मिलता है। आप लोगों की सेवा के लिए मैं 24 घंटे हाजिर रहूंगा। उप प्रमुख ने दिव्यांग जनों के बीच अपना मोबाइल नम्बर भी शेयर किया। इस अवसर पर प्रखंड के दिव्यांग जनों के बीच वैशाखी और स्टिक का वितरण किया गया। विधायक राजेश कच्छप को भी कार्यक्रम में आना था, किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो पाए।

### नवागढ़ पंचायत के ओबर गांव में बिजली ट्रांसफॉर्मर का किया गया उद्घाटन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ पंचायत के ओबर गांव आमटोली में पूर्व में लगा 63 केवीए का बिजली ट्रासफॉर्मर पिछले एक माह पूर्व खराब हो गया था। जिसकी जानकारी कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष शनिचारवा बेदिया ने विधायक राजेश कच्छप को दी। विधायक ने अविलंब पुराने खराब ट्रासफॉर्मर की जगह नये 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर की व्यवस्था कर दी। जिसका उद्घाटन सोमवार को विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, प्रमुख अनगड़ा दीपा उरांव एवं पंसस नवागढ़ फाल्गुनी शाही आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। ट्रासफॉर्मर लगने से गांव के लोगों ने विधायक के प्रति अभार प्रकट किया एवं खुशी जाहिर की। मौके पर अजय करमाली, शिवदास गोस्वामी, शनिचारवा बेदिया, एतवा बेदिया, वीतन देवी, गायत्री देवी, सुखदेव लोहरा, मनोज बेदिया, प्रदीप बेदिया, रोहिना बेदिया आदि उपस्थित थे।

## एयरपोर्ट से आगे पिंक सिटी बस का संचालन हुआ बंद, प्रथम महापौर ने जतायी नाराजगी

# चंद नेता विकास की जगह विरोध की राजनीति कर अपना अस्तित्व बचाना चाहते हैं: अरुणा शंकर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि निगम ने एक पत्र लिखकर बस संचालक को एयरपोर्ट से आगे पिंक सिटी बस को ले जाने से मना कर दिया है। प्रथम महापौर ने कहा कि निगम की ओर से संचालित एवं मेरे निजी सहयोग से झारखंड में पहली बार महिलाओं के लिए मात्र पांच रुपया किराए में पिंक सिटी बस का परिचालन शुरू हुआ था, उसे कुछ नेताओं ने षड्यंत्र रचकर संचालन बंद करवा दिया गया। अरुणा शंकर ने नाम न लेते हुए



प्रथम महापौर अरुणा शंकर।

धनंजय त्रिपाठी, अभिषेक सिंह और दीपक तिवारी को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। कहा कि पिंक सिटी बस पर निगम के मात्र दो-तीन किलोमीटर की परिधि में आने वाली सेक्रेड हार्ट, डीएवी, एलिट नर्सिंग, एलिट बीईडी, महिला बीईडी की मध्यम वर्गीय परिवार की छात्राएं, कर्मियों, बुजुर्ग महिलाएं एवं सुबह-शाम दिहाड़ी पर काम करने वाली महिलाएं सफर करती थीं, जिनकी कमाई का एक मोटा भाग वाहनों का किराए देने में ही चला जाता था। उनसे अब को किफायती सराहा भी छिन गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन नेताओं का कहना था कि महापौर के सहयोग से महिलाओं के लिए संचालित मात्र 5 रुपया में चल रही लोकप्रिय पिंक सिटी बस निगम परिधि से एक कदम भी आगे ना बढ़े। नहीं तो इन नेताओं की प्रतिष्ठा को चोट पहुंचेगा। अब इन उभरते कलाकारों के चलते दूर से सिंगरा, चैनपुर, शाहपुर, शहर के विभिन्न छात्राओं-महिला कर्मी, बुजुर्ग महिलाओं को अपने गंतव्य तक जो एयरपोर्ट से चंद कदम दूर में होगा को नहीं उतारकर एयरपोर्ट के सामने बीच रास्ते में उतारना पड़ेगा और वहां से पैदल जाने को मजबूर होंगी। प्रथम महापौर ने बताया कि काश इन नेताओं द्वारा आंदोलन किया जाता की इस सेवा का विस्तार और भी किया जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण महिलाएं, बुजुर्ग, मध्यम वर्गीय परिवार की छात्राएं लाभ ले सके। पर उन्होंने ऐसा नहीं किया, बल्कि बस का परिचालन की सीमित करवा दिया। यह उभरते कलाकार विकास की जगह विरोध की राजनीति कर अपना अस्तित्व बनाए रखना चाहते है। महापौर ने कहा कि मुझे खुशी है कांग्रेस, झामुमो के अध्यक्ष या पदाधिकारियों को महिलाओं के लिए संचालित इस लाभकारी योजना से कोई शिकायत नहीं है। यह शिकायत सिर्फ दूसरे दल से निकाले गए नए दल में आयातित महापौर का चुनाव लड़ने वाले चंद नेताओं का है जो विकास की जगह विरोध की राजनीति कर अपने अस्तित्व को बचाए रखना चाहते हैं। महापौर ने कहा कि अब जनता तय करेगी। क्योंकि पूत के पांव पालने में ही पता चल जाते है।

## आमलोगों को सुलभ तरीके से बालू उपलब्ध कराये सरकार : राजू मेहता



बीडीओ सह प्रभारी एसडीओ को ज्ञापन सौंपते जिप सदस्य राजू मेहता।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** उतरी जिप सदस्य राजू मेहता ने बीडीओ सह प्रभारी एसडीओ रतन कुमार सिंह को पत्र देकर आम लोगों के लिए सुलभ तरीके से बालू उपलब्ध कराने की मांग की है। उनकी मांगों में पीएम आवास व जनहितकारी योजनाओं के लिए बालू की उपलब्धता कराने, बालू उठाव में बिचौलियों के खिलाफ कारवाई, रात्रि में अवैध बालू ढुलाई पर कड़ी नजर रखने, बालू उठाव के लिए कैटेगरी वन घाट पंचायत प्रतिनिधियों के अधीनस्थ करने आदि की मांगे शामिल है। दिए गए आवेदन में उन्होंने यह भी कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र में अवैध रूप से बालू का उठाव जारी है। ट्रैक्टर मालिक व प्रशासन की मिलीभगत से आमलोगों तक यह बालू 2500 से 3000 प्रति ट्रैक्टर पहुंच रहा है। यह आम जनमानस का आर्थिक शोषण है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर उपरोक्त मांगो पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। इसकी प्रतिलिपि पलामू डीसी व पंचायती राज पदाधिकारी को भी दी गयी है।

## 14 जून तक अपटेड करा लें पुराने आधार कार्ड, नहीं तो होगी परेशानी

**सरकार ने दी राहत, 14 जून तक मुफ्त में होगा आधार अपडेट**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने हाल ही में घोषणा कर बताया था कि 14 जून तक आधार कार्ड को मुफ्त में अपडेट कराया जा सकता है। आमतौर पर इसका शुल्क 50 रुपये लगता है, लेकिन अगले एक महीने तक यूआईडीएआई की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए यह काम मुफ्त में किया जा सकेगा। ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि कई लोगों के आधार काफी पुराने हैं और वो लोग शुल्क के चलते इन्हें अपडेट नहीं करा रहे हैं। बता दें कि यह मुफ्त प्रक्रिया डेमोग्राफिक्स डिटेल्स को अपडेट करने के लिए ही उपलब्ध है। अगर आप फोन नंबर या बायोमेट्रिक डिटेल्स को अपडेट कराना चाहते हैं तो आपको आधार एनरोलमेंट सेंटर ही जाना होगा और फीस देकर ही इन्हें अपडेट कराना होगा। आप अपने आधार कार्ड पर नाम, पता, जन्म तारीख आदि जानकारी अपडेट करा सकते हैं।




### ऑनलाइन कैसे करें अपनी डिटेल्स को अपडेट

सबसे पहले यूआईडीएआई की आधिकारिक वेबसाइट यूआइडीएआइ.जीओवी.इन पर जाना होगा। होमपेज पर माइ आधार टैब पर क्लिक करें और ड्रॉप-डाउन मेन्यू से अपडेट योर आधार पर क्लिक करें। इसके बाद अपडेट आधार डिटेल्स ऑनलाइन पेज पर रिडायरेक्ट कर दिया जाएगा। यहां आपको प्रोसेस टू अपडेट आधार पर क्लिक करना होगा। फिर आपको नेक्सट पेज अप अपना आधार नंबर लिखना होगा और कैप्च डालना होगा। इसके बाद आपको ओटीपी भेजना होगा। ओटीपी डालें और फिर लॉगइन बटन पर क्लिक करें। फिर अगले पेज पर आपको अपने डेमोग्राफिक्स डिटेल्स को अपडेट करने के लिए अलग-अलग विकल्प दिखाई देंगे। फिर आपको इनमें से किसी भी एक को चुनना होगा। जो भेज चेंज करने हैं उसे चेंज करने के बाद सबमीट पर क्लिक करें। कुछ डॉक्यूमेंट्स को आपको अपलोड करने होंगे। फिर आपको सबमीट अपडेट रिक्वेस्ट पर टैप करना होगा। रिक्वेस्ट सबमिट करने के बाद, आपको अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एसएमएस के जरिए अपडेट रिक्वेस्ट नंबर (यूआरएन) मिलेगा। आप अपने अपडेट रिक्वेस्ट के स्टेटस को ट्रैक करने के लिए इस यूआरएन का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## किसके आदेश पर भरा गया कुंदरी छठ घाट तालाब: विधायक

**पांकी विधायक ने सीओ को लगाई फटकार**
**हजारों लोगों की आस्था के साथ किया गया खिलवाड़**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के कुंदरी छठ तालाब को भूमाफियाओं द्वारा भरवाने के बाद एक बार फिर पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता आंदोलन का मूड बना चुके हैं। उन्होंने सोमवार को पत्रकारों के साथ वार्ता में कहा कि कुंदरी स्थित छठ घाट तालाब सैकड़ों साल पुराना है, जहां दर्जनों गांव की मां, बहनों द्वारा प्रति वर्ष छठ पूजा की जाती रही है। प्रखंड के



पत्रकारों से बातें करते पांकी विधायक कुश्वाहा डॉ शशिभूषण मेहता।

इस ऐतिहासिक धरोहर को भूमाफिया द्वारा फर्जी कागजात बनवा कर तालाब को भरवाया गया है। जिसका हम पुरजोर विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि आस्था के तालाब को जिसने भी भरवाया वह कभी सुख-चैन से नहीं रह पाएगा। रात के अंधेरे में तालाब को भरा जाना यह दर्शाता है कि कहीं ना कहीं स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से यह कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द पुनः छठ तालाब जिर्णोद्धार के लिए कमेटी तैयार की जा रही है। उसी कमेटी की देखरेख में दर्जनों गांवों से माताओं बहनों एवं ग्रामीण भाईयों को साथ लेकर तालाब में भरे हुए मिट्टी को 10-10 टोकरी निकलवाया जाएगा जाएगा। जिसका शुभारंभ वे खुद टोकरी में मिट्टी उठाकर करेंगें। इस मामले को सड़क से सदन तक उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुझे जैसे जानकारी मिली हमने सीओ से पूछा कि किसके आदेश पर तालाब भरवाया गया है। तालाब को आप जल्दी जिर्णोद्धार करवाऐ। ताकि आस्था के साथ-साथ जल संकट उत्पन्न होने से रोका जा सके। उन्होंने बताया कि सीओ चंद्र शेखर कुणाल ने बताया कि जमीन मालिक तालाब कैसे भरा इसके लिए नोटिस जारी किया है।

## वाइजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने की चांसलर पोर्टल पुन: खोलने की मांग



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** वाइजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने जिला सचिव मोहित साहू की अध्यक्षता में स्नातकोत्तर में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल पुनः खोलने के लिए डीएसडब्ल्यू के नाम से उनकी अनुपस्थिति में उनके कार्यालय के कर्मी मनोज कुमार को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि कुछ विद्यार्थियों ने जानकारी के अभाव में नामांकन के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कराया, जिससे वे नामांकन लेने से वंचित रह जायेंगे। जिला सचिव मोहित साहू ने कहा कि तिथि के बढ़ जाने से कई विद्यार्थी नामांकन ले सकेंगे। जीएलए कॉलेज अध्यक्ष प्रियरंजन ने कहा कि विद्यार्थियों का एक वर्ष व्यर्थ न जाए इसलिए फेडरेशन ने यह मांग की गयी है। वहीं, वेदप्रकाश ने कहा कि अगर तिथि बढ़ती है तो यह बहुत से विद्यार्थियों के हित में होगा। फेडरेशन के सदस्यों ने इसके बाद डीएसडब्ल्यू कार्यालय के कर्मचारी विजय ठाकुर से भी बात की। जिस पर फेडरेशन को यह सांत्वना दिया कि इस संबंध में डीएसडब्ल्यू से बात की जायेगी और कोशिश की जायेगी की तिथि बढ़ाई जाए।

## बीडीएम पैसेंजर ट्रेन का परिचालन पांच महीने से बंद, यात्रियों में भारी आक्रोश

**धनंजय कुमार**

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** डीडीयू रेल खंड के डेहरी ऑनसोन से जपला, मोहम्मदगंज उंटारी रोड आदि स्टेशन के रेल यात्रियों के साथ रेल प्रशासन येनकेन प्रकारेण बहाना बनाकर सीआइसी सेक्सन की लाइफ लाइन ट्रेनों पर ब्रेक लगाकर सौतेला व्यवहार कर रहा है। जबकि दूसरी तरफ कोयले के रैक व अन्य मालढुलाई को बढ़ाने में महत्व दे रहा है। यह परेशानी एक-दो माह नहीं, पांच महीने से भी अधिध समय से है, जिससे यात्रियों के सब्र का बांघ टूटने लगा है।

### बरकाकाना -वाराणसी पैसेंजर पांच माह से बंद

डीडीयू रेल खंड पर चलने वाली बरकाकाना-वाराणसी




**कोरोना काल मे संचालित स्पेशल ट्रेन का किराया आज भी वसूल रहा है रेल प्रशासन**

पैसेंजर ट्रेन का परिचालन विगत पांच माह से बंद है। शुरूआत में 2022 के नवंबर माह में नन इंटरलॉकिंग के बहाने इस ट्रेन का परिचालन बंद किया गया। इसके बाद पुनः 26 दिसंबर से 28 फरवरी तक कोहरा का बहाना बनाकर ट्रेन को बंद रखा गया। इसके उपरांत वाराणसी में यार्ड रिमॉडलिंग का कारण दिखाकर 29 अप्रैल तक ट्रेन को रद्द रखा गया। 29 अप्रैल से बिना किसी कारण बताए ट्रेन बंद है। बतातें चलें कि जपला, नबीनगर, मोहम्मदगंज, उंटारी रोड आदि स्टेशन से वाराणसी तक दोपहर में चलनेवाली एकलौती व लाइफलाइन ट्रेन है। उक्त ट्रेन के परिचालन से ग्रामीण क्षेत्र से आने-जानेवाले लोगों को काफी सुविधा मिल रही थी। पर उक्त ट्रेन के बंद होने से अन्य ट्रेनों में भीड़ में बेतहाशा वृद्धि हुई है, रेल यात्री भेड़-बकरियों की तरह यात्रा करने को विवस हैं। आये दिन रेल यात्री दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ रेल प्रशासन द्वारा कोरोना काल में सिटिंग सीट के लिए संचालित स्पेशल ट्रेन का भाड़ा आज भी रेल यात्रियों से वसूला जा रहा है।

### रेल उपभोक्ता समिति 18 को करेगी चक्का जाम

रेल उपभोक्ता समिति हैदरनगर इकाई ने आगामी 18 मई को अपने पांच सूत्री मांगों को लेकर रेल चक्का जाम करने का निर्णय लिया है। इस संबध में समिति के राजकुमार सिंह, संतोष सिंह व मनोज शर्मा ने बताया कि इस बार आर-पार की लड़ाई होगी। वहीं रेल संघर्ष समिति जपला के एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान व जाकिर अली उर्फ राज अली ने कहा कि रेलवे प्रशासन अगर शीघ्र ही बीडीएम पैसेंजर ट्रेन का परिचालन शरू करने का पहल नहीं करता है तो आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी रेल प्रबंधन की होगी।

## वाहन के धक्के से अधेड़ महिला घायल



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पुरानी सीएचसी के समीप एनएच 98 पर अज्ञात वाहन ने बाइक को पीछे टक्कर मार दिया। जिस कारण बाइक पर सवार महिला गिरकर घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए औरंगाबाद रेफर कर दिया। महिला की पहचान अनिता देवी (55) के रूप में हुई है। वह औरंगाबाद जिले के मदनपुर के पास सढईल निवासी अक्षय सिंह की पत्नी बताई जा रही है। वह अपने बेटे युराज कुमार सिंह के साथ पीपरा थाना क्षेत्र के अम्बाझरना स्थित बड़े भाई विजय सिंह की बेटी की शादी में शामिल होने जा रही थी। चिकित्सक डॉ अरुण कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में महिला का बायां हाथ टूट गया है। इसके सिर भी गंभीर चोटें आयी है।

# स्पोर्ट्स



आइसीसी सॉफ्ट सिल्गनल को खत्म करने जा रहा है। यानी अब थर्ड अंपायर ही तय करेगा कि कैच सही है या नहीं। इसकी शुरुआत सात जून से इंग्लैंड के ओवल क्रिकेट ग्राउंड में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशीप फाइल से होगी।

## इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल फाइनल से नियम बदलेगा, दिखेंगें कई और भी बदलाव


# थर्ड अंपायर ही तय करेगा कैच हुआ या नहीं, फील्ड अंपायर नहीं देगा सॉफ्ट सिग्नल

**आइसीसी सॉफ्ट सिग्नल खत्म करने के अलावा कुछ और भी बदलाव करने जा रही है। डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान दिन का ओवर पूरा नहीं होने तक नेचुरल रोशनी में कोई दिक्कत आ रही है तो अंपायर फ्लड लाइट्स ऑन करा सकता है**

**एजेंसी**

**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) सॉफ्ट सिग्नल को खत्म करने जा रही है। यानी अब थर्ड अंपायर ही तय करेगा कि कैच सही है या नहीं। इसकी शुरूआत भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सात जून से इंग्लैंड के ओवल क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से होगी।

### क्या है? सॉफ्ट सिग्नल




मैच के दौरान ग्राउंड अंपायर अगर कोई कैच थर्ड अंपायर के पास रेफर करता था तो उसे सॉफ्ट सिग्नल के जरिए यह बताना होता था कि उसकी अपनी राय क्या है। यानी ग्राउंड अंपायर भले ही कैच को लेकर कन्फ्यूज रहता हो, लेकिन उसे थर्ड अंपायर को यह बताना होता था कि उसकी नजर में डिसीजन आउट है या नॉटआउट। ग्राउंड अंपायर ने सॉफ्ट सिग्नल में जो कहा है, उसे थर्ड अंपायर तब तक नहीं बदल सकता, जब तक उसके पास इसके लिए कन्क्लूसिव एविडेंस यानी निर्णय करने लायक सबूत न हो। यानी थर्ड अंपायर भी श्योर नहीं है कि कैच क्लीन है या नहीं, तो इस स्थिति में ग्राउंड अंपायर के सॉफ्ट सिग्नल को ही फाइनल डिसीजन मान लिया जाता था।

### क्या होगा बदलाव?

सॉफ्ट सिग्नल हमेशा से क्रिकेट विशेषज्ञों के बीच चर्चा का विषय रहा है। सौरव गांगुली की अध्यक्षता वाली आइसीसी क्रिकेट कमेटी ने इसे खत्म करने का सुझाव दिया था। अब आइसीसी ने क्रिकेट कमेटी के सुझाव को अमल में लाते हुए सॉफ्ट सिग्नल को खत्म कर दिया है। अब फील्ड अंपायर कैच का रिव्यू लेने के लिए अगर थर्ड अंपायर के पास रेफर करता है तो वह अपना सुझाव नहीं देगा। अब थर्ड अंपायर तकनीक के आधार पर रिव्यू कर खुद फैसला सुनाएगा और थर्ड अंपायर के फैसले को ही सही माना जाएगा।

### सॉफ्ट सिग्नल को लेकर कब-कब विवाद हुआ?

**इंग्लैंड-पाकिस्तान टेस्ट:** पिछले साल इंग्लैंड के पाकिस्तान दौरे पर खेले गए तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में पाकिस्तान के युवा बल्लेबाज सऊद शकील को सॉफ्ट सिग्नल के आधार पर आउट दिया गया था। इस टेस्ट में पाकिस्तान को 26 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में पाकिस्तान को दूसरी पारी में जीत के लिए 355 रन बनाने थे। सऊद शकील 213 गेंदों में 94 रन चुके थे। इंग्लैड के गेंदबाज मार्क वुड की एक गेंद पर शकील ने शॉट खेला जिसे वो सही से टाइम नहीं कर पाए। गेंद विकेटकीपर ओली पोप के पास गई। पोप ने डाइव मारते हुए गेंद को लपका और कैच की अपील की। फील्ड अंपायर ने इसे थर्ड अंपायर के पास रेफर करने के साथ ही सॉफ्ट सिग्नल में आउट दे दिया था। जब रिप्ले में इसे स्लो मोशन में देखा गया तो गेंद जमीन को छूते हुए दिखाई दी। ऐसे में यह निर्णय लेना कि पोप की उंगली गेंद के नीचे थी कि नहीं, यह काफी मुश्किल था। थर्ड अंपायर ने कहा कि उसके पास कन्क्लूसिव एविडेंस नहीं है। सॉफ्ट सिग्नल के आधार पर शकील को आउट करार दिया गया। इसके बाद सॉफ्ट सिग्नल पर सवाल उठने लगे।

**ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका टेस्ट:** इस साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका टेस्ट सीरीज के दौरान भी ऐसा देखने को मिला था। सीरीज का आखिरी मैच 4 से 8 जनवरी के बीच खेला गया था, उसमें ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को सॉफ्ट सिग्नल के तहत कैच आउट दिया गया था। लाबुशेन का कैच स्लिप में पकड़ा गया, तब कैच को लेकर डाउट था फील्ड अंपायर ने इसे सॉफ्ट सिग्नल के आधार पर आउट करार दिया था, लेकिन जब थर्ड अंपायर ने तकनीकी हेल्प से इस कैच को देखने के बाद नॉटआउट दिया तो उसके पास कन्क्लूसिव एविडेंस था। उस समय इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने भी सॉफ्ट सिग्नल को लेकर सवाल उठाए थे।

## उंटारी प्रखंड का पूर्ण विकास ही मेरा लक्ष्य : अरविंद



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत मुरमा खुर्द गांव में सौर ऊर्जा आधारित पेयजलापूर्ति योजना का सोमवार को शुभारंभ हुआ। इस योजना का निर्माण 15 वें वित मद के तहत छह लाख 17 हजार रुपये की लागत से हुआ है। इस योजना का विधिवत उद्घाटन जिला पार्षद सह वरीय भाजपा नेता अरविंद सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि अब मुरमा खुर्द गांव के लोगों को पेयजल की किल्लत से निजात मिल जायेगी। इस योजना से काफी लोग लाभावित होंगे। हमारा एक मात्र लक्ष्य उंटारी प्रखंड का पूर्ण विकास है। जिसे जानता के सहयोग व समर्थन से हासिल कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि उंटारी प्रखंड सभी शहरी सुविधा से लैस हो। यहां सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों। मौके पर कई पंचायत प्रतिनिधि सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## दुकान में लगी आग, लाखों की संपत्ति जल कर खाक

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला में महावीर चौक स्थित एक झोपड़ीनुमा होटल में आग लग गई। जिससे पूरा दुकान और उसमें रखा सामान जलकर खाक हो गया। घटना सोमवार की सुबह 9.30 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार नरेश प्रसाद गुप्ता के होटल में गैस सिलेंडर के पाईप में रिसाव होने से एकाएक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें चारों तरफ फैलने लगी। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आग बुझाने के क्रम में होटल मालिक का बेटा भी घायल हो गया। इसकी सूचना मिलने पर रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल ग्रासिम इंडस्ट्रीज से दमकल मंगवाया। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। होटल संचालक नरेश प्रसाद गुप्ता ने बताया कि आगजनी की इस घटना में लाखों का नुकसान हुआ है।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 16 मई, 2023
www.azadsipahi.in


### राजू हाड़ी सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ फिर से झामुमो में शामिल, झामुमो जिलाध्यक्ष ने कहा

# हेमंत सोरेन को दोबारा मुख्यमंत्री बनाने के लिए पुराने साथियों की घर वापसी जरूरी है : लखी सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भूली के झारखंड मोड़ के समीप झामुमो जिला कमेटी की ओर से स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के पुराने आंदोलनकारी नेता राजू हाड़ी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पुनः झामुमो में शामिल हो गए। जिलाध्यक्ष लखी सोरेन और जिला सचिव मन्नू आलम ने पुष्पगुच्छ देकर राजू हाड़ी का पार्टी में स्वागत किया। साथ ही राजू हाड़ी को सदस्यता रशीद देकर विधिवत पार्टी में शामिल कराया गया। जिलाध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा कि 2024 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में दूसरी बार भी सरकार बनानी है। इसके लिए जो भी पुराने साथी हैं, जो किसी कारणवश दूर हो गए हैं उन सभी की घर वापसी कराना हमारा लक्ष्य है, ताकि संगठन को मजबूत बनाया जा सके। वहीं, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह ने कहा कि राजू हाडी लगातार हमारे संपर्क में थे। वे हमारे पुराने एवं अनुभवी नेता हैं। उनके संगठन में वापसी से पार्टी और मजबूत होगी। इस मौके पर लखन प्रमाणिक, पूर्व जिला सचिव पवन महतो, पूर्व उपाध्यक्ष युद्देश्वर सिंह आदि उपस्थित थे।


पुराने साथी की पार्टी में वापसी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित झामुमो का जिला नेतृत्व।

# झरिया में बंद आवास में चोरों ने बोला धावा, दो लाख की संपत्ति लेकर हुए चंपत

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार/झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के सिंह नगर भूली क्वार्टर स्थित एक बंद आवास को चोरों ने रविवार की रात निशाना बनाया। चोरों ने घर की चारदीवारी फांदकर घर में प्रवेश किया और लाखों रुपये की संपत्ति लेकर चंपत हो गए। सोमवार की सुबह पीड़ित रमेश चंद्रा ने चोरी की सूचना झरिया पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। पीड़ित चंद्र ने बताया कि रविवार की शाम 6 बजे पत्नी व बच्चे को लाने के लिए चंदनक्यारी स्थित अपने गांव गया था। देर हो जाने के कारण रात में लौट नहीं पाया। उसी का फायदा उठाकर चोरों ने घर में प्रवेश कर ताला तोड़ा और लगभग 30 हजार रुपये नकद, सात चांदी के सिक्के, चांदी के दो जोड़ी पायल, सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी कान का झुमका और टीवी चोरी कर ले गए। जिसकी अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपये है। इस दिन सुबह जब वह अपने घर पहुंचे तो देखा सभी समान बिखरा पड़ा था। इसके बाद उन्होंने झरिया थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। वहीं, आस-पड़ोस के लोगों का कहना था कि आए दिन इधर चोरी की घटनाएं हो रही है। इससे लोगों में चोरों का भय है। प्रशासन से मांग है कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाएं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मारवाड़ी युवा मंच और पाटलिपुत्र अस्पताल ने संयुक्त रूप से लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



धनबाद (आजाद सिपाही)। जोड़ा फाटक रोड स्थित पाटलीपुत्र मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल (यूनिट ऑफ पाटलिपुत्र नर्सिंग होम) के 50 वर्ष पूरे होने पर इस साल की समाप्ति तक स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। साथ ही प्रत्येक माह की 15 तारीख को विभिन्न विभागों की ओर से निःशुल्क चिकित्सक परामर्श एवं जांच की जाएगी। इसी कड़ी में सोमवार को मारवाड़ी युवा मंच एवं पाटलीपुत्र अस्पताल के संयुक्त तत्वधान में यूरोलॉजी (मूत्र रोग) संबंधित कैंप आयोजित किया गया। जिसमें पाटलीपुत्र अस्पताल यूरोलॉजी विभाग के डॉक्टर डॉ प्रदीप कुमार सिन्हा एवं डॉ साकेत कुमार नारनोली द्वारा 173 मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया गया। साथ ही निःशुल्क ब्लड शुगर, हेमोग्लोबिन, थायराइड, केलोस्ट्रोल, कैल्शियम आदि की जांच की गयी। इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद विधायक राज सिन्हा भी मौजूद रहे। उन्हें आयोजकों की ओर से शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। विधायक ने कहा कि पाटलीपुत्र अस्पताल धनबाद ही नहीं पूरे देश में अपना नाम रोशन करे, ताकि मरीजों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा धनबाद में भी मिल सके। उन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में 50 वर्ष पूर्ण होने पर पाटलिपुत्र मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के पूरे परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर माड़वाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष सुनील सोनी, रोहित सरावगी एवं अन्य सहयोगी उपस्थित थे। वहीं अस्पताल के ओर से बिनोद प्रसाद गुप्ता, राजेश जगनानी, राकेश बर्णवाल, राम बाबू, साकिब हसन, पवन सिंह, देबीलाल कुम्भकार, अबुसॉद अली, अभिसेख शर्मा, तन्मय गांगुली एवं सुमित सिंह थे।

### बीएसएल के सीआरएम-3 के एसपीएम में बना नया रिकॉर्ड



बोकारो (आजाद सिपाही)। बीएसएल के सीआरएम-3 की महत्वपूर्ण इकाई स्किन पास मिल के कर्मियों ने मुख्य महाप्रबंधक (सीआरएम-3) वेद प्रकाश के नेतृत्व में अपने स्थापना के बाद से अब तक का सर्वश्रेष्ठ 14 मई-2023 को 168 इनपुट कॉइल के साथ 3650 टन का उत्पादन कर नया दैनिक रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले स्किन पास मिल के कर्मियों ने 22 जून 2019 को 141 इनपुट कॉइल के साथ 2711 टन का उत्पादन किया था। टीम स्किन पास मिल की इस उपलब्धि पर सोमवार को अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी ने सीआरएम-3 के अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उत्कृष्टता के इस क्रम को जारी रखने का संदेश दिया।

### पांच दिवसीय राधा कृष्ण वैदिक प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगरीकला में निकाली गयी भव्य कलश यात्रा



बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। पांच दिवसीय राधा कृष्ण वैदिक प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को नगरी कला शिव मंदिर से गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में कुंवारी लड़की-महिलाएं सिर पर कलश और पुरुष हाथों में धार्मिक झंडा लिए पहाड़ी धार जोड़ियां पहुंचे। जहां आचार्य पंडित जयनंदन मिश्रा ने विधि विधान के साथ मंत्रोच्चारण कर कलश में जल भरवाया। उसके बाद श्रद्धालु फिर उसी रास्ते यज्ञ मंडप पहुंचे। पंडित जयनंदन मिश्रा ने बताया यज्ञ करने से सिर्फ क्षेत्र का ही नहीं बल्कि पूरे विश्व का कल्याण होता है। यज्ञ समिति के अध्यक्ष मुखिया राजेन्द्र प्रसाद महतो ने बताया कि यह यज्ञ पांच दिवसीय है, जिसमें पांचों दिन धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया है।

### मातृ दिवस पर माताओं को किया गया सम्मानित



कतरास (आजाद सिपाही)। मातृ दिवस पर बड़ा पांडेडीह हरिना स्थित देव क्लीनिक (मातृसदन) में सहयोगी संस्था संकल्प भारत के सहयोग से सम्मान समारोह आयोजित कर बाघमारा क्षेत्र की माताओं को सम्मानित किया गया। प्रारंभ में मातृ सदन की निदैसिका संगीता सिंह ने सभी माताओं का स्वागत किया। सभी के पैर धोकर चंदन लगा, आरती कर पुष्प वर्षा की। इसके बाद माताओं के बीच कई मनोरंजक खेल और गीत-संगीत कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का संचालन लायंस क्लब बाघमारा सेंटेनियल के सचिव गोपाल सिंह ने किया। इस मौके पर लॉयन बबलू मिश्रा, चितरंजन पांडे, डॉ आर प्रसाद, पूजा कुमारी, निशा कुमारी, ज्योत्सना, खुशबू,गायत्री ,सुमन, रानी, सितोली , बलूण, अंजू, ममता कुमारी आदि उपस्थित थीं।

# आइटीआइ अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं के रोजगार को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

### बीसीसीएल प्रबंधन के आश्वासन पर 174 दिनों से जारी आंदोलन समाप्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** रोजगार की मांगों को लेकर 174 दिनों से आंदोलन कर रहे आईटीआई अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं को रोजगार दिलाने की मांग को लेकर सोमवार को धनबाद जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अगुवाई में कोयला भवन के गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस के उग्र आंदोलन को देखते हुए प्रबंधन ने भारी मात्रा में सीआइएसएफ जवानों को तैनात किया था। इस दौरान कांग्रेसी नेता-कार्यकर्ताओं और सीआइएसएफ जवानों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। मामला बिगड़ते देख बीसीसीएल डीपी ने आंदोलनकारियों को वार्ता के लिए बुलाया। जिसमें बीसीसीएल के निदेशक कार्मिक मुरली कृष्ण रमैया, महाप्रबंधक कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध विद्युत साहा, महाप्रबंधक सुरक्षा एमएस पांडे, वरीय प्रबंधक सुबोध कुमार सिंह, प्रबंधक माधुरी सिंह, डीपीटीएस पाण्डेय साहब आदि मौजूद थे। वार्ता के क्रम में जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि लगातार 174 दिनों से रोजगार की मांगों को लेकर आईटीआई अप्रेंटिस प्रशिक्षु आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस पर प्रबंधन ने सभी आंदोलनरत प्रशिक्षुओं को बीसीसीएल में चल रहे सभी 14 आउटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार देने का आश्वासन दिया। साथ ही सभी आंदोलनरत प्रशिक्षुओं को अपनी विस्तृत सूची संतोष कुमार सिंह को अविलंब सौंपने का निर्देश दिया। इसके बाद संतोष सिंह ने आंदोलन पर बैठे प्रशिक्षित अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं से धरना-प्रदर्शन स्थगित करने का आग्रह किया। जिस पर आंदोलनरत युवाओं ने आंदोलन समाप्त कर दिया। वहीं, जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि बीसीसीएल के अधिकारी एस बार वादाखिलाफी करेंगें तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। मौके पर झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज, जिला उपाध्यक्ष नवनीत नीरज, संतोष कुमार, गोपाल कृष्ण चौधरी, सूरज कुमार झा, याजुद्दीन अंसारी, सुनील गुप्ता, मकसूद अंसारी, अरविंद सैनी, सूरज वर्मा, पप्पू सिंह, मनोज कुमार हाड़ी, अनूप सिंह उर्फ डेविड, गौतम पासवान, शाहरुख साहब, जितेंद्र, अनुपम, अखिलेश, औरंगजेब, संजय, रोशन, शिवा आदि मौजूद थे।

### राज्य स्तरीय शब्द प्रतियोगिता में पांचवां स्थान पानेवाला आदित्य सम्मानित



**कतरास (आजाद सिपाही)।** राज्य स्तरीय शब्द प्रतियोगिता में कतरास के आदित्य राज द्वारा झारखंड में पांचवा स्थान प्राप्त करने पर कतरास गढ़ स्थित एसएमसी विद्यालय प्रबंधन की ओर से समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक युधिष्ठिर रजक, शिक्षक दिलीप दास एवं स्कूल के अध्यक्ष संतोष ठाकुर सहित डॉ स्वतंत्र व डॉक्टर मधुबाला ने आदित्य को पुरस्कृत कर हौसला बढ़ाया। शिक्षक दिलीप कुमार दास ने कहा कि एक गुरु के लिए वही गौरव का पल होता हैं जब उसका शिष्य किसी प्रतियोगिता में सफलता का परचम लहराता है। बतातें चले कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय शब्द प्रतियोगिता में कतरास बाजार के आदित्य राज सिन्हा (पंचम वर्ग) कोयलांचल का मान बढ़ते हुए पांचवा स्थान प्राप्त किया था।

### सीएसआइआर-सिंफर में आयोजित हुआ स्वच्छता पखवाड़ा का समापन समारोह

# स्वच्छता हमारी पहली प्राथमिकता : अरविंद मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** सीएसआइआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान के बरवा रोड स्थित सभागार में सोमवार अपराह्न तीन बजे स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रो अरविंद कुमार मिश्रा ने किया। इस मौके पर धनबाद नगर निगम के सिटी मैनेजर कुणाल कुमार सिंह, संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक जेके सिंह, प्रशासन नियंत्रक आलोक शर्मा एवं अनुभाग अधिकारी राकेश कुमार उपस्थित थे। प्रशासन नियंत्रक आलोक शर्मा ने उपस्थित वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, बच्चों एवं उनके अभिभावकों का स्वागत करते हुए एक से 12 मई तक चलने वाले इस स्वच्छता पखवाड़े का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। साथ ही स्वच्छता का अर्थ भी विस्तारपूर्वक समझाया। निदेशक प्रो अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता ही हमारी पहली प्राथमिकता है। स्वच्छता की शुरूआत अपने घर से होती है। जब हम अपने आप को स्वच्छ रखेंगे तभी हमारा स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा और हमारा समाज एवं देश भी स्वच्छ हो पाएगा। उन्होंने कहा कि जहां स्वच्छता है, वहां भगवान भी प्रकट होते हैं। कहा कि विदेशों जैसी सौंदर्य हमारे देश में भी मौजूद है। केवल मात्र स्वच्छता की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। वहीं, नगर निगम के सिटी मैनेजर कुणाल कुमार सिंह ने दो अलग-अलग कचरे को रखने एवं उसे डिस्पोज करने के तरीके को विस्तार से समझाया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दो अक्टूबर, 2014 स्वच्छ भारत मिशन अभियान के बाद से हम सभी साफ-सफाई के प्रति पहले की अपेक्षा अधिक जागरूक हुए हैं। जीवन में सफाई के महत्व को बताते हुए कहा कि साफ-सफाई का ध्यान न रखने पर अनेक प्रकार की बीमारियों से हम ग्रस्त हो सकते हैं। यहां तक कि कभी नुकसान का भी सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान मंचासीन लोगों ने पुरस्कार वितरण कर पुरस्कार विजेताओं की हौसला अफजाई की। वैज्ञानिक जेके सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया, जबकि राकेश कुमार ने मंच का संचालन किया।


**रॉंची समाहरणालय, रॉंची (जिला भू-अर्जन शाखा)**
www.dlaoranchi.in
dlaoranchi@gmail.com, dlaoranchi@rediffmail.com

**ग्राम सभा**

**ईटकी पावर हाउस–डारहाटांड–झींझरी–टाटकुन्डों पथ की चौड़ीकरण एवं मजबुतिकरण कार्य (कुल रकबा–12.887 एकड़) पुर्नजीवित परियोजना** अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रॉंची द्वारा भूमि अधिग्रहण हेतु अधियाचना प्राप्त है। प्राप्त अधियाचना के आलोक में ग्रामसभा का आयोजन दिनांक–20.05.2023 को अपराह्न 12.30 बजे प्रखण्ड–सह–अंचल कार्यालय, ईटकी में किया गया है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

| दिनांक | समय | संबंधित मौजा का नाम | ग्राम सभा का आयोजन स्थल |
|---|---|---|---|
| 20/05/2023 | 12.30 अपराह्न | ईटकी, ठाकुरगॉंव, टाटकुन्डों एवं झींझरी | प्रखण्ड–सह–अंचल कार्यालय ईटकी |

अतः संबंधित मौजों के भू–धारियों को सूचित किया जाता है कि सभी संबंधित कागजातों के साथ खतियान/डीड, लगान रसीद (अद्यतन), परिचय–पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। ह०/–

PR297404 (Land Reforms)23-24*D
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी रॉंची

**कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/ 03/2023-24 Date – 15.05.2023

कार्य का विवरण–

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (INR) | अग्रधन की राशि (INR) | निविदा शुल्क (INR) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DEVELOPMENT OF BOULDER PITCHING ALONG THE PERIMETER OF TRAPEZOIDAL SHAPED CUTTING (CANAL) AND DEEPENING OF POND AT JHARNAKUND DHAM UNDER JHUMRITELAIYA NAGAR PARISHAD. | 2421800.00 | 48500.00 | 5000.00 | 120 दिन |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 23.05.2023 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 31.05.2023 अपराहन 5.00 बजे।
4. हार्ड कॉपी में निविदा प्राप्ति की तिथि : 01.06.2023 अपराहन 4.00 बजे स्थान कार्यालय नगर परिषद झुमरी तिलैया
5 निविदा खोलने की तिथि : 01.06.2023 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7004716767, 9798062988
7. नगर विकास एवं आवास विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
8. अग्रधन की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट ही केवल मान्य होगा।

नोट :– केवल ई–निविदा ही मान्य होगा।
विशेष जानकारी वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
उक्त योजना वन प्रक्षेत्र के अन्तर्गत आने के परिस्थिति में वन प्रमण्डल कोडरमा से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त होने के उपरांत ही योजना का क्रियान्वयन कराया जायगा।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 297439 Urban Development(23-24)#D

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (भूमि संरक्षण निदेशालय)**
**झारखण्ड, रॉंची**
**कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, बुण्डू**

**वित्तीय वर्ष 2023–24 में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण के लिए ''जलनिधि'' नामक उपयोजना**

झारखण्ड राज्य योजनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने, बहुफसलीय कृषि के विकास, मानसून पर कृषकों की निर्भरता कम करने हेतु विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समुचित व्यवस्था हेतु डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण हेतु ''जलनिधि'' नामक उपयोजना वित्तीय वर्ष 2015–16 से प्रारंभ की गयी है। जिससे कृषि योग्य भूमि को सिंचित और बहुफसलीय कृषि को बढ़ावा दिया जा सके।

योजना का स्वरूप

(I) डीप बोरिंग की योजना

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य | अनुमानित योजना लागत प्रति ईकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| योजना अन्तर्गत 6 ईंच Diameter deep boring submersible pump 1.5 H.P, आवश्यक Accessories एवं संस्थापन (Installation) के साथ | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 20 | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

(II) परकोलेशन टैंक (मध्यम एवं निचले खेत में तालाब) की योजना

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य | अनुमानित योजना लागत प्रति ईकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| Length of Percolation Tank – 120 ft. Width of Percolation Tank – 100 ft. Depth of Percolation Tank – 12 ft. Length of Bound – 370 ft Side Slope – 1:1 | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 50 | 4.30 लाख | 90 प्रतिशत (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत (0.43 लाख) |

डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के लिए आवदेन–पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 23.05.2023 है।

कृषक/संस्था का चयन

(i) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमांत कृषक/महिला कृषकों/इच्छुक कृषकों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा एवं पूर्व में जमा किये हुए आवेदन–पत्र एंव जिनके द्वारा पूर्व में पानी पंचायत का गठन कर कृषक अंशदान की राशि खाते में जमा करा दी गयी उनको प्रथमिकता दी जायेगी।
(ii) जिन कृषकों को पूर्व में डीप बोरिंग, सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है, उनकी पात्रता ''जलनिधि योजना'' के लिए मान्य नहीं होगी।
(iii) योजना के कार्यान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी एवं ग्राम सभा द्वारा चयनित योजनाओं तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।

आवेदन की प्राप्ति

(i) भूमि संरक्षण पदाधिकारी, बुण्डू, जिला – रॉंची के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र–I में आवेदन प्राप्त किया जाएगा।
(ii) आवेदन–पत्र भूमि संरक्षण पदाधिकारी, बुण्डू के कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ भूमि संरक्षण कार्यालय, बुण्डू में जमा लिया जायेगा।

1. संबंधित योजना ग्राम–सभा में पारित होनी चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित।
2. पानी–पंचायत गठित कर, रजिस्टर की छायाप्रति (क्षेत्रीय कर्मचारी/पदाधिकारी की उपस्थिति में) एवं पानी–पंचायत के गठन की फोटोग्राफी।
3. पानी–पंचायत का राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खोलकर कृषक–अंशदान की राशि के साथ बचत खाता की छायाप्रति। (चयनित अध्यक्ष एवं सचिव का संयुक्त खाता)
4. लाभान्वित कृषकों की सूची विहित प्रपत्र में। (मूल प्रति)
5. गाँव के नक्शे पर संबंधित योजना को चिन्हित कर नक्शे की छायाप्रति।
6. जमीन का अद्यतन रसीद एवं पहचान–पत्र।

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पत्ते पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यालय का पता – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, बुण्डू
व्लॉक मोड़ बुण्डू

भूमि संरक्षण पदाधिकारी, बुण्डू

PR.NO.297430 Agriculture(23-24):D

## जी 20 की दूसरी संस्कृति समूह की बैठक के लिए प्रतिनिधि ओड़िशा पहुंचे

# पद्मश्री सुदर्शन पटनायक की 'कल्चर यूनाइट्स ऑल' रेत कला प्रदर्शनी का किया गया उद्घाटन

**इस तरह का आयोजन एक-दूसरे से जुड़े समुदायों का निर्माण करता है: जी किशन रेड्डी**




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जी 20 सदस्यों, अतिथि राष्ट्रों और कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि दूसरी जी 20 संस्कृति कार्य समूह (सीडब्ल्यूजी) की बैठक के लिए सोमवार को भुवनेश्वर पहुंचे। इस बैठक का उद्देश्य फरवरी में खजुराहो में आयोजित की गयी पहली बैठक और सीडब्ल्यूजी के विशेषज्ञ-संचालित वैश्विक विषयगत वेबिनार के चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श करना है। केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री जी किशन रेड्डी ने मीडिया से बातचीत में भारत की जी 20 अध्यक्षता की 'वसुधैव कुटुंबकम' और एलआइएफइ- पर्यावरण के लिए जीवन शैली की अनूठी थीम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्कृति कार्य समूह के चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर सत्रों का आयोजन होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम, संयुक्त विरासत संरक्षण परियोजनाओं और अंतर-सांस्कृतिक संवाद जैसी सहयोगी पहलों पर भी चर्चा होगी, जो हमारे संबंधों को मजबूत कर सकती हैं और अधिक स्वीकार्य एवं परस्पर जुड़े समुदायों का निर्माण कर सकती हैं। संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव और जी 20 सीडब्ल्यूजी की सह-अध्यक्ष लिली पांडेय ने हमारे राष्ट्रों को एकजुट करने वाली सहयोगात्मक शक्ति पर चर्चा की, जिसका दोहन करने के लिए जी 20 सदस्य, अतिथि राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय संगठन इसको धारण करने के साथ-साथ वैश्विक एकजुटता की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। इससे पहले पुरी समुद्र तट पर पद्मश्री सुदर्शन पटनायक द्वारा एक उत्कृष्ट रेत कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। दोनों केंद्रीय मंत्रियों 'कल्चर यूनाइट्स ऑल' अर्थात 'संस्कृति सभी को एकजुट करती है' विषय पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी 16 से 22 मई तक जनता के लिए खुली रहेगी। इसके अलावा प्रतिनिधियों को शिल्प चिकित्सकों द्वारा मास्टर क्लास, पारंपरिक कला में शामिल होने और एक निर्देशित संग्रहालय की यात्रा करने का भी अवसर मिलेगा। भुवनेश्वर में अगले दो दिनों तक चर्चा के बाद तीसरी सीडब्ल्यूजी बैठक 15-18 जुलाई को हंपी में आयोजित की जायेगी और संस्कृति मंत्रियों की बैठक अगस्त 2023 के अंत से वाराणसी में होगी।

# नवनिर्वाचित विधायक दीपाली दास ने शपथ ली

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और दिवंगत बीजेडी नेता नबदास की बेटी दीपाली दास ने सोमवार को विधायिका पद की शपथ ली। डिप्टी स्पीकर रजनीकांत सिंह ने दीपाली को शपथ दिलायी। शपथ लेने के बाद दीपाली ने कहा कि उन्होंने झारसुगुड़ा के लोगों के लिए खुद को पूरी तरह से समर्पित कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के प्रति निष्ठा से काम करेंगी। मैं अपने पिता के सिद्धांतों और आदर्शों और मुख्यमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में काम करूंगी। मैं झारसुगुड़ा के विकास के उनके पिता के सपने को पूरा करूंगी। हालांकि वह शपथ लेने के लिए सुबह 10:30 बजे विधानसभा पहुंची। उनके भाई, भाभी और मां भी विधानसभा में पहुंचे थे।

# सम अस्पताल में मना राष्ट्रीय फोरेंसिक मेडिसिन दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) द्वारा संचालित चिकित्सा विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल में 'राष्ट्रीय फोरेंसिक मेडिसिन दिवस' मनाया गया। एक सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम ने शुक्रवार को चर्चा की कि कैसे फोरेंसिक दवा आम जनता की मदद कर सकती है। आईएमएस एंड सम हॉस्पिटल के एफएम एंड टी विभाग द्वारा आयोजित एक स्वास्थ्य कार्यक्रम में मेडिकल छात्रों को मेडिकल छात्रों को पूर्व-अवधारणा और पूर्व-प्रसव निदान तकनीकों के बहुआयामी पहलुओं पर परामर्श दिया गया था। राज्य चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण निदेशक (डीएमइटी) प्रो (डॉ) सच्चिदानंद महांति मुख्य अतिथि थे और एडिशनल डीएमईटी प्रोफेसर (डॉ) ब्रज किशोर दास विशिष्ट अतिथि थे।

आईएमएस एवं सम अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. पुष्पराज सामंतसिंहार एवं एफएम एंड टी विभाग के प्रमुख प्रो (डॉ) कुनाल मिश्र ने प्रमुख पीसी एवं पीएनडीटी-एक्ट पर अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में डॉ पूर्वी महांति ने पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट पर एक परिचयात्मक वार्ता प्रस्तुत की। डॉ रचिता प्रवालिना ने महिला और मातृत्व और पीसी और पीएनडीटी-अधिनियम पर विचार किया। डॉ प्रीतम कुमार लेंका और डॉ बिकास चंद्र नायक, सभी एफएम और टी विभाग से, डॉ आद्या किंकर पंडा रेडियोडायग्नोसिस विभाग से, डॉ जे बिक्रांत कुमार प्रुस्टी बाल रोग विभाग से और डॉ राकेश महांति विभाग से मनोरोग ने भी बात की। डॉ मोहन कुमार हांसदा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धि पत्र 03**

ई.निविदा सं. : पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईपीसी–01–23–24 दो पैकेट सिस्टम

कार्य का नाम : प्रधानखुंटा स्टेशन से सिंदरी ब्लॉक हट स्टेशन– 11.602 किमी {चैनेज–1.850 किमी से 13.452 किमी} के बीच प्रधानखूंटा स्टेशन, राखितपुर स्टेशन और सिंदरी ब्लॉक हट स्टेशन के इंटरलॉकिंग से संबंधित कार्यों को छोड़कर, बीजी रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण चालू करने के लिए इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) के तहत कार्य जिसमें साइड ड्रेन, रिटेनिंग वॉल और सुरक्षा कार्य, माइनर ब्रिज, एलएचएस, लेवल क्रॉसिंग, पी–वे वर्क, इलेक्ट्रिकल टीआरडी (2x25KV) और सामान्य ओएचई (एचटी/एलटी) उल्लंघन सहित इलेक्ट्रिक सामान्य कार्य शामिल हैं।

प्रशासनिक कारणों से निम्नलिखित में संशोधन किया गया है– 1. प्री–बिड कॉन्फ्रेंस (तिथि 27.04.23) के दौरान उठाए गए प्रश्नों के उत्तर 11.05.2023 के स्थान पर 22.05.23 को अपलोड होगा। 2. निविदा बंद होने की परिवर्तित तिथि एवं समय 08.06.23 12.00 बजे के जगह पर 22.06.23 को 12.00 बजे होगा। 3. निविदा खोलने की परिवर्तित तिथि एवं समय 15.06.23 को 12.00 बजे के जगह पर 30.06.23 को 12.00 बजे होगा।

ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। द्रष्टव्य : निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/00320/सीओएन/अभि./सी/23–24/52

# सोआ को नयी दिल्ली में 'शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता' से सम्मानित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसन्धान (सोआ) डीम्ड यूनिवर्सिटी को शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित एचआर इंडिया नेशनल एचआर कॉन्फ्रेंस में 'एक्सीलेंस इन एजुकेशन' अवार्ड से सम्मानित किया गया। सोआ संस्थापक अध्यक्ष के विशेष कार्य अधिकारी श्री प्रीतम नायक ने विश्वविद्यालय की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया। यह पुरस्कार उच्च शिक्षा में अभिनव कार्य के क्षेत्र में अकादमिक उत्कृष्टता और उत्कृष्ट उपलब्धियों की पहचान के लिए दिया जाता है। विश्वविद्यालय अनुसंधान और छात्रवृत्ति के क्षेत्र में छात्रों को बहुत सहायता, समर्थन और प्रोत्साहन प्रदान करता रहा है। वास्तविकता, महाभारत से नेतृत्व के सबक और आध्यात्मिक बुद्धिमत्ता को समझना पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में लगभग 200 एचआर लीडर्स और विभिन्न प्रतिष्ठित कॉरपोरेट्स और उद्योगों के व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम नई दिल्ली प्रबंधन संस्थान में शुरू किया गया था। बंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के डिजाइनर सुधांशु मणि, चिन्मय मिशन के स्वामी चिद्रुपानंद, प्रमुख उद्योगपति प्रदीप महांति, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ सुनीता पचार को हार्ट सेंटर्स सम्मान दिया गया। इसी तरह, अक्विल बुसराई को कंसल्टिंग के सीइओ डॉ एक्विल बसराय को आइकॉनिक एचआर लीडर और मेंटर के रूप में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के पूर्व मानव संसाधन निदेशक रंजन महापात्र, एनडीआइएम अध्यक्ष वीएम बंसल के साथ एचआर इंडिया फोरम के अध्यक्ष और ग्लोबल एचआर फोरम के सलाहकार समर महापात्र, चित्र कला और शिल्पकार पुष्पा साहू और आध्यात्मिक शिक्षक वीपी सिंह ने सामिल होकर वक्तव्य रखे।



# महिला पुलिस कर्मियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कर्तव्य के दौरान महिला पुलिस कर्मियों को कई चुनौतियों का साम्ना करना पड़ रहा है। इन पुलिस कर्मियों के मुताविक कहीं पर उनके लिए स्वतन्त्र व स्वच्छ शैचालय नहीं है तो कहीं पर उन्हे जरूरत के वक्त घर जाने की छूट्टी नहीं मिल रही है। छत्तीसगढ़ की 67.5 प्रतिशत महिला पुलिस कर्मियों ने कहा कि पुलिस थानों /चौकियों /ट्रैफिक चौकियों के पास स्वच्छ शौचालय उपलब्ध नहीं है। सीएसएनआर भुवनेश्वर का एक शोधकर्ता संगठन है, जिसे संयुक्त राष्ट्र की ईसीओएसओसी की ओर से एक विशेष सलाहकार का दर्जा दिया गया है। यह संगठन मानवाधिकार आधारित, जवाबदेह पुलिस कार्य प्रणाली स्थापित करने की दिशा में काम कर रहा है। सीएसएनआर ने हाल ही में देश के चार राज्यों बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा में महिला पुलिसकर्मियों की चुनौतियों पर एक अध्ययन किया। यह अध्ययन विभिन्न विश्वसनीय स्त्रातों से प्राप्त जानकारी और पुलिस अधिकारियों के साथ व्यक्तिगत साक्षातकार के विश्लेषण के माध्यम से किया गया था। सीएसएनआर की ओर से 13 तारीख को रायपुर के माना स्थित पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय (पीटीएस) में इस पर तैयार किया गया एक रिपोर्ट का उन्मोचन हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष व सेवानिवृत्त आइपीएस अधिकारी गिरिधारी नायक, राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक, पुलिस एआइजी रचा मिश्र, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय के एसपी डा इरफान ऊल रहिम खान, आइपीएस, एएसपी चंचल तिवारी आदी कई पुलिस अधिकारी व प्रशिक्षु उपस्थित थे।































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**